सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 28 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 21, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 776 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में जारी गिरावट थम गयी। कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से सेंसेक्स में 776 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 228 अंक के लाभ में रहा। } 10

सीआरपीएफ ने देश को हमेशा ऊपर रखा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने से लेकर मुश्किल हालात में नागरिकों की सेवा करने तक, इस बल के जवानों ने हमेशा देश को सबसे ऊपर रखा है। } 12

संक्षेप

सिएटल : फूड फेस्टिवल में गोलीबारी, तीन की मौत

सिएटल। अमेरिका के सिएटल शहर स्थित ऐतिहासिक टावर स्पेस नीडल के पास रविवार शाम आयोजित एक फूड फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और एक बच्चा समेत चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य की तलाश जारी है। जांचकर्ताओं का मानना है कि दोनों संदिग्ध रविवार को एक-दूसरे पर गोली चला रहे थे। हालांकि, एक संदिग्ध अब भी फरार है, लेकिन सिएटल पुलिस के सहायक प्रमुख टाइरोन डेविस ने रविवार रात संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फिलहाल आम लोगों के लिए कोई खतरा नहीं है।

एके-47 से गोली चलाने वाला कांस्टेबल सस्पेंड

पटना। बिहार के सीवान जिले में 25 जुलाई को छात्र आंदोलन के दौरान कथित तौर पर एके-47 राइफल का इस्तेमाल करने वाले पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो के प्रसारित होने के बाद हुई है जिसमें पुलिस कांस्टेबल छात्र प्रदर्शन के दौरान एके-47 राइफल का इस्तेमाल करता दिखाई दे रहा है। सीवान के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पूरण कुमार झा ने कहा वीडियो में दिखाई दे रहा कांस्टेबल जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) में तैनात है जिसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। हालांकि, उन्होंने कांस्टेबल की पहचान जारी नहीं की है। झा ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि प्रदर्शन के दौरान कांस्टेबल ने किन परिस्थितियों में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल को गोली नहीं चलाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे।

वरिष्ठ लेखा परीक्षक घूस लेते गिरफ्तार

फतेहपुर। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में प्रयागराज भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने सोमवार को स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के वरिष्ठ लेखा परीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। फतेहपुर के नई बस्ती चौड़ाखरे निवासी अभय प्रताप सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि बुढ़वन इंटर कॉलेज की भूमि अधिग्रहण से मिली धनराशि से कराए गए निर्माण कार्य के ऑडिट में रिपोर्ट लगाने के लिए वरिष्ठ लेखा परीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह 1.60 लाख रुपये की रिश्वत मांगी हैं। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद प्रयागराज एंटी करप्शन ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

गुरु रविदास की जयंती पर भाजपा चलायेगी सात माह का अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर सात महीने तक चलने वाले देशव्यापी अभियान की सोमवार को घोषणा की।

पार्टी ने कहा कि वह सामाजिक समरसता का उनका संदेश देश के हर गांव तक पहुंचाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने जयंती वर्ष को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह अभियान 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा से शुरू होकर 20 फरवरी, 2027 तक चलेगा। उन्होंने कहा 650वीं जयंती समारोह के तहत पहला कार्यक्रम 28 जुलाई को होगा, जब वाराणसी स्थित गुरु रविदास जी जन्मस्थली की मिट्टी से भरे 131 कलशों का पूजन किया जाएगा। 29 जुलाई को पूजन के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि इन पवित्र कलशों को भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता रवाना करेंगे। चुघ ने कहा गुरु पूर्णिमा से शुरू होकर गुरु रविदास जयंती तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से गुरु रविदास जी के बेगमपुरा दर्शन और सामाजिक समरसता का संदेश देश के हर गांव और हर घर तक ...शेष पृष्ठ 10 पर

हर उचित समस्या का निष्पक्षता से करायेंगे समाधान : योगी

मुख्यमंत्री ने बच्चों से पढ़ाई और रुचि के बारे में पूछा, बोले- अपने अंदर की कला को भी निखारें

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह ह्यजनता दर्शन किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक व्यक्ति से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यहां आए लोगों से कहा कि आप परेशान कतई न हों, सरकार हर उचित समस्या का निष्पक्ष समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी बातचीत की, उनकी पढ़ाई और रूचि के बारे में भी जाना, फिर सभी को चॉकलेट भी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं-शिकायतें सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि परेशान न हों, सबकी उचित समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां आईं शिकायतों का निस्तारण और समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराया जाए। मुख्यमंत्री जनता दर्शनह्ल में आए फरियादियों के पास पहुंचे और एक-एक कर उनके प्रार्थना पत्र लेते हुए शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा-परेशान न हों, सबकी उचित समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने पास में खड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां आईं शिकायतों का निस्तारण और समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराया जाए। अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी का निस्तारण निष्पक्ष और समयबद्ध होना चाहिए। अपराध व जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही इलाज के लिए आर्थिक मदद से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर उन्होंने अस्पतालों के एस्टिमेट की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने को कहा। सीएम ने लोगों को आश्वस्त किया कि एस्टिमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को दुलारा, उनसे पढ़ाई और रुचि के बारे में भी पूछा, फिर चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। इसके साथ ही किसी अन्य विधा (खेल, गीत-संगीत, कला, नाट्य) आदि में भी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भीतर की कला को निखारें।

लोस में प्रश्नपत्र लीक निरोधक विधेयक पेश

❍ अधिकतम 10 साल तक कारावास व 50 लाख जुर्माने सजा का प्रावधान ❍ आज हो सकती है चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के विषय पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कड़े प्रावधान वाला संशोधन विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया। नीट प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे को लेकर लोकसभा में जारी गतिरोध दूर करने पर सोमवार को सहमति बन गई और मंगलवार को सदन में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर सभी प्रमुख राजनीतिक दल मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2026 पर चर्चा करने के लिए सहमत हो गए हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि चर्चा के लिए कम से कम छह घंटे का समय निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 सदन में पेश किया। विधेयक के प्रावधानों के तहत परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने या अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कम से कम पांच साल और अधिकतम 10 साल तक के कारावास तथा 50 लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन से संबंधित इस विधेयक में, संगठित अपराध के मामलों में कम से कम सात साल के कारावास और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। बिरला ने सोमवार को सदन की कार्यवाही के दौरान सभी दलों से विधेयक पर चर्चा शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा यह हमारे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य, उनकी मेहनत और उनकी आकांक्षाओं से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक है। प्रश्नपत्र लीक जैसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और दोषियों के खिलाफ कठोर दंड का प्रावधान कर करोड़ों युवाओं के हितों की रक्षा की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सत्तापक्ष और विपक्ष को सहमति बनाने के लिए शाम पांच बजे तक का समय देते हुए कहा था कि इसके बाद विधेयक पर चर्चा शुरू की जा सकती है। बिरला ने कहा कि वह विधेयक पर चर्चा के लिए छह घंटे का समय देने को तैयार ...शेष पृष्ठ 10 पर



छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर रास में हंगामा

नयी दिल्ली। नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्वाई मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक सोमवार को चार बार के स्थगन के बाद शाम पांच बज कर पंद्रह मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्यकाल, प्रश्नकाल और अन्य विधायी कामकाज नहीं हो पाया। चार बार के स्थगन के बाद शाम सवा पांच बजे बैठक शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्वाई के मुद्दे पर गृह मंत्री के बयान की मांग करते हुए हंगामा शुरु कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने कार्य मंत्रणा समिति में राष्ट्र गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक 2026 पर चर्चा करने पर सहमति जताई थी। लेकिन अब इस पर आप चर्चा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सदन में मौजूद हैं। आप वरिष्ठ सदस्य हैं। आप अपनी पार्टी के सदस्यों को समझाइये जो हंगामा कर रहे हैं। बाहर जा कर आप कहते हैं कि हमें सदन में बोलने नहीं दिया जाता। लेकिन यहां आपसे हम अनुरोध कर रहे हैं फिर भी आप चर्चा में हिस्सा नहीं ले रहे। खरगे ने कहा हम सदन में चर्चा ...शेष पृष्ठ 10 पर

वाराणसी : शिक्षिका ने मासूम से की बर्बरता

वाराणसी (उप्र)। वाराणसी के पांडेपुर में एक निजी स्कूल में पांच साल के एक बच्चे के पैंट में पेशाब कर देने से नाराज एक शिक्षिका ने उसके निजी अंगै को कथित तौर पर गर्म चाकू से जला दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक शिक्षिका, स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अधिवक्ता केसरी जायसवाल ने बताया कि एक प्ले स्कूल में नर्सरी का छात्र उनका पांच वर्षीय बेटा सरीन 24 जुलाई को रोज की तरह स्कूल गया था एवं घर लौटने पर उसने अपने निजी अंग में दर्द की शिकायत की तथा जब मां ने जांच की तो छाले पड़े मिले। उन्होंने कहा कि पूछने पर बच्चों ने बताया कि बाथरूम जाने के लिए सरीन ने शिक्षिका प्रीति कुशवाहा से अनुमति मांगी थी, लेकिन मना कर दिया गया। जायसवाल के अनुसार इसके बाद बच्चे ने पैंट में ही पेशाब कर दिया, जिससे गुस्साई शिक्षिका उसे दूसरे कमरे में ले गई और वहां गैस चूल्हे पर चाकू गर्म कर बच्चे के निजी अंग को जला दिया। जायसवाल ने बताया कि 25 जुलाई को वह पत्नी और बच्चे के साथ स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन से ...शेष पृष्ठ 10 पर

शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार संविधान प्रदत्त

पुलिस की ज्यादती उचित नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार संविधान प्रदत्त है और किसी आंदोलन का हवाला देकर पुलिस की ज्यादतियों या लाठीचार्ज को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि वह मंगलवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी जिनमें देश भर में नीट प्रश्नपत्र लीक और अन्य परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में छात्रों के खिलाफ पुलिस की ज्यादतियों का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा पीठ विरोध-प्रदर्शन के दौरान जिन पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ था, उनके परिवार के कुछ सदस्यों की ओर से दायर एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करने को तैयार हो गई। इस याचिका पर दूसरी सूचीबद्ध याचिकाओं के साथ ही सुनवाई की जाएगी। कॉजपा ने 20 जुलाई को संसद चलो मार्च निकाला था और संसद की ओर बढ़ने के दौरान प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाकर्मियों से झड़प हो गई थी और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंजियों द्वारा ...शेष पृष्ठ 10 पर



चढ़ावा चोरी : एसआईटी का होगा विस्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक किरण एस की अध्यक्षता में चार सदस्यों वाली एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाई है। उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार से एसआईटी में पांचवें सदस्य के तौर पर एक फॉरेंसिक ऑडिटर शामिल करने को कहा, जो दो हफ्ते के अंदर पहली स्थिति रिपोर्ट सौंपेगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के सुझाव के बाद 25 जुलाई को जारी एक अधिसूचना के ज़रिए एसआईटी का गठन किया गया है। विधि अधिकारी ने कहा कि एसआईटी में पुलिस महानिरीक्षक के अलावा, उपमहानिरीक्षक रैंक के एक अधिकारी, एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी शामिल होंगे। पीठ ने कहा कि एसआईटी को अपनी रिपोर्ट देने दें। इसने सुनवाई दो हफ्ते के लिए टालते हुए कहा, पारदर्शिता ...शेष पृष्ठ 10 पर

राष्ट्र की प्रगति का आधार है युवा शक्ति

सीएम धामी ने रुड़की के प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों को सराहा

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक आधार उसकी युवा शक्ति होती है। आज के विद्यार्थी ही आने वाले भारत की दिशा और दशा तय करेंगे। इसलिए जरूरी है कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, परिश्रम, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी मिले। उन्होंने कहा कि जब युवा आधुनिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता के साथ अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहेंगे, तभी विकसित भारत के साथ विश्वगुरु भारत का संकल्प साकार हो सकेगा।

मुख्यमंत्री रुड़की में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान, उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान केवल ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ 93.42% छात्र पास, बेटियों ने लहराया परचम (पृष्ठ-02)
❍ गुरु पूर्णिमा पर शिष्य व गुरु की भूमिका में दिखेंगे योगी (पृष्ठ-02)
❍ कच्चे तेल में गिरावट से रुपया 61 पैसे मजबूत (पृष्ठ-10)
❍ चार करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल (पृष्ठ-10)
❍ निवेशकों की संपत्ति 5.10 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — उत्तर प्रदेश ने हासिल किया संयुक्त राष्ट्र का छठवां सतत विकास लक्ष्य, अतिदोहित विकासखंड की संख्या 82 से घटकर 44

जल प्रबंधन में यूपी की बड़ी छलांग, हासिल किया वैश्विक लक्ष्य

विशेष संवाददाता

लखनऊ। कभी जल संकट और गिरते भूजल स्तर की चुनौती से जूझने वाला उत्तर प्रदेश आज जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया गया।

इसी क्रम में यूपी, संयुक्त राष्ट्र के छठवें सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-6) को हासिल कर चुका है। यूपी में जल दोहन की दर 2017 के 71.26 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत हो गई है, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य का मानक है। यह उपलब्धि जल संरक्षण के लिए सम्मलित प्रयासों से मिली है। भूजल गर्भ विभाग निदेशक डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि भूजल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन, आधुनिक तकनीक के सम्मलित प्रयासों ने प्रदेश को जल सरंक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धियां दिलाई हैं। प्रदेश सरकार और विभाग के प्रयासों का सबसे बड़ा परिणाम भूजल पुनर्भरण में वृद्धि के रूप में सामने आया है। वर्ष 2017 में प्रदेश का वार्षिक भूजल रिचार्ज 69.91 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) था, जो वर्ष 2025 तक बढ़कर 73.39 बीसीएम हो गया। वहीं भूजल दोहन की दर 71.26 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिससे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-6) को प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश सफल रहा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल संरक्षण अभियानों का असर अतिदोहित क्षेत्रों में भी दिखाई पड़ा। वर्ष 2017 में प्रदेश में 82 अतिदोहित विकासखंड थे, जिनकी संख्या घटकर 44 रह गई। वहीं सुरक्षित श्रेणी के विकासखंडों की संख्या 540 से बढ़कर 563 हो गई। यह परिवर्तन वैज्ञानिक भूजल प्रबंधन व योजनाबद्ध कार्यों की वजह से संभव हो पाया। 'कैच द रेन' अभियान के तहत वर्ष 2021 से 2025 के बीच 3.39 लाख वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं, 1.34 लाख पारंपरिक जल निकायों का पुनर्जीवन किया गया, 14.38 लाख जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्य हुए। साथ ही 1.33 लाख भूजल पुनर्भरण एवं पुनः उपयोग से जुड़ी संरचनाएं ...शेष पृष्ठ 10 पर

जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों पर नहीं चलेगा बुलडोजर

जिला संवाददाता

मुरादाबाद (उप्र)। मुरादाबाद मंडलायुक्त ने सोमवार को रामपुर के मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को मामले में अंतिम सुनवाई तक उसके परिसर में 38 इमारतों के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण पर रोक लगाकर अंतरिम राहत दी। जौहर विश्वविद्यालय के संस्थापक आजम खान की पत्नी तज़ीन फातिमा ने सोमवार को कहा कि विश्वविद्यालय ने रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के ध्वस्तीकरण आदेश को मुरादाबाद मंडलायुक्त की अदालत में चुनौती दी है। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के वकील द्वारा एक आवेदन प्रस्तुत करने के बाद अंतरिम रोक लगा दी गई। सिंह ने बताया कि सोमवार को मुरादाबाद के एक अधिवक्ता के देहांत के कारण मंगलवार को शोक सभा होनी थी जिस कारण जौहर विश्वविद्यालय की नियत तिथि पर कोई कार्वाई नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि इसलिए जौहर विश्वविद्यालय के अधिवक्ता के दिए गए प्रार्थना पत्र को आज ही स्वीकार करते हुए अग्रिम आदेशों तक किसी भी प्रकार के ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी गई है और यह आदेश ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ ध्वस्तीकरण पर मुरादाबाद के कमिश्नर ने लगायी रोक

गुरु पूर्णिमा पर शिष्य व गुरु की भूमिका में दिखेंगे योगी

- 29 जुलाई को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन
- शिष्य के रूप में योगी आदित्यनाथ अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव की करेंगे पूजन-स्तुति
- गुरु के रूप में गोरक्षपीठ के साधु-संतों और श्रद्धालुओं को देंगे आशीष

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। सनातन विचार दर्शन एवं संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते को प्रतिष्ठित करने वाले पावन पर्व गुरु पूर्णिमा गोरक्षपीठ के लिए विशेष होती है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव वह अवसर होता है जब गोरक्षपीठाधीश्वर, शिवावतार एवं नाथपंथ के आदिगुरु महायोगी गोरखनाथ सहित पीठ के अपने पूर्ववर्ती गुरुजन की पूजन-स्तुति करते हैं और तदुपरांत अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं को स्नेहाशीष से अभिसिंचित करते हैं। गोरक्षपीठ की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई, बुधवार) पर शिष्य और गुरु दोनों भूमिकाओं में दिखेंगे।

गुरु पूर्णिमा पर्व और नाथपंथ का संबंध कितना अटूट और गहरा है, इसका अंदाजा इस पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में होने वाले भव्य आनुष्ठानिक आयोजन को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सभी नाथ योगियों ने इस परंपरा की गरिमा और प्रतिष्ठा को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कायम रखा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ से लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ तक ने न केवल इस परंपरा को समृद्ध किया है, बल्कि गुरु प्रतिष्ठा के प्रति लोगों को प्रेरित भी किया है। मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की तमाम व्यस्तताओं के बावजूद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ हर गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु का आशीर्वाद लेने और शिष्यों को आशीर्वाद देने के लिए गोरखनाथ मंदिर जरूर पहुंचते हैं।

इसी क्रम में इस बार भी बुधवार को वह गुरु पूर्णिमा पूजा के लिए मंदिर में मौजूद रहेंगे। नाथपंथ के प्रादुर्भाव से ही गुरु-शिष्य परंपरा उससे अनिवार्य रूप से जुड़ी रही और अनवरत आगे बढ़ रही है। नाथपंथ में गुरु और ईश्वर में कोई फर्क नहीं माना जाता है। नाथ परंपरा में गुरु ही ईश्वर है और ईश्वर ही गुरु है। यही वजह है कि गोरखनाथ मंदिर के लिए गुरु पूर्णिमा महोत्सव का विशेष महत्व है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ बुधवार (29 जुलाई) को महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजन के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे। इस पर्व पर शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ को रोट अर्पित करने की भी परंपरा है। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के अनुयायियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 23 जुलाई से गोरखनाथ मंदिर में चल रही श्रीरामकथा की पूर्णाहुति भी होगी।

गुरु पूर्णिमा के दिन बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूजन का सिलसिला प्रातःकाल से ही शुरू हो जाएगा। गोरक्षपीठाधीश्वर सुबह सबसे पहले गुरु गोरक्षनाथ की पूरे विधि विधान से पूजा करेंगे। इसके बाद नाथपंथ के सभी योगियों की समाधि स्थली और देवी देवताओं के मंदिर में विशेष पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजा की पूर्णता सामूहिक आरती से होगी। गुरु पूजन के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों के बीच आएंगे। बारी-बारी से शिष्य, गोरक्षपीठाधीश्वर तक पहुंचेंगे और तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। आशीर्वचन के बाद मंदिर में सहभोज का आयोजन किया जाएगा।

गोरक्षपीठ और गुरु पूर्णिमा का अटूट नाता

वैसे तो गोरक्षपीठ, गोरखनाथ मंदिर में धर्म-अध्यात्म की मंगलध्वनि अहर्निश गुंजायमान रहती है, पर गुरु पूर्णिमा का पर्व यहां अत्यंत विशेष होता है। नाथपंथ मुख्यतः गुरुगम्य मार्ग है। इस लिहाज से गोरक्षपीठ और गुरु पूर्णिमा का अटूट नाता है। गुरु-शिष्य परंपरा इस पीठ के मूल में है। गुरु परंपरा से ही नाथ परंपरा आगे बढ़ी है। यही वजह है कि गोरक्षपीठ, गुरु परंपरा के प्रतीक के तौर पर पूरी दुनिया में प्रतिष्ठित है। हर काल में इस परंपरा को कायम रखकर पीठ ने कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है।

शिवावतार भगवान गोरखनाथ ने योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाया तो उनके अनुगामी नाथपंथ के मनीषियों ने लोक कल्याणकारी अभियान को गति दी। सनातन संस्कृति में गुरु को गोविंद से भी उच्च स्थान प्राप्त है। नाथपंथ की गुरु परंपरा में गोरक्षपीठाधीश्वरों ने लोक कल्याण के मंत्र को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया है। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज ने वर्ष 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना कर शिक्षा को जनसेवा का माध्यम बनाया। उनके शिष्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज ने शिक्षा, चिकित्सा और योग के प्रकल्पों का विस्तार किया।

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को तैयार होगा जिलेवार रोडमैप

- परख रिपोर्ट पर एक्शन मोड में योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की विद्यालयी शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में बेसिक शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 की रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर अब विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाएगी। इसी उद्देश्य से 28 एवं 29 जुलाई को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), निशातगंज, लखनऊ के गंगा सभागार में राज्य स्तरीय मंडलवार कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

एससीईआरटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यशालाओं में परख-2024 रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्षों का विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा। विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सामने आई चुनौतियों की समीक्षा करते हुए जनपदवार सुधार रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे विद्यालयों में शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी तथा राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जा सके। दो दिवसीय कार्यशालाओं में 28 जुलाई को मेरठ एवं सहारनपुर मंडल तथा 29 जुलाई को आजमगढ़, झांसी और आगरा मंडल के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रत्येक मंडल से उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य, जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यशालाएं प्रातः 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएंगी। कार्यशालाओं का मुख्य फोकस डेटा आधारित शिक्षा सुधार पर रहेगा। परख-2024 के निष्कर्षों के आधार पर विषयवार एवं कक्षावार अधिगम स्तर का विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में सुधार, शिक्षण पद्धतियों को अधिक प्रभावी बनाने तथा विद्यालय स्तर पर आवश्यक शैक्षणिक हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इससे जनपदवार आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा। संयुक्त निदेशक (एसएसए) डॉ. पवन सचान ने कहा कि परख-2024 केवल एक मूल्यांकन रिपोर्ट नहीं, बल्कि विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता सुधार का मजबूत आधार है।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय मंडलवार कार्यशालाओं के माध्यम से रिपोर्ट के निष्कर्षों का गहन विश्लेषण कर जनपदवार सुधार रणनीति तैयार की जाएगी। उनका कहना है कि डेटा आधारित शैक्षणिक योजना के माध्यम से प्रत्येक बच्चे के अधिगम स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करना तथा राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रभावी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को परिणाम आधारित बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। परख-2024 के निष्कर्षों को जमीनी स्तर पर लागू कर विद्यार्थियों की सीखने की उपलब्धियों में ये कार्यशालाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

भाजपा सरकार ने शिक्षा को चौपट कर दिया : अखिलेश

- नीट पेपर लीक के आंदोलन की सफलता के लिए नौजवानों को और उनके मनोबल को बधाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जब से सरकार में आयी है उसने शिक्षा को चौपट कर दिया है। विश्वविद्यालयों, शिक्षा और परीक्षाओं का संघर्ष बहुत बड़ा है। भाजपा सरकार ने पूरी व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा शिक्षा में अपने अंडर ग्राउंड और अनरजिस्टर्ड लोगों को बैठा रही है।

सोमवार को संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षा और शिक्षण संस्थाओं को बचाने के लिए विपक्ष एकजुट है। एक है। नीट पेपर लीक के आंदोलन की सफलता के लिए नौजवानों को और उनके मनोबल को बधाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों पर मुकदमा दर्ज कर रही है। बिहार में कई छात्रों को जेल भेज दिया। सोशल मीडिया पर लिखने पर सरकार जेल भेज रही है। छात्रों को परेशान किया जा रहा है। बिहार में पुलिस ने एके 47 का प्रयोग किया। सरकार नौजवानों की चेतना को चुनौती न दे। भाजपा शिक्षा और नौजवान विरोधी है। भाजपा के एजेंडे में नौकरी, रोजगार नहीं है। नीट परीक्षा लीक होने के बाद जिन बच्चों की जान गयी, सरकार ने उन परिवारों की क्या मदद की।

अखिलेश यादव ने कहा समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए संघर्ष जारी रखेगी। संविधान के तहत हक और सम्मान दिलाने के लिए काम करती रहेगी। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में हराया है। हम लोग पीडीए के साथ सामाजिक न्याय के स्थापना की बात करते रहेंगे।

गृह मंत्री को संसद में जवाब देना चाहिए : डिम्पल यादव

लखनऊ। सपा की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने छात्रों के साथ बर्बरता की। छात्रों के साथ अत्याचार हो रहा है। अहिंसक आन्दोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया। पैलेट गन चलाया। कील लगी लाठियों से मारा। बच्चों को पीटा, बेटियों के कपड़े फाड़े। इस सब के लिए कौन जिम्मेदार है?

उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को संसद में जवाब देना चाहिए। संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस ने

आंदोलनकारी छात्रों पर एके 47 का प्रयोग किया। भाजपा सरकार छात्रों पर एफआईआर कर रही है। छात्र-नौजवानों को प्रताड़ित कर रही है। धमकी दे रही है। यह निंदनीय है। भाजपा सरकार लोगों की आजादी छीन रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी काम कर रही है।

हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे अत्याधुनिक आदर्श पशु चिकित्सालय

योगी सरकार की बड़ी पहल

- डायलिसिस, आंखों की सर्जरी समेत मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं
- प्रत्येक अस्पताल पर खर्च होंगे तीन करोड़

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवाओं को आधुनिक और उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित बनाने की दिशा में योगी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की है। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आदर्श पशु चिकित्सालय स्थापित किए जाएंगे, जहां पशुओं को सामान्य उपचार से लेकर जटिल एवं गंभीर बीमारियों के इलाज तक की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। प्रत्येक आदर्श पशु चिकित्सालय के निर्माण एवं उपकरणों पर 3 करोड़ से अधिक खर्च किए जाएंगे।

इन अस्पतालों में डायलिसिस यूनिट, डिजिटल एक्स-रे, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आंखों की सर्जरी, ऑर्थोपेडिक सर्जरी, रिकवरी वार्ड तथा भर्ती वार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गंभीर रूप से बीमार पशुओं को अस्पताल में भर्ती कर उनका उपचार किया जाएगा, वहीं उनके भोजन, देखभाल और रिकवरी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश में पहली बार इस स्तर की व्यापक योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक गंभीर बीमारियों अथवा जटिल सर्जरी के लिए पशुपालकों को बड़े शहरों और चुनिंदा संस्थानों का रुख करना पड़ता था, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे लाखों पशुपालकों को बड़ी राहत मिलेगी। योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में पशुओं के लिए उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

अस्पतालों में उपचार की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही उपचार की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रत्येक आदर्श पशु चिकित्सालय पर 2.55 करोड़ निर्माण कार्य तथा लगभग 50 लाख आधुनिक उपकरणों, फर्नीचर, सोलर सिस्टम एवं अन्य सुविधाओं पर व्यय किए जाएंगे।

इस योजना का उद्देश्य जिला स्तर से लेकर विधानसभा क्षेत्र तक पशु चिकित्सा सुविधाओं का मजबूत नेटवर्क विकसित करना है, ताकि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े। सरकार इस योजना के अंतर्गत विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों एवं पैरा वेटरनरी स्टाफ की भी तैनाती करेगी। उन्हें आधुनिक उपकरणों के संचालन, आपातकालीन उपचार, ऑपरेशन में सहयोग और पशुओं की देखभाल का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उपचार की गुणवत्ता और अधिक बेहतर हो सकेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में लाखों परिवार डेयरी, दुग्ध उत्पादन, बकरी पालन एवं अन्य पशुधन गतिविधियों पर निर्भर हैं। गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से पशुओं की मृत्यु दर में कमी आएगी, उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और पशुपालकों की आय में भी सकारात्मक वृद्धि होगी। योगी सरकार की यह पहल पशुधन संरक्षण, ग्रामीण समृद्धि और आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

हरियाणा विधानसभा की शिक्षा समिति ने यूपी के शिक्षा मॉडल को बताया अनुकरणीय

- योगी सरकार के शैक्षिक सुधारों और नवाचारों से प्रभावित हुई उच्चस्तरीय समिति
- उच्च शिक्षा से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचारों का अध्ययन करने के लिए हरियाणा विधानसभा की उच्चस्तरीय शिक्षा समिति सोमवार को लखनऊ पहुंची। विधानसभा सभागार में आयोजित बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने योगी सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे व्यापक सुधारों, डिजिटल गवर्नेंस, शोध एवं नवाचार तथा छात्र कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में समिति के चेयरपर्सन लक्ष्मण सिंह यादव सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

समिति ने उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को अन्य राज्यों के लिए उपयोगी और अनुकरणीय बताया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश में 24 राज्य विश्वविद्यालय, 56 निजी विश्वविद्यालय, एक डीम्ड विश्वविद्यालय और एक मुक्त विश्वविद्यालय सहित हजारों महाविद्यालय संचालित हैं। साथ ही 71 नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना की गई है, जिनमें से 46 में शैक्षिक सत्र 2025-26 से प्रवेश एवं अध्यापन कार्य प्रारंभ हो चुका है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस), मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम तथा रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने के लिए 'समर्थ' पोर्टल और ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, जबकि शिक्षकों और कर्मचारियों का सेवा विवरण मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों और उनके आश्रितों के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरूआत की है, जिसके अंतर्गत लगभग 7.5 लाख लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

वहीं, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। बैठक में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री मॉडल एवं अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, शिक्षक प्रशिक्षण और निपुण भारत मिशन जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। समिति ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल को गुणवत्तापूर्ण, तकनीक-सक्षम और छात्र-केंद्रित बताते हुए कहा कि इससे अन्य राज्यों को भी सीख मिल सकती है।

पीएम सूर्य घर योजना के तहत 7 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित

- मुफ्त बिजली, हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश बना अग्रणी राज्य : एके शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रच दिया है। प्रदेश में 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश, गुजरात के बाद देश में आवासीय रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यह जानकारी नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि लगभग ढाई वर्षों में प्राप्त यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों, पारदर्शी एवं डिजिटल कार्यप्रणाली, प्रभावी क्रियान्वयन तथा आकर्षक केंद्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी योजनाओं का परिणाम है। प्रदेशवासियों की बढ़ती भागीदारी ने भी इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आवासीय रूफटॉप सोलर की स्थापित क्षमता 2,000 मेगावाट से अधिक हो चुकी है। इसके माध्यम से लाखों परिवारों को स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा उपलब्ध हो रही है, बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है और अनेक उपभोक्ता मुफ्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन करोड़ों यूनिट स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरण संरक्षण को भी नई गति मिली है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल रूफटॉप सोलर स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि सोलर मॉड्यूल एवं डीसीआर पैनल निर्माण, इन्वर्टर निर्माण, बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस), पीयर-टू-पीयर ऊर्जा व्यापार, डिजिटल ऊर्जा प्लेटफॉर्म तथा संचालन एवं रखरखाव सेवाओं के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे प्रदेश में निवेश, रोजगार और हरित औद्योगिक विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र परिवार तक स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा पहुंचाना है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भूमिका निभा रही है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा और रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में देश का अग्रणी मॉडल बनकर उभरेगा।

93.42% छात्र पास, बेटियों ने लहराया परचम

- योगी सरकार में समय से हुई पॉलिटेक्निक परीक्षाएं और परिणाम घोषित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश ने सम सेमेस्टर/वार्षिक/विशेष बैक पेपर परीक्षा मई/जून-2026 का परिणाम समय से घोषित कर दिया है। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप परीक्षाएं नकलविहीन और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराकर डिजिटल मूल्यांकन से पारदर्शी परिणाम जारी किया गया है। परिषद द्वारा 4 मई से 5 जून 2026 के बीच 236 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिसमें कुल 2,68,686 छात्र पंजीकृत थे। सेमेस्टर सिस्टम में 1,24,671, वार्षिक में 1,27,304 और विशेष बैक पेपर में 7,784 छात्र शामिल थे। 157 राजकीय/अनुदानित पॉलिटेक्निकों में उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन कराया गया।

परिषद अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि अंतिम सेमेस्टर डिप्लोमा इंजीनियरिंग का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.42% और फामेर्सी का 62.69% रहा है। परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध है।

योगी सरकार में बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन: इंजीनियरिंग स्ट्रीम में महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ आईटी, महाराजगंज के आशुतोष प्रजापति ने 86.18% के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, वाराणसी की पूजा सिंह 85.62% के साथ द्वितीय और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, अमेठी की अनुष्का सिंह 85.38% के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। फामेर्सी में रामेश्वरम फामेर्सी कॉलेज, सीतापुर की दिव्यांशी शुक्ला 84.35% के साथ प्रथम, टीआरसी महाविद्यालय बाराबंकी की जूली देवी 82.87% के साथ द्वितीय और राजकीय पॉलिटेक्निक जौनपुर के अभिषेक यादव 82.61% के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

योगी सरकार में महिला सशक्तिकरण की झलक परिणाम में दिखी, जहां अंतिम सेमेस्टर और फामेर्सी दोनों के टॉप-10 में से 8-8 स्थान छात्राओं ने हासिल किए। साथ ही पहली बार दो राजकीय संस्थानों- जौनपुर और प्रयागराज महिला पॉलिटेक्निक ने फामेर्सी टॉप-10 में जगह बनाई है। नकल पर सख्ती दिखाते हुए 194 छात्रों का परिणाम रोका गया है और 896 उत्तर पुस्तिकाओं में मोबाइल नंबर लिखने पर संबंधित विषय में शून्य अंक दिया गया है।

एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति को लेकर अजय राय ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

- उपभोक्ताओं पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति की घोर विफलता, व्यापक भ्रष्टाचार और उपभोक्ताओं पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर आम जनता में फैल रहे व्यापक आक्रोश को देखते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी व पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को तत्काल बर्खास्त कर निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि उन्होने पूर्व में एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति से जुड़े वैज्ञानिक, आर्थिक, पर्यावरणीय तथा उपभोक्ता हितों को देखते हुए पूर्ण पारदर्शिता, स्वतंत्र वैज्ञानिक परीक्षण तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए आग्रह किया था किन्तु अभी तक न उसका कोई सार्वजनिक जवाब दिया गया और न ही उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसके विपरीत, सरकार ई20 के बाद ई85 एवं ई100 जैसी नीतियों की दिशा में आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। इससे यह धारणा और मजबूत हुई है कि भारत में 35 करोड़ से अधिक पंजीकृत वाहनों के उपभोक्ताओं की आशंकाओं और जनहित की घोर उपेक्षा करते हुए इस नीति को हर हाल में आगे बढ़ाना ही सरकार की प्राथमिकता बन गया है। उन्होंने कहा है कि एथेनॉल मिश्रण की नीति के समर्थन में यह कहा गया था कि इससे आयातित तेल पर निर्भरता घटेगी, किसानों को लाभ होगा तथा उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत सस्ता ईंधन मिलेगा किंतु आज एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी लगभग उसी मूल्य पर उपलब्ध है जिस मूल्य पर सामान्य पेट्रोल मिलता था।

उन्होंने लिखा कि आम धारणा है कि यदि पेट्रोल में पानी, मिट्टी का तेल या अन्य पदार्थ की मिलावट पाई जाती थी, तो संबंधित पेट्रोलपम्प उत्तरदायी होता था। आज जब एथेनॉल मिश्रण स्वयं तेल कंपनियों द्वारा किया जा रहा है, तब किसी वाहन में तकनीकी समस्या, माइलेज में कमी या इंजन को क्षति का कोई उत्तरदायी नहीं है। बीमा दावों और वाहन वारंटी को लेकर विवाद उत्पन्न हो रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि पूर्व में लिखे गये पत्र में केवल स्वतंत्र वैज्ञानिक परीक्षण, पारदर्शिता और जनहित की मांग की थी। अब यह विषय केवल नीति का नहीं, बल्कि मंत्री स्तरीय जवाबदेही का बन चुका है। संबंधित मंत्रालय इन गंभीर प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने, जनहित की रक्षा करने तथा नीति-निर्माण में पूर्ण पारदर्शिता स्थापित करने में विफल रहे हैं।

आरपीआई छोड़कर सैकड़ों युवा कांग्रेस में शामिल

लखनऊ। हरदोई के आरपीआई के प्रदेश प्रवक्ता प्रशांत मिश्रा और हरदोई, सीतापुर, लखनऊ, लखीमपुर एवं उन्नाव के उनके सैंकड़ों समर्थकों ने आरपीआई छोड़कर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अजय राय ने इस मौके पर प्रशांत मिश्रा एवं उनके साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार में लगातार युवाओं के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि चाहे युवा हों, छात्र हों, किसान हों, हर मुद्दे पर केवल हमारे नेता राहुल गांधी सहित पूरी पार्टी ही सड़कों पर उतरकर लड़ रही है। सरकार तानाशाही और युवा, छात्र, किसान विरोधी रवैया अपनाये हुए है। कांग्रेस पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

इस मौके पर प्रशान्त मिश्रा के साथ पवन कुमार, अनिल कपूर, सुखविन्दर सिंह, विपिन कुमार सिंह, रामचन्द्र गौतम, शमशेर, उमेश कुमार राठौर, अनुज पाण्डेय सहित सैंकड़ों युवाओं ने रिपब्लिकन पार्टी आफ इण्डिया छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, विचार विभाग के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, अब्दुल्ला शेर खान, कुलदीप दिवाकर आदि वरिष्ठ नेताओं ने सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत किया।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मनी पुण्यतिथि

लखनऊ। देश के पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सहित पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा की एक अनूठी मिसाल था। एक साधारण परिवार से उठकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने का उनका सफर दुनिया भर के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

सुपर फास्ट ट्रेन की स्पीड से चलायी कार्गो ट्रेन

लखनऊ। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने कार्गो ट्रेन परिचालन में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए ऑटोमोबाइल ट्रेन को सुपर फास्ट ट्रेन की गति से चला कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस ट्रेन ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से रोजा तक 456 किलोमीटर की दूरी 8 घंटे 15 मिनट में तय की और 55 किमी/घंटा की औसत गति प्राप्त की। यह एनएमजी रेक एक ही चालक दल द्वारा चलाया गया, जो माल गाड़ी परिचालन में एक उत्कृष्ट उपलब्धि है।

उल्लेखनीय है कि सुपरफास्ट ट्रेनों की औसत गति 55 किमी/घंटा या उससे अधिक होती है। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्राप्त

संक्षेप

संदिग्ध दशा में युवती की मौत, मचा कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में युवती की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के शीतल सिंह का पुरवा निवासी शब्बीर उर्फ वीरू की बीस वर्षीया पुत्री मुस्कान रविवार की शाम करीब सात बजे कमरे मे दुपटटे से गले में फंदा लगा लिया। मां रूबीना बाजार गयी थी। वहीं भाई मवेशी चराने घर से निकला था। देर शाम मृतका की मां घर लौटी तब कमरे मे बेटी को फंदे से झूलता देख दंग रह गयी। वहीं सूचना पर भाई पहुंचा तो वह भी बिलख पड़ा। जानकारी मिलने पर उदयपुर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतका का पिता सांगीपुर बाजार में कपड़े की सिलाई करता है। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है।

दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। रंजिशन पीड़ित के साथ मारपीट की घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे वीरबल ढ़कवा निवासी मो0 सुबहान पुत्र मो0 नसीम खान ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि छब्बीस जुलाई को सुबह करीब साढ़े दस बजे वह बकरी चराने गया था। वहां पुरानी रंजिश को लेकर गांव के मो0 अपसर व मो0 आबूल पुत्रगण मो0 शब्बीर उसके साथ गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शब्बीर समेत दो के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

प्रतापगढ़। पानी भरने को लेकर हुए विवाद में पीड़िता के साथ मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गहिरी निवासी विनोद वर्मा के पुत्र मुकेश ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चौबीस जुलाई को रात आठ बजे उसकी पत्नी जानवी देवी पानी भरने नल पर गयी थी। वहां पड़ोसी रीता से कहासुनी होने लगी। इस बीच गांव के ओमप्रकाश पुत्र शंभूनाथ तथा अवधेश वर्मा पुत्र लाल बहादुर व खुशबू पुत्री अवधेश तथा अनिल पुत्र राज बहादुर पहुंचे और उसकी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले मे उसकी पत्नी बेहोश हो गयी। आरोपियो ने गालीगलौज के साथ जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं मे केस दर्ज किया है।

आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। दुर्घटना में वृद्धा की मौत को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात ईरिक्शा चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गहिरी निवासी मुकेश वर्मा पुत्र विनोद ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस जुलाई को वह बाइक से अपनी मां कमला देवी को लेकर रानीगंज अजगरा बाजार से लीलापुर आ रहा था। पेट्रोल पम्प के पास सगरा की तरफ से आ रहे ईरिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दिया। इससे पीड़ित की मां को गंभीर चोटें आ गयी। लालगंज ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने उसकी मां को मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ईरिक्शा चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के झलिहन का पुरवा डांड़ी निवासी शंभूनाथ पुत्र मोलई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस जुलाई को रात करीब नौ बजे गांव के राज गौतम पुत्र अमृतलाल तथा शिवा गौतम पुत्र नन्हें लाल एवं अमृतलाल की पुत्री कृष्णा ने भूत प्रेत के आरोप को लेकर घर पर आकर गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियो ने पीड़ित व उसके पुत्र निकेश को लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया।

ट्रक ने परिवार को रौंदा, 4 की मौत

संतकबीरनगर। जिले में गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) पर सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के कुर्थिया चौराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया और घर के बाहर चारपाई पर बैठे बुजुर्ग दंपति तथा उनके दो मासूम नातियों को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरा।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह लालजी (62) पुत्र गनपत और उनकी पत्नी ज्ञानमती (60) अपने घर के बाहर चारपाई पर बैठे थे। उनके साथ 12 वर्षीय नाती आदर्श, पुत्र अनिल कुमार, तथा छह वर्षीय सत्यम, पुत्र राजेश कुमार, भी मौजूद थे। इसी दौरान खलीलाबाद से बस्ती की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और चारपाई पर बैठे चारों लोगों को कुचल दिया।

फर्जी शादी के जरिए एक व्यक्ति को ठगने के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

देवरिया। जिले में फर्जी शादी रचाकर हरियाणा के एक व्यक्ति से कथित तौर पर एक लाख दस हजार रुपये ठगने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के पास से 40हजार रुपये नकद बरामद किए गए, जबकि कथित धोखाधड़ी रैकेट के अन्य सदस्यों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस के अनुसार, हरियाणा के सोनीपत के रवींद्र ने शिकायत दर्ज कराई कि 24 जुलाई को मीना देवी (45) और गीता देवी (48) ने तरकुलहा के एक मैरिज हॉल में 26 वर्षीय महिला गोल्डी यादव के साथ उसकी शादी करवायी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद दोनों महिलाओं ने उसे झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और भागने से पहले उससे एक लाख दस हजार रुपये वसूल लिए। शादी के बाद गोल्डी यादव भी गायब हो गयी और पुलिस उसका पता लगा रही है। शिकायत के आधार पर, भलौनी थाने में दोनों महिलाओं के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनील कुमार सिंह ने कहा कि दोनों को रविवार रात करीब 10 बजे करमाटार शेर खान गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मीना बरहज थाना क्षेत्र के हरनेता गांव की है तथा गीता परसिया तिवारी गांव की की है। आरोपियों से 40,000 रुपये से बरामद हुए हैं तथा इस कथित फर्जी विवाह रैकेट के अन्य सदस्यों की भूमिका की जांच की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

श्रावण मेले की तैयारियों का जायजा बाबा पलटननाथ मंदिर पहुंचे थानाध्यक्ष

जोगिया बांसी सिद्धार्थनगर। आगामी श्रावण मास में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जोगिया उदयपुर के थानाध्यक्ष अभय सिंह ने रविवार को बाबा पलटननाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों, प्रवेश-निकास मार्ग तथा ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद मंदिर समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय सेवादारों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम दर्शन उपलब्ध कराने, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने सभी से आपसी समन्वय के साथ श्रावण मेले को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।

गुमशुदगी के दो दिन बाद मिला महिला का शव

श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र के है दिनामगढ़ गांव में सोमवार को एक महिला का शव घर के बगल स्थित खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान संगीता देवी पत्नी शिवपाल उर्फ पप्पू यादव निवासी दिनामगढ़, थाना इकौना, जनपद श्रावस्ती (उम्र करीब 42 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार संगीता देवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट 25 जुलाई 2026 को थाना इकौना में दर्ज कराई गई थी। 27 जुलाई को सूचना मिली कि उनका शव घर के पास खेत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी मय टीम मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने मृतका के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। अपर पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकेश सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीमा पर तस्करी की कोशिश नाकाम, 651 ग्राम सफेद धातु की 21 जोड़ी पायल और साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

मोहाना सिद्धार्थनगर। जनपद में तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस और एसएसबी ककरहवा की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 21 जोड़ी सफेद धातु की पायल (कुल वजन 651 ग्राम) एवं एक साइकिल के साथ एक भारतीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बरामद सामान को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में अपराध एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, रविवार 27 जुलाई 2026 को थाना मोहाना पुलिस और एसएसबी ककरहवा की संयुक्त टीम सीमा स्तंभ संख्या 543/01 के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान 21 जोड़ी सफेद धातु की पायल (कुल वजन 651 ग्राम) एवं एक साइकिल के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया। मामले में कस्टम अधिनियम की धारा-11 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए बरामद माल को कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान परशुराम गुप्ता (59 वर्ष), पुत्र तीरथ गुप्ता, निवासी ग्राम सलहन्तपुर, थाना मोहाना, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह (प्रभारी चौकी ककरहवा), हेड कांस्टेबल आत्मानंद यादव, कांस्टेबल अनुराग तिवारी तथा एसएसबी ककरहवा के उपनिरीक्षक हमीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अनुपति राजी रेड्डी और सहायक उपनिरीक्षक अनंताराज ए. शामिल रहे।

परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करेगी प्रचार वैन

● डीएम ने किया कैंपेन का शुभारंभ

श्रावस्ती। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम्य विकास, एनआरएलएम सहित विभिन्न विभागों के

अधिकारियों की मौजूदगी में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन एवं परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए इतनी भी क्या जल्दी है? एसबीसीसी कैंपेन तथा पुरुष सहभागिता बढ़ाने के लिए देश बदलेगा जब मर्द बदलेगा अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी सुश्री अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पोस्टर, फिल्म, जिंगल्स एवं अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत सही उम्र में शादी, पहला बच्चा देरी से करने, दो बच्चों के जन्म में उचित अंतर रखने तथा आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली के सही उपयोग के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर अभियान से संबंधित चार प्रमुख विषयों पर आधारित पोस्टरों का विमोचन किया गया तथा प्रचार-प्रसार के लिए तैयार लघु फिल्मों और जिंगल्स को जारी किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपद के तीन चयनित ब्लॉकों के 150 गांवों में परिवार नियोजन जागरूकता के लिए चलने वाली मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों के आपसी समन्वय से अभियान को प्रभावी बनाया जा सकता है। विभाग अपने कर्मचारियों के माध्यम से प्रचार सामग्री और फिल्मों को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाएं तथा परिवार नियोजन से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में सहयोग करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा तैयार पोस्टर, फिल्में और जिंगल्स के माध्यम से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रचार किया जाएगा। मोबाइल वैन तीन माह तक चयनित गांवों में फिल्म प्रदर्शन, पंपलेट वितरण और जागरूकता कार्यक्रम करेगी। आशाओं के माध्यम से परिवार नियोजन साधनों का वितरण एवं वैन में उपलब्ध काउंसलर द्वारा परामर्श सेवाएं भी दी जाएंगी।

कार्यक्रम में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि आनंद कुमार सिंह ने उम्मीद परियोजना के तहत स्वास्थ्य इकाइयों में काउंसलिंग कॉर्नर स्थापना, आशा एवं एएनएम प्रशिक्षण तथा परिवार कल्याण सेवाओं के विस्तार की जानकारी दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आरसीएच) डॉ. उदय नाथ ने समुदाय स्तर पर सेवाप्रदाताओं और ग्राम प्रधानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने परिवार नियोजन को सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग और संतुलित विकास के लिए आवश्यक बताया।

प्रमोद ने पढ़ाया नये राज्यसभा सांसदों को विधायी कौशल का पाठ, बढ़ा प्रतापगढ़ का मान

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के अनुभव और वरिष्ठता के चलते संसदीय पटल पर प्रतापगढ़ के नाम एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। नई दिल्ली के पार्लियामेण्ट्री एनेक्सी में शनिवार की शाम राज्यसभा के नव निर्वाचित सांसदों के लिए विशेष तौर पर विषय बोध कार्यक्रम में वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी का उदबोधन कार्यक्रम हुआ। राज्यसभा सचिवालय द्वारा नव निर्वाचित सांसदों को संसद की कार्यवाही से जुड़े विधायी कौशल में निपुणता के लिए आयोजित विषय बोध में विपक्ष की ओर से सिर्फ प्रमोद तिवारी का चयन जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण की अनुभूति है। संसदीय यात्रा के प्रारम्भ कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व को लेकर सोमवार को यहां खासतौर पर प्रबुद्ध वर्ग से जुड़े प्रशंसकों व कार्यकताओं में खुशी का माहौल भी देखा गया। सांसद प्रमोद तिवारी ने उदबोधन में नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को संसदीय कार्रवाई के नियमों व आचरण से जुड़े विषयों पर पारंगत किया। वहीं उन्होने नये सांसदों का ज्ञान बढ़ाते हुए उन्हें संसद के प्रश्न प्रहर में जनहित से जुड़े प्रश्नों को नियमों के तहत उठाने की भी जानकारियां प्रदान की। सांसद निधि के जनकल्याणकारी योजनाओं में उपयोग तथा खर्च को लेकर भी उपनेता प्रमोद तिवारी ने नव निर्वाचित सांसदों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। सांसद प्रमोद तिवारी के संसदीय अनुभव को लेकर नये सांसदों ने उदबोधन के बीच अपने सवाल भी रखे। इसके चलते सांसद प्रमोद तिवारी का उदबोधन निर्धारित तीस मिनट से बढ़कर लगभग सवा घण्टे हुआ। सांसद प्रमोद तिवारी संसद की इथिक्स कमेटी की भी सलाहकार समिति के सदस्य हैं। इस कार्यक्रम में सत्ता एवं विपक्ष के नव निर्वाचित सांसदों के समूह में प्रमोद तिवारी के अनुभवशील उदबोधन को लेकर खासी प्रसन्नता भी देखी गयी। राज्यसभा सचिवालय द्वारा संसद की इस महत्वपूर्ण परिचर्चा में प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधित्व से जिले को पहली बार संसदीय उपलब्धि के गौरव का तकमा मिल सका है।

लगातार पांचवीं बार सिद्धार्थनगर बना हॉकी चैंपियन, गोंडा ने महिला वर्ग का खिताब जीता

सिद्धार्थनगर। गोरखपुर जोन की 74वीं अंतरजनपदीय पुलिस हॉकी (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का समापन रविवार को सिद्धार्थनगर में हुआ। समापन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल में सिद्धार्थनगर ने बस्ती को पेनाल्टी स्ट्रोक में 3-1 से हराकर लगातार पांचवीं बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में गोंडा ने कुशीनगर को पेनाल्टी स्ट्रोक में 3-2 से मात देकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में सिद्धार्थनगर के मुख्य आरक्षी महेंद्रनाथ शर्मा और बस्ती के मुख्य आरक्षी साजिद को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया। सिद्धार्थनगर के आरक्षी अजीत यादव को पुरुष वर्ग का सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर तथा गोंडा की महिला कांस्टेबल नेहा सिंह को महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर चुना गया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

जनता दर्शन में एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस

कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 02 भूमि विवाद, 01 पारिवारिक विवाद, 02 पैसे के लेन-देन से संबंधित विवाद तथा 04 अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन लगातार लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रभावी समाधान की दिशा में कार्य कर रहा है, जिससे आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है।

सचेत एप से मिलेगी आपदाओं की समय रहते चेतावनी

आशा वर्करों को कराया गया जागरूक

श्रावस्ती। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जनहानि को कम करने और लोगों तक समय रहते चेतावनी पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विकसित ₹सचेत एप के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने आशा वर्करों को सचेत एप की उपयोगिता से अवगत कराया और उनके मोबाइल फोन में एप डाउनलोड भी कराया। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि सचेत एप भारत सरकार का एक आपदा पूर्व चेतावनी मोबाइल एप है, जो मौसम एवं विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं की समय रहते जानकारी देकर लोगों को सतर्क करता है। इसके माध्यम से भारी वर्षा, बाढ़, आंधी-तूफान, वज्रपात (बिजली गिरना), चक्रवात, सुनामी, भूस्खलन और वनाग्नि जैसी संभावित आपदाओं की आधिकारिक चेतावनी सीधे मोबाइल पर प्राप्त होती है।

उन्होंने बताया कि यह एप उपयोगकर्ता के जीपीएस लोकेशन के आधार पर कार्य करता है। यदि कोई व्यक्ति चाहे तो अपने राज्य या जिले को भी इसमें सब्सक्राइब कर सकता है। एप में मिलने वाली सभी सूचनाएं भारतीय मौसम विभाग केंद्रीय जल आयोग तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जैसी अधिकृत सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र विशेष में खतरे की स्थिति होने पर उसी क्षेत्र के लोगों को तुरंत नोटिफिकेशन और अलर्ट भेजे जाते हैं, जिससे लोग समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित आशा वर्करों ने अपने मोबाइल में सचेत एप डाउनलोड किया और आपदा से बचाव के लिए इसकी उपयोगिता को समझा। विशेषज्ञों ने सभी से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस एप को डाउनलोड करें, ताकि आपदा की स्थिति में समय रहते चेतावनी प्राप्त कर सुरक्षित रह सकें।

होटल ट्यूलिप में चिकित्सकों का सम्मान समारोह संपन्न

श्रावस्ती। मेरीलैंड हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, चिनहट तिराहा, लखनऊ की ओर से श्रावस्ती स्थित ट्यूलिप इन होटल में शनिवार को सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) एवं चिकित्सक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बलरामपुर, श्रावस्ती और इकौना क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नई दवाओं और बेहतर उपचार प्रणाली पर विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी साझा की तथा चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के निदेशक एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए नवीनतम उपचार पद्धतियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद खालिद (जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. अभिषेक सिंह (फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ), डॉ. संतोष गुप्ता (अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. रितुज सोमवंशी (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) ने अपने विचार रखे। समारोह में बलरामपुर के डॉ. ए.क्यू. खान, डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव, डॉ. डी.के. गुप्ता, डॉ. एस.सी. शर्मा, डॉ. वाई.पी. गुप्ता, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ. जुबेर खान और डॉ. शरीफ सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों ने सहभागिता की। श्रावस्ती के थाना प्रभारी जय हरि मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर दुर्गेश सूर्यवंशी सहित मेरीलैंड हॉस्पिटल की पूरी टीम ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं।

वक्ताओं ने कहा कि सीएमई कार्यक्रम चिकित्सकों को नवीन शोध, आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और उपचार पद्धतियों से अवगत कराने का प्रभावी मंच हैं। इससे चिकित्सकों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान होता है और मरीजों को अधिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है।

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि मेरीलैंड हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध आधुनिक मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में विभिन्न चिकित्सा सेवाएं सुलभ एवं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

राम मंदिर दान चोरी के आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

अयोध्या। राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले के सभी आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक स्थानीय विशेष अदालत ने सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। बचाव पक्ष के वकील ने यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील कुल शेखर सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निरोधक) रजत वर्मा ने आरोपियों को जिला जेल से वस्तुतः अदालत में पेश किए जाने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत 10 अगस्त तक बढ़ा दी।

ये आरोपी अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू हैं। पुलिस जांच के तहत उनसे पुलिस हिरासत के दौरान पूछताछ कर चुकी है। यह मामला अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाये गये चढ़ावे के कथित गबन से संबंधित है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.–II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे., चारबाग लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा **दो पैकेट प्रणाली** के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही हैं:–

1.	कार्य का नाम एवं स्थान	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के BSB-DDU खंड के बीच 3–4 लाइन के काम के संबंध में व्यासनगर स्टेशन यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य पर व्यासनगर स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (डिस्ट्रिब्यूटेड टाइप: 1 सेंट्रल और 4 ईआई हट्स) के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्यों का प्रावधान, व्यासनगर स्टेशन पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का प्रावधान के साथ KEI-VYN खंडों में ईआई आधारित ऑटोमैटिक सिग्नलिंग में आवश्यक संशोधन एवं EI-VYN-DDU खंडों में संबंधित दूरसंचार कार्य।
2.	पूरा होने की अवधि	09 (नौ) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से)
3.	कार्य की अनुमानित लागत	रु. 25,62,27,591.38 (रुपये पच्चीस करोड़ बासठ लाख सत्ताईस हजार पाँच सौ इक्यानवे और पैसा अड़तीस केवल)
4.	निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि	रु. शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है।
5.	ऑफर की वैधता	90 दिन निविदा खुलने की तिथि से
6.	निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय	19.08.2026 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 19.08.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी।
7.	वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है	विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 28.07.2026 से 19.08.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम–2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

निविदा सूचना संख्या: 287–सिग/सी.–II/लखनऊ/निविदा/05/26
दिनांक: 28.07.2026 2581/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

शांति कमेटी की बैठक संपन्न

असोहा (वीओएल)। आने वाले पवित्र सावन माह में कावड़ यात्रा तथा चेहल्लुम त्योहार को देखते हुए स्थानीय थाने में शांति कमेटी की बैठक आहूत की गई, जिसमे दोनों समुदाय से, क्षेत्र के सभ्रांत लोगो तथा प्रधानों के संग थाना अध्यक्ष फूल सिंह ने बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने लोगो से शांति तथा सहयोग बनाये रखने की बात कही।इस दौरान रामनरेश लोधी, फिरोज अहमद, मनप्रीत सिंह, चमन यादव, साबिर अली, बूटा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

युवक ने जहरीला पदार्थ निगला

सफीपुर, उन्नाव। बीमारी से तंग आकर युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, हालत बिगाड़ने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के देवगांव निवासी रंजीत पुत्र विनोद 25 ने बीमारी से ऊबकर जहरीला प्रदार्थ निगल लिया। जानकारी पर हालत नाजुक देख परिजन आनन फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि उसकी काफी दिनों से तबियत खराब चल रही थी। जिससे वह काफी परेशान था।

सावन को लेकर शिव मंदिरों में सफाई शुरू

फतेहपुर चौरासी। सावन के महीने में शिव भक्ति को देखते हुए शिव मन्दिरों की साफ सफाई का सिलसिला शुरू हो गया है। यद्यपि क्षेत्र के अधिकांश लोग सावन के महीने में हरदोई जनपद के मल्लावां में सुनासीर नाथ मंदिर और शिवराज पुर कानपुर स्थित खेरेश्वर मन्दिर दर्शन करने बड़ी संख्या में जाते हैं जहां मेले जैसा माहौल रहता है। विशेषकर सोमवार को जाने वालों की संख्या बढ़ जाती है। लेकिन क्षेत्र के कस्बा ऊगू स्थित नीलकंठेश्वर मन्दिर फतेहपुर चैरासी स्थित गौरीशंकर, आनंदेश्वर, मंगलेश्वर मुख्य बाजार स्थित शिव मन्दिरों में भी पूरे सावन भर पूजन अर्चन करने वालों की भीड़ बनी रहती है। इन मन्दिरों की देखभाल और साफ सफाई स्थानीय लोगों द्वारा की जाती है। दो दिन बाद शुरू होने वाले सावन महीने को देखते हुए मन्दिरों की व्यवस्था सुधारने का काम शुरू कर दिया गया है। ऊगू के नीलकंठेश्वर में नीलम स्फटिक की शिव मूर्ति विशेष दर्शनीय होने के कारण कस्बे के लोग उसकी देखभाल में लग गए हैं।

टक्कर में दोनों बाइक सवार घायल

फतेहपुर चैरासी। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई उन्नाव रोड पर हफीजाबाद के निकट दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएचसी फतेहपुर चैरासी भेजा गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सफीपुर निवासी असलम पुत्र मैकू जो सोमवार सुबह हफीजाबाद स्थित अपनी दुकान पर जा रहा था। अभी वह हफीजाबाद पहुँचने ही वाला था तभी बांगरमऊ की तरफ से आ रहे बाइक सवार अमृत लाल पुत्र कामता सीधे टकरा गए। जिससे दोनों घायल हो गए घायलों को आस पास के लोगों ने सीएचसी भिजवाया। जहाँ असलम की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो. अर्श अंसारी (MOHD ARSH ANSARI) दर्ज है जबकि अब मेरा नाम मोहम्मद अर्श अंसारी (MOHAMMAD ARSH ANSARI) हो गया है। अब से मुझे मोहम्मद अर्श अंसारी (MOHAMMAD ARSH ANSARI) के नाम से ही जाना, पहचाना व लिखा, पढ़ा जाता है। **मोहम्मद अर्श अंसारी पुत्र श्री नबी अहमद नि.- मो. कमाल सरायं खैराबाद तह. व जिला सीतापुर।**

मधुसूदन अध्यक्ष, विनय सिंह मंत्री

विनय मिश्र कोषाध्यक्ष निर्वाचित

- सिविल बार एसोसिएशन बांसगांव का चुनाव सम्पन्न

बांसगांव, गोरखपुर। सिविल बार एसोसिएशन बांसगांव का सोमवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गया। चुनाव में मधुसूदन पाण्डेय एडवोकेट को अध्यक्ष, अवधेश कुमार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मांधाता सिंह को उपाध्यक्ष, विनय कुमार सिंह

एडवोकेट को मंत्री तथा विनय कुमार मिश्र एडवोकेट को कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को पहले ही निर्विरोध चुना जा चुका है। सिविल बार एसोसिएशन बांसगांव के एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ब्रम्हानंद पाण्डेय एडवोकेट व कमेटी की देखरेख में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच मतदान सम्पन्न हुआ। मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह एडवोकेट ने परिणाम घोषित किया। उन्होने बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मधुसूदन पाण्डेय एडवोकेट ने कुल 121 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंदी निर्णय कुमार सिंह को 31 मतों से पराजित कर जीत हासिल किया। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के सीधे मुकाबले में अवधेश कुमार सिंह एडवोकेट ने 142 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ओमप्रकाश सिंह को 58 मतों से शिकस्त दी। मंत्री पद के सीधे मुकाबले में विनय कुमार सिंह एडवोकेट ने 144 मत बटोरकर अपने प्रतिद्वंदी श्रीधर सिंह एडवोकेट को 65 मतों से हराया। ऐसे ही कोषाध्यक्ष पद के सीधे मुकाबले में विनय कुमार मिश्र एडवोकेट ने 165 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी अजीत कुमार एडवोकेट को 106 मतों से हरा दिया। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष (10 वर्ष से कम) पद के मुकाबले में मांधाता सिंह एडवोकेट ने 113 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कंचनलता को 30 मतों से पराजित कर दिया। उन्होने बताया कि इस चुनाव में पंजीकृत कुल 233 मतदाताओं में से 226 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में शंकर शरण मिश्र एडवोकेट, आनंद सिंह एडवोकेट, सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट, राजेश पाण्डेय एडवोकेट तथा अजेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकट का सहयोग सराहनीय रहा।

चप्पे चप्पे पर तैनात रहे पुलिस के जवान

बार के चुनाव को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए दिवानी कचहरी परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे। थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने भी दोपहर में दिवानी कचहरी का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते मातहतों को जरूरी निर्देश देने के साथ ही परिणाम की घोषणा होने तक उपस्थित रहे।

पति के छत से गिरने की सूचना पर ससुराल पहुंची विवाहिता से मारपीट

सरहरी, गोरखपुर। पति के छत से गिरकर घायल होने की सूचना मिलने पर ससुराल पहुंची एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर घर में प्रवेश से रोकने, गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है पीड़िता ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता मुस्कान को सूचना मिली कि उसका पति पिंटू शर्मा छत से गिरकर घायल हो गए हैं। यह खबर मिलते ही मुस्कान अपनी मां, पिता, दादी, बुआ और फूफा के साथ ससुराल पहुंची। आरोप है कि वहां मौजूद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घर के अंदर जाने से रोक दिया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने अपने घायल पति से मिलने और घर में प्रवेश करने का विरोध किया तो उसके ससुर रमेश, सास विद्या देवी, देवर सिंटू तथा अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे घर से भगा दिया। मुस्कान का आरोप है कि जाते समय ससुराल पक्ष के लोगों ने धमकी दी कि यदि वह दोबारा घर आई तो उसका इससे भी बुरा हाल किया जाएगा। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगा उनके आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मायके में रह रही पत्नी से पति ने की मारपीट व तोड़फोड़,

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा केवटलिया निवासी एक महिला ने अपने पति पर घर पर आकर तोड़फोड़ कर गाली गुप्ता देते हुये जान से मारने की धमकी देने व घर से निकालने का आरोप लगाते हुए चिलुआताल पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता चंद्रावती देवी द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया गया कि मेरी शादी पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा तिघरा में हुई थी मेरे पति द्वारा मेरी बहन से दूसरी शादी रचा कर अपने गाँव रहने लगे मैं अपने इकलौती पुत्री को लेकर अपने मायके में रह कर अपने माँ बाप की सेवा करने लगी मेरे पिता द्वारा अपने जमीन जायदाद का आधा हिस्ता मुझे व आधा मेरी बहन को लिख दिये 27 जुलाई 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे हमारे पति व चार पांच अन्य लोग केवटलिया गाँव पहुंचकर घर में तोड़फोड़ करने लगे विरोध करने पर लोग गाली-गलौज कर मारने पीटने लगे व घर से निकालने की बात कह रहें है जबकि घर हमने ही बनवाया है महिला का आरोप है कि पति लंबे समय से दूसरी पत्नी व उसके चार बच्चों के साथ तिघरा में रह रहा है।

जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवन ध्वस्तीकरण के विरोध में ज्ञापन सौंपा

इटावा। रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनपद रामपुर में क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने और युवाओं का भविष्य उज्ज्वल बनाने हेतु मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी, जो लगातार बच्चों को समुचित शिक्षा प्रदान कर रहा है। ज्ञापन में सत्तारूढ़ पार्टी पर राजनीतिक द्वेष भावना से ग्रस्त होकर इस शैक्षणिक संस्थान की इमारतों को ध्वस्त करने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया। ज्ञापन सौंपने के बाद सपा नेता फरहान शकील ने कहा अगर वहां के 38 भवनों का नक्शा पास नहीं है तो सरकार नक्शा पास कराए। यहां तमाम बच्चे पढ़ते हैं और यह उनके भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में उत्तर प्रदेश में तमाम यूनिवर्सिटी बनाई गईं।

कारगिल विजय दिवस पर निकाली मशाल यात्रा

इटावा। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध के अमर वीरों के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी द्वारा शाम 6 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज से भव्य मशाल यात्रा निकाली गई। मशाल यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा, परिषद के कार्यकताओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में जलती मशालें और भारत माता के जयघोष के साथ यात्रा शहीद स्थल, नुमाइश पंडाल पहुँची, जहाँ कारगिल युद्ध के अमर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अपूर्व भदौरिया ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश एवं समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिलासंयोजक संस्कार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ गोलू ठाकुर, आदित्य, कृष्णा, राहुल, पियूष कुमार, नीतेश, रोहित, हिमांशु गोयल, देव, अंश एवं बिमल सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय, वंदे मातरम तथा एक मशाल शहीदों के नाम एक संकल्प राष्ट्र के नाम के उद्घोष के साथ हुआ।

उर्दू मोहल्ला को आदर्श वार्ड बनाने का करेंगे प्रयासः शफी अहमद

इटावा। उर्दू मोहल्ला वार्ड के निर्विरोध निर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक का रविवार को योगेंद्र कुमार सक्सेना एड. के आवास पर वार्ड वासियों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। योगेंद्र कुमार सक्सेना एड.ने कहा कि शफी अहमद बालक ने इससे पूर्व भी सभासद रहते वार्ड का खूब विकास कराया और पुनः सभासद बनने के बाद वार्ड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सभासद शफी अहमद बालक ने स्वागत समारोह के दौरान कहा कि नगर पालिका चेयरमैन ज्योति गुप्ता के सहयोग से वार्ड के विकास को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर कराएंगे। वार्ड के लोगों की समस्याओं के लिये हम सदैव तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि चेयरमैन ज्योति गुप्ता व वार्ड वासियों के साथ मिलकर वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राकेश पचैरी, सना उल्ला बेग, पंचम सिंह यादव, बलवीर यादव एड., अब्दुल जब्बार, इरशाद खान, रज्जाक अब्बासी, नजमुल, परवेज अख्तर, अनीस अंसारी, फहीम वारिस, कामरान खान, जफर अली, तनवीर अंसारी, इफ्तिखार मेव, शकील अंसारी, बाबुल यादव, बब्लू यादव, विककी दिवाकर आदि ने सभासद शफी अहमद को फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

सिलेंडर फटने से दुकान में लगी आग

भरथना, इटावा। कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड पर सोमवार की सुबह मुहल्लेवासियों व राहगीरों में उस समय दहशत के साथ हडकम्प मच गया। जब एक चाय की दुकान में रखे दो गैस सिलेंडरों में आग लग गयी। तेज धमाकेदार आवाज के साथ फटे सिलेण्डर की आग से इतना अधिक विकराल रूप धारण कर लिया, कि दुकान में रखा सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची दमकल से कडी मशक्कत के बीच दीवार तोडकर करीब एक घण्टे में भीषण अग्निकाण्ड की घटना पर काबू पाया। हालांकि उक्त घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। नगर के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित एसएवी इंटर कालेज के सामने शंकर टी स्टाल नकली घोडा चाय के नाम से एक दुकान संचालित है। सोमवार की सुबह दुकानदार शिवराम सिंह रोज की भाँति अपना कार्य कर रहा था, इसी बीच अज्ञात कारणों के चलते अचानक अन्दर रखे दो सिलेण्डरों में आग लग गयी। सिलेण्डरों की आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया, कि तेज धुंआ के साथ उठी लपटों ने दुकान के अन्दर रखा समस्त सामान अपनी चपेट में लेकर क्षतिग्रस्त कर दिया और दुकान भी जल गयी। पीडित दुकानदार ने बताया कि उक्त सिलेण्डरों में एक भरा तथा एक खाली था। जबकि आग के कारण का पता नहीं लग सका। तेज धमाकेदार आवाज के साथ फटे सिलेण्डरों की आवाज से राहगीरों सहित आसपास के मुहल्लेवासियों व दुकानदारों में हडकम्प मच गया।

कंधे पर पीपल-बरगद, मन में हरियाली का संकल्प ; वर्दीधारी अनूप बांट रहे प्राकृतिक एसी

उन्नाव। जहां एक ओर भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है, वहीं उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत और जिले के पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी का दायित्व निभा रहे खाकी वदीर्धारी अनूप कुमार मिश्रा पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मुहिम के जरिये लोगों को राहत देने और हरियाली मुहिम को बढ़ावा देने का सार्थक प्रयास कर रहे हैं। पेड़ वाले पुलिस अंकल, ट्री मैन ऑफ यू ही और आक्सीजन मैन ऑफ यू पी जैसे नामों से प्रसिद्ध अनूप मिश्रा इन दिनों गाँव-गाँव और शहर के मोहल्ले-मोहल्ले में पैदल चलकर पीपल, बरगद और नीम जैसे छायादार पौधे वितरित कर लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करके वृक्षरक्षा का संकल्प दिला रहे हैं। अनूप मिश्रा लोगों को बताते हैं कि यही पेड़ भविष्य के सबसे बड़े और स्थायी प्राकृतिक एसी साबित होंगे। सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा का मानना है कि बढ़ते तापमान, घटते भूजल स्तर और प्रदूषण की विकट समस्या का सबसे प्रभावी समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण है स इसी उद्देश्य से उन्होंने लोगों को एयर कंडीशनर नहीं बल्कि पीपल और बरगद जैसे पौधे उपहार है देने की अनूठी शुरूआत की है स उनका संदेश है कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को शीतल छाँव, शुद्ध हवा और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा। अनूप द्वारा वन विभाग, सरकारी विभागों, स्कूल -कॉलेज, सामाजिक संस्थाओं एवं जन सहयोग से 20,000 से अधिक पौधों की रक्षा के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था कराई गई स अभी तक स्वयं के प्रयास और जनसहयोग से 2 लाख से अधिक पौधों का रोपण करवाया और अधिक से अधिक पौधों की रक्षा करते हुए उन्हें बड़ा रूप दिया, स्कूल कॉलेज और मोहल्लों में पर्यावरण संरक्षण पाठशाला, इको क्लास, प्रकृति संवाद जैसे एक हजार (1000) से अधिक कार्यक्रम आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया स 3000 से अधिक स्कूलों को मुहिम से जोडा और मॉडल ग्रीन स्कूल में बदला शहर, गाँव, मोहल्लों में जाकर 5 लाख से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया और पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। ट्री मैन और ऑक्सीजन मैन ऑफ यू पी के नाम से लोकप्रिय और ग्रीन भारत अभियान के संयोजक अनूप मिश्रा अपूर्व ने बताया कि, पेड़-पौधे और नदियाँ केवल प्राकृतिक संपदा नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति में ये जीवन, आस्था और अध्यात्म का मुख्य आधार हैं। इन्हें पूजनीय मानकर हमारा सनातन धर्म हमें पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पाठ पढ़ाता है। प्रकृति के इस आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व को समझकर हमें इसके प्रति जागरूक होकर पेड़ पौधों, नदी आदि से आत्मिक सम्बन्ध बनाना होगा।

नये पुल निर्माण में देरी से लोग जर्जर पुल से निकलने को मजबूर

सफीपुर, उन्नाव। नए पुल के निर्माण में देरी होने से लोग मजबूरन जर्जर पुल से निकल रहे है। जिम्मेदार किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे है। क्षेत्र के शारदा नहर पटरी मार्ग पर पीखी गांव के समीप पूर्व में जर्जर हुए के स्थान पर दूसरा पुल निर्माण किया जा रहा है। जहां निमार्णाधीन पुल करीब छह माह से अधिक समय से बन रहा है।कार्य दाई संस्था की घोर लापरवाही के चलते जर्जर पुल से क्षेत्रीय लोग निकलने को मजबूर है। जहां पुराने पुल की छत की सरिया बाहर निकल आई है, साथ ही पुल की रेलिंग भी गिर चुकी है। जिससे लगातार आवागमन जारी है, किंतु जिम्मेदार मूक दर्शक बन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे है। वहीं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से पुल के जर्जर होने के कारण वाहनो के आवागमन वर्जित है का चेतावनी बोर्ड लगाकर इति श्री कर ली गयी है, किंतु आवागमन पूर्ण रूप से चालू है। एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने बताया कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

लड़की को ले लाने पर मामला दर्ज, पुलिस कर रही तलाश

असोहा (वीओएल)। असोहा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने अपनी 19 वर्षीय पुत्री को घर से भाग जाने का प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र देते हुए महिला ने बताया कि मेरी बेटी मेरी बूढ़ी सास के साथ घर पर थी। मैं अपने खेतों में धान के पौधे रोपने गई थी। धान रोप के जब घर वापस आये तो बेटी घर पर नही मिली। काफी देर ढूंढा पर नही मिली। उसका मोबाइल भी घर ही पर मिला, घर मे कुछ सामान भी अस्त व्यस्त मिला, जब घर मे खंगाला गया तो 20 हजार रुपये नकद मेरे दो जोड़ी पायल एक पतली चांदी की चैन, बेसर व झाले तथा उसका आधार कार्ड नही मिला। महिला ने बताया कि मेरी बेटी 81 27 32 00 61 पर किसी से बात करती थी मेरी बेटी को गांव के ही हिमांशु पुत्र श्रीपाल भगाकर ले गया है। थाना अध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करते हुए वांछित की तलाश की जा रही है।

सुदृढ़ होगी सफाई व्यवस्था, बड़हलगंज को मिली मिनी जेसीबी

गोरखपुर। नगर पंचायत बड़हलगंज में स्वच्छता अभियान को परवान चढ़ाने में सक्रिय चेयरमैन प्रीति महेश उमर के प्रयासों से नगर पंचायत के स्वच्छता बेड़े में मिनी जेसीबी का आगमन हुआ। चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने नारियल तोड़ कर मिनी जेसीबी को जनता के लिए समर्पित किया।

सोमवार को नगर पंचायत बड़हलगंज के प्रांगण में मिनी जेसीबी का लोकार्पण करते हुये विधायक राजेश त्रिपाठी जेसीबी को चला कर परखा भी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिये नगर पंचायत प्रशासन की सक्रियता सराहनीय है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, जेसीबी कम्पनी के प्रतिनिधि आशीष सिंह, राजकुमार सिंह, सन्तोष जायसवाल, अष्टभुजा सिंह, सुरेश उमर, अरविन्द सिंह, सभासद रवि साहनी, दीपक शर्मा, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, ऋषि चन्द, मनमोहन पटवा, लिपिक सुनील कुमार, रविन्द्र कुमार, नगर पंचायत कर्मी सुरेश सोनकर, उमेश यादव, सत्तू तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, आशीष उमर, अमलेश भारती, पारस सोनकर, विपुल निषाद, मूरत सोनकर, नीतीश यादव, पीपाक सिंह, आजाद अहमद, पप्पू यादव, रवि कन्नौजिया, आदि मौजूद थे।

तुर्रा बाजार नाले में मिला युवक शव

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, गोरखपुर पिपराइच मार्ग पर शव रख सड़क पर जाम लगाकर किया प्रदर्शन

चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जंगल धूषण के टोला हैदरगंज निवासी एक 28 वर्षीय युवक का शव बीते रविवार को तुर्रा बाजार नालें में पड़ा मिला था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण उग्र हो उठे। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पिपराइच मार्ग पर शव सड़क पर रख हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन माने।

मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक उपेंद्र निषाद पुत्र स्व० रामनाथ निषाद उम्र 28वर्ष बालू लोडिंग ऑनलोडिंग का कार्य करता था। गत शनिवार को रोज की भांति अपने पत्नी कुसुम से सुबह पांच बजे मजदूरी करने यह कहकर निकला था कि काम पर से ससुराल कप्तानगंज चले जायेंगे जब मृतक शनिवार की रात्रि अपने ससुराल कप्तानगंज जनपद कुशीनगर नहीं पहुंचा तब अगले दिन रविवार को परिजन डायल 112 पर पुलिस को मृतक उपेंद्र को घर न आने की सूचना दिए। रविवार को ही पूर्वाह्न ग्यारह से बाहर बजे के बीच में पिपराइच को पिपराइच थाने के अंतर्गत आने वाले तुर्रा बाजार नालें में एक युवक का शव मिला।जिसकी पहचान मृतक उपेन्द्र के परिजन ने उपेंद्र के रूप में की गई। सोमवार को जब पिपराइच पुलिस पोस्टमार्टम के बाद मृत युवक के शव को सौंपा परिजन आक्रोशित हो गए व शव को दोपहर बाद चार गोरखपुर पिपराइच मार्ग पर स्थित हरिद्वार चौराहा (पप्पू कटरा) के निकट रखकर गोरखपुर पिपराइच मार्ग को घंटों जाम किए रहे, सूचना मिलने उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेंशप्रताप सिंह तहसीलदार सदर सत्य प्रकाश गुप्ता, नायब तहसीलदार सदर देवेंद्र कुमारयादव, राजस्व निरीक्षक विनय श्रीवास्तव, सीओ चौरी चौरा कुंदन कुमार सिंह सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह सहित अन्य जिला पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी व तीन थाने पिपराइच, चिलुआताल व शाहपुर की पुलिस धरना स्थल पर पहुंच कर धरना समाप्त करने का प्रयास किए परिजन दोषी अभियुक्त की गिरफ्तारी व हत्या के घटना के अनावरण की माँग बार बार दुहरा रहे थे व परिवार के एक सदस्य को नौकरी व आर्थिक सहायता की मांग कर रहे थे। असुरन पिपराइच मार्ग जाम के लगभग दो घंटे तीस मिनट बाद जिला प्रशासन व परिजन के बीच मृतक उपेंद्र के पत्नी कुसुम को नौकरी, पच्चीस लाख की आर्थिक सहायता व आवास बनाने के लिए जमीन देने के शर्त पर समाप्त हुआ।

मृतक उपेंद्र के अपने भाइयों में सबसे छोटा था उससे दो बड़े भाई इंदल निषाद व जितेंद्र निषाद हैं दो बहने भी थी नर्बदा व रुक्मणी नर्बदा के दो बच्चे है व रुक्मणी की मृत्यु हो चुकी हैं। मृतक उपेन्द्र का एक दो वर्षीय बेटा अनस है।

क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर तीन आरोपितों को हिरासत में लेकर गहनता घटना के अनावरण के लिए तथ्य जांच कर एकत्र किए जा रहे हैं। परिजन ने घटना के पीछे परिजन पुरानी रंजिश हत्या का कारण परिजन बता रहे हैं।परिजन आर्थिक सहायता सहित अन्य मदद की सरकार की मांग कर रहे हैं जिसे जिला प्रशासन स्तर से शासन को भेज दिया जाएगा।

युवकों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास, पीछा कर फायरिंग का आरोप

सैफई, इटावा क्षेत्र के नरोहली गांव में खेत पर जा रहे दो भाइयों पर टाटा सफारी चढ़ाने का प्रयास करने और पीछा कर फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने एक नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नरोहली निवासी रोहित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर करीब तीन बजे उसका छोटा भाई योगेश और आकाश खेत पर नाली साफ करने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में अनुराग पुत्र मुकेश तीन अज्ञात साथियों के साथ टाटा सफारी से पहुंचा और जान से मारने की नीयत से दोनों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। दोनों किसी तरह सड़क से कूदकर खेत की ओर भाग गए। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद अनुराग अवैध पिस्तौल लेकर उनके पीछे दौड़ा और जान से मारने की नीयत से फायर किए। आरोपित गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। पीड़ित ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपित दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं तथा आए दिन मारपीट की घटनाओं को अंजाम देकर उनके वीडियो इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहता है। पीड़ित ने अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शराब पीकर लौटे ऑटो चालक की अचानक मौत

इटावा। शहर के हर्ष नगर चैगुर्जी में किराये पर रहने वाले एक ऑटो चालक की रविवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। मृतक की पहचान शिवा 30 पुत्र सरजू तिवारी निवासी ग्राम जहांगीर, थाना मैनपुरी के रूप में हुई। वह वर्तमान में हर्ष नगर चैगुर्जी में किराये पर रहकर ऑटो रिक्शा चलाते थे और इसी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार रविवार रात करीब डेढ़ बजे शिवा शराब पीकर घर लौटे थे। कुछ देर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह गश खाकर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूचना पत्र के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन परिजन बिना किसी कार्रवाई की मांग किए शव अपने साथ घर ले गए।

कार्यालय नगर पंचायत निघासन जनपद लखीमपुर-खीरी

पंत्राक - 408/न.पं.नि./2026-27 दिनांक-21/07/2026

सार्वजानिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता अंजली सोनी पत्नी चरन सिंह सोनी निवासी वार्ड नं., गांधीनगर (04) नगर पंचायत निघासन, जिला लखीमपुर-खीरी ने विक्रेता

संक्षेप

आज से दुधवा के समस्त रेंजों में पेट्रोलियम

पलियाकलां खीरी। तो ग्लोबल टाइगर डे 29 जुलाई के परिप्रेक्ष्य में दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी की समस्त रेंजों में लांग पेट्रोलिंग प्रारंभ की गई। यह पेट्रोलिंग अनवरत रुप से 24 घण्टे जारी रहेगी। इसका शुभारंभ आज प्रातः श्री महावीर सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा द्वारा दुधवा पर्यटन परिसर में हरी झण्डी दिखाकर किया गया। शेष रेंजों की टीमों द्वारा पेट्रोलिंग अपनी-अपनी रेंजों में अपने-अपने लीडर के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया। दुधवा पर्यटन परिसर में दुधवा रेंज की टीम एवं सुरक्षा दल की टीम द्वारा पेट्रोलिंग प्रारंभ की गई। इस पेट्रोलिंग की मानीटरिंग वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, श्री दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बेलरायां के साथ अन्य उच्च अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस लांग पेट्रोलिंग में समस्त प्रकार पेट्रोलिंग सम्मिलित है, चार पहिया, दो पहिया वाहन, साइकिल, पैदल, हांथी, नांव आदि। इनमें पैदल पेट्रोलिंग को वरीयता दी गई है। आज विपरीत मौशम के बावजूद समस्त टीमों की लांग पेट्रोलिंग निरंतर जारी है।

लुटेरे ने महिला से की लूटपाट, केस दर्ज

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्र में रविवार की देर शाम एक अज्ञात बाइक सवार लुटेरे ने महिला के साथ कुंडल छीनने की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम बरतारा निवासी विनीता देवी ने बताया कि में अपने पति देवेन्द्र के साथ अपनी एच एफ डीलक्स बाइक पर सवार होकर अपनी सुसराल से उचौलिया थाना के ग्राम मुरादपुर अपने मायके जा रही थी, जैसे ही हम दोनों नेशनल हाइवे 730 से मोहदियापुर से रतनपुर जाने वाले मार्ग पर पिपराह ग्रांट गांव के पास पहुंचे तभी पीछे से एच एफ डीलक्स बाइक से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति ने मेरी बाइक के बराबर में आकर पहले मेरा साड़ी कापल्लू खींचा फिर झपट्टा मारकर मेरे दोनों कानों के कुंडल नोचकर फरार हो गया। में साइकिल नंबर घबराहट के वजह से नहीं पढ़ पायी।घटना के बाद देवेंद्र ने लुटेरे का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन लुटेरा पकड़ में नहीं आया। घटना की सूचना मिलते ही उचौलिया थाना प्रभारी अवधराज सेंगर और सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आस पास के लोगों से पूछताछ कर लुटेरे की पहचान और तलाश में जुटी गई,साथ में आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाले जा रहे है, जांच के दौरान एक सी सी टीवी कैमरे मे लुटेरे के भागते हुए का संदिग्ध तस्वीर भी कैद हुआ पाया गया है,जिसे पुलिस अपने साथ लेकर गई है।साथ ही पुलिस ने घटना का जल्द खुलासा करने के लिए टीमों का गठन कर निरक्षण एवं साक्ष्य जुटाने का कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बी एन एस की धारा 304 में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। महिला के साथ कुंडल छीनने की घटना हुई है, पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, टीम लगी हुई है, जांच की जा रही है।अवधराज सेंगर थाना प्रभारी उचौलिया, अरुण कुमार सिंह सी ओ ने कहा कि जानकारी होते ही घटना स्थल का मुआयना किया था, आस पास लगे सी सी टीवी फुटेज खंगाली जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

जिला परिषद की बैठक में आगामी कार्यक्रमों को मिली मंजूरी

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ.प्रभात कुमार के निर्देशन में भारत स्काउट एंड गाइड की जिला परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएम एवं परिषद की अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने की। बैठक की शुरूआत स्काउट प्रार्थना के साथ हुई और सभी सदस्यों व स्काउट-गाइड पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। डीएम ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड केवल एक संगठन नहीं, बल्कि बच्चों में सेवा, संस्कार, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सक्रिय स्काउट-गाइड के माध्यम से जनहित के संदेश सीधे समाज तक पहुंचाए जा सकते हैं। डीएम ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे स्काउट-गाइड से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें। उन्होंने कहा कि यह मंच बच्चों को अनुशासित, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। स्काउट-गाइड की स्थापना जिन उद्देश्यों के लिए हुई थी, वे पूरी निष्ठा के साथ साकार हों, यही शुभकामना है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड के छात्र अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनकी भागीदारी से समाज में जनजागरूकता के अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकते हैं। बैठक में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय अनुमोदन, वार्षिक आयव्यय प्रस्तुतीकरण, वर्ष 2026-27 के प्रशिक्षण व कार्यक्रमों के अनुमोदन समेत कुल 03 एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा और अनुमोदन किया गया। जिला कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक का संचालन जिला सचिव डॉ केसी मिश्रा एवं पर्यवेक्षण सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त लखनऊ मंडल गरिमा पाल ने किया। उन्होंने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, डीआईओएस विशाल सिंह, स्काउट सचिव केसी मिश्र, जिला प्रशिक्षण आयुक्त बीडी भार्गव सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने स्काउट-गाइड गतिविधियों के विस्तार और सामाजिक अभियानों में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

96 बोरी यूरिया की कालाबाजारी पर किसानों का हंगामा

धौरहरा खीरी। ईसानगर क्षेत्र की फिरोजाबाद बी-पैक्स में तीन दिन पूर्व 96 बोरी यूरिया की कथित कालाबाजारी को लेकर किसानों में आक्रोश है। किसानों ने समिति के सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए शपथ पत्र के साथ मुख्यमंत्री,प्रधानमंत्री सहित कई उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। किसानों का आरोप है कि समिति से 96 बोरी यूरिया ट्रैक्टर-ट्राली में लादकर ब्लैक मार्केट में बेचने के उद्देश्य से भेजी गई।इस दौरान ट्रैक्टर-ट्राली में यूरिया लादने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समिति में क्षेत्र के किसान संतराम, रामू,राजपति,सुरेश,महेशा देवी, रामरानी,बालकराम,भारत व सुशीला देवी ने सोमवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम राशि कृष्णा,जिला कृषि अधिकारी, आयुक्त निबंधन सहकारिता, मंडलायुक्त सहित मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित (शपथपत्र)प्रार्थना पत्र सौंपा।

किसानों का कहना है कि एक ओर आम किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए समितियों के चक्कर काट रहा है,उसे बताया जाता है कि सर्वर नही होने से मशीन नहीं चल रही,जबकि दूसरी ओर बिचौलियों को ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर यूरिया उपलब्ध कराई जा रही है।किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा यूरिया वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग की है। वही सचिव दयाशंकर मिश्रा ने आरोपों को निराधार बताया है। इस मामले में एसडीएम धौरहरा राशी कृष्णा ने बताया कि किसानों की शिकायत और वायरल वीडियो की जांच की जा रही है,दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा के जन्मदिवस पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली में सेवा कार्य आयोजित किया गया। भाजपा नेता अनुराग तिवारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए तथा उनका हालचाल जाना। अनुराग तिवारी ने कहा कि भाजपा ह्यह्यसेवा ही संगठनह्यह्य के सिद्धांत पर कार्य करती है और समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश महामंत्री के जन्मदिन को सेवा कार्यों से जोड़ते हुए यह आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र शुक्ला, मंडल महामंत्री अरविंद, युवा मोर्चा नेता प्रशांत भदौरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभिजात मिश्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मरीजों और उनके परिजनों ने इस सेवा पहल की सराहना की।

भाई ने लगाया पुलिस की अभिरक्षा में मौत का आरोप

लखीमपुर खीरी। थाना शारदानगर पुलिस की अभिरक्षा में एक युवक की मौत होने के बाद गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। 2 दिन से चल रहे घमासान के बाद पुलिस प्रशासन ने समझा बुझाकर कर अंतिम संस्कार सोमवार को करवा दिया।

शिव कुमार (20) पुत्र भगवानदीन निवासी मूलचंद्र पुरवा, थाना फूलबेहड़ को शारदा नगर पुलिस गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद के चलते रविवार को लेकर आई थी। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो दिनों से शारदानगर थाने में बंद था। सोमवार को मेडिकल परीक्षण के लिए शारदानगर से ओयल अस्पताल ले जाते समय शिव कुमार की मौत हो गई। मृतक के भाई हरगोविंद ने आरोप लगाया है कि शारदा नगर पुलिस की अभिरक्षा में भाई की मौत हुई। शारदा नगर पुलिस उनके भाई शिवकुमार को पूछताछ के नाम पर शारदा नगर थाने पर ले गई।आरोप है कि एक होमगार्ड का फोन आया कि जल्दी खंभार खेड़ा चीनी मिल आ जाओ तुम्हारे भाई की तबीयत खराब है वहां पहुंचा तो रोड के किनारे उनका भाई मरणासन्न में पड़ा था मुंह से झाग निकल रहा था थोड़ी देर बाद शारदा नगर पुलिस के सिपाही आए उनके भाई को ओयल हॉस्पिटल मोतीपुर लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह खबर जैसे ही गांव में पहुंची मामला तूल पकड़ गया हर गोविंद ने शारदा नगर पर हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया डीएम एसपी को बुलाते हुए मुआवजा देने की मांग पर पड़ गए। रविवार की देर रात अंतिम संस्कार कराया गया सोमवार को एसडीएम एवं पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के भाई हरगोविंद की तहरीर पर गांव के चार ग्रामीण के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि हुई है विसरा प्रिजर्व कर लिया गया है।

श्रावण मेले से पहले शिव मंदिर कॉरिडोर को पूरा करने में जुटा प्रशासन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। 30 जुलाई से शुरू होने वाले ऐतिहासिक श्रावण मेले में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों शिवभक्तों के आगमन को देखते हुए प्रशासन छोटी काशी में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। शिव मंदिर कॉरिडोर, परिक्रमा मार्ग, बैरीकेटिंग, मार्ग समतलीकरण और अन्य व्यवस्थाओं पर युद्ध स्तर पर काम कराया जा रहा है। हालांकि अधिकांश कार्यों में तेजी आई है, लेकिन मेले के शुभारंभ से ठीक पहले भी कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे हैं।

परिक्रमा मार्ग का लिंटर खोल दिया गया है तथा शटरिंग हटाने का कार्य पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों के अनुसार अब मार्ग को समतल कर उस पर कंक्रीट की अंतिम परत बिछाई जाएगी, जिससे बरसात के दौरान भी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम तरीके से परिक्रमा करने में कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही मार्ग के किनारों की फिनिशिंग और जल निकासी की व्यवस्था पर भी काम चल रहा है। सोमवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से लोहे की बैरीकेटिंग की तीन लाइनें तैयार की जा रही थीं। मेला शुरू होने के दौरान इन्हीं बैरीकेटिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं की कतारों को नियंत्रित किया जाएगा, ताकि भीड़ के दबाव को कम किया जा सके और दर्शन व्यवस्था सुचारु बनी रहे। एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी ने अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा के साथ शिव मंदिर पहुंचकर कॉरीडोर निर्माण कार्य और मेला तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने तथा शेष कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर भी संबंधित विभागों की टीमें लगातार सक्रिय हैं। प्रशासन का दावा है कि श्रावण मेले के शुभारंभ से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में पिछले कुछ दिनों के दौरान तेजी आई है, लेकिन अभी भी कई स्थानों पर फिनिशिंग का काम शेष है। ऐसे में सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मेले के शुभारंभ से पहले अधूरे कार्य कितनी तेजी से पूरे हो पाते हैं।

संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए सीतापुर प्रशासन सतर्क

सीतापुर। मानसून के बीच संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए सीतापुर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस, सिंचाई, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग संयुक्त रूप से अति संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। फिलहाल जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है, लेकिन प्रशासन ने किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए व्यापक इंतजाम कर लिए हैं। अपर जिलाधिकारी ने सोमवार को बताया कि जनपद में शारदा और घाघरा नदियों के जलस्तर की हर घंटे निगरानी की जा रही है। वर्तमान में शारदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 0.59 मीटर नीचे तथा घाघरा नदी का जलस्तर 1.63 मीटर नीचे है। दोनों नदियों का पानी अभी नदी की धारा के भीतर बह रहा है और किसी आबादी वाले क्षेत्र में खतरे की स्थिति नहीं है। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन ने तीनों तहसीलों में 18 बाढ़ चैकियां स्थापित कर दी हैं। अति संवेदनशील गांवों में 19 बाढ़ शरणालय तैयार किए गए हैं, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं को सक्रिय रखने के लिए 15 मेडिकल टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा जिले में 171 नावें, दो मोटर बोट, पर्याप्त लाइफ जैकेट, गोताखोरों और आपदा मित्रों की तैनाती की गई है। पीएसी की द्वितीय वाहिनी भी संवेदनशील इलाकों में कैंप कर रही है। जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित किया जा रहा है। यहां से नदियों के जलस्तर और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में आमजन 05862-245753 या टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

सर्प दंश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पलियाकलां खीरी। आज पलिया रेंज के अंतर्गत स्थित बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय/थारू छात्रावास में सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को साँपों की विभिन्न प्रजातियों, उनकी पारिस्थितिकी में महत्वपूर्ण भूमिका तथा साँपों के प्रति फैली भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जागरूकता बढ़ाना, अनावश्यक भय को दूर करना तथा वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था।

कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी वीर शहीदों के शौर्य को किया नमन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीजीएन (पीजी) कॉलेज में सोमवार को राजनीतिशास्त्र विभाग एवं जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली (अवध प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी हुई। प्राचार्य प्रो.

पंकज सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में संयोजक डॉ. विवेक कुमार सिंह ने केंद्र के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। असि. प्रो. गौरव अवस्थी, विश्वनाथ एवं डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल ने कारगिल युद्ध के सैन्य, राजनीतिक और प्रेरणादायी पक्षों पर विचार रखे। डॉ. नवनीत कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली (अवध प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर गोष्ठी हुई। प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के साहस और पराक्रम का प्रतीक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आदर्श दीक्षित ने कारगिल के वीर शहीदों के शौर्य का उल्लेख किया। छात्राओं अनमोल गुप्ता, काजल मिश्रा व इशिका गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर याद किए गये मिसाइलमैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत रत्न एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर सोमवार को नगर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सादगी, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति और वैज्ञानिक सोच का प्रतीक बताया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम ने अपने ज्ञान, सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा से पूरे देश को नई दिशा दी। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने भारत को विज्ञान एवं रक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए कहा कि सादगी, सत्यनिष्ठा और समर्पण की भावना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग विभाग रामकुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार वर्मा, यूसुफ अली इदरीसी, उमेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष के.के. मिश्रा, अनंत राम गौतम, फकीर मोहम्मद, नाजिम खान, रियासत खान, पंकज पटेल, विक्रम पटेल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

पुलिस ने 16 जुआरी को किया गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कमलापुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 16 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से आरएस56,500 की मालफड़, 260 ताश के पत्ते, 15 मोबाइल फोन, दो तिरपाल, दो सफेद गमछे तथा आरोपियों की तलाशी में आरएस9,070 नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई को क्षेत्राधिकारी सिधौली विशाल गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ईतुल चैधरी के नेतृत्व में कमलापुर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर छापेमारी कर जुआ खेल रहे 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सीतापुर नगर, कमलापुर, सिधौली, अटरिया और लहरपुर क्षेत्र के निवासी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से पांच गड्डियों में कुल 260 ताश के पत्ते, आरएस56,500 की मालफड़, दो सफेद गमछे, दो तिरपाल तथा 15 मोबाइल फोन बरामद किए। आरोपियों की व्यक्तिगत तलाशी में आरएस9,070 नकद भी मिला। इस संबंध में थाना कमलापुर मे धारा 13 के तहत जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ईतुल चैधरी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई को जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि जनपद में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

सहायक अध्यापक निलंबित

सीतापुर। सकरन विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बोहरा में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आने पर बेसिक शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। विद्यालय के सहायक अध्यापक जितेन्द्र कुमार रस्तोगी को खंड शिक्षा अधिकारी की प्रबल संस्तुति पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच में पाया गया कि 27 जुलाई को विद्यालय बंद मिला, जबकि शिक्षक बिना अनुमति अनुपस्थित थे। आरोप है कि विद्यालय अवधि में स्वेच्छा से स्कूल बंद रखा गया, एक अनधिकृत व्यक्ति को विद्यालय परिसर में लाया गया तथा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। इसके अलावा शिक्षक पर टाइम एंड मोशन स्टडी संबंधी शासनादेश के प्रावधानों का उल्लंघन, शिक्षण कार्य की उपेक्षा तथा विद्यालय में गुटबाजी कर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर शैक्षिक वातावरण खराब करने का भी आरोप है। विभाग का मानना है कि इन कृत्यों से न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई, बल्कि शिक्षा विभाग की छवि भी धूमिल हुई।खंड शिक्षा अधिकारी सकरन की रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए सहायक अध्यापक जितेन्द्र कुमार रस्तोगी को निलंबित कर दिया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विद्यालयों में अनुशासनहीनता और शैक्षिक कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी कर्मियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

नयी रेल सेवा की शुरुआत, पहले दिन 225 यात्रियों ने किया सफर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। वर्षों के इंतजार के बाद शुरू हुई कासगंज-ऐशबाग पैसेंजर ट्रेन को पहले ही दिन यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला। नई रेल सेवा से उत्साहित यात्रियों ने बड़ी संख्या में सफर किया। पहले ही दिन अप और डाउन दोनों दिशाओं में करीब 225 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को लगभग 25 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। नियमित यात्रियों, विशेषकर अधिवक्ताओं ने भी सीजन टिकटों का नवीनीकरण कर इस रेल सेवा पर भरोसा जताया।

सोमवार सुबह कासगंज से ऐशबाग जाने वाली पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब नौ मिनट की देरी से गोला गोकर्णनाथ रेलवे स्टेशन पहुंची। वहीं ऐशबाग से वापसी के दौरान यही ट्रेन लगभग 57 मिनट विलंब से गोला पहुंची। पहले दिन हल्की देरी के बावजूद यात्रियों का उत्साह कम नहीं दिखा और स्टेशन पर ट्रेन से यात्रा करने वालों की अच्छी खासी भीड़ रही। वाणिज्य अधीक्षक रामबहादुर कुशवाहा के अनुसार पहले दिन अप और डाउन दोनों दिशाओं में लगभग 225 यात्रियों ने यात्रा की। विभिन्न स्टेशनों के लिए जारी टिकटों की बिक्री से करीब 25 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अलावा पहले से जारी 20 सीजन टिकटों का भी नवीनीकरण किया गया। इनमें सबसे अधिक संख्या अधिवक्ताओं की रही, जो नियमित रूप से इस रेलखंड पर आवागमन करते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ट्रेन के संचालन से गोला गोकर्णनाथ, मैलानी, पलिया सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को लखनऊ और अन्य स्टेशनों तक आने-जाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस रेल सेवा की मांग की जा रही थी। पहले ही दिन यात्रियों की अच्छी संख्या और टिकट बिक्री ने यह संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में इस ट्रेन का लाभ लेने वालों की संख्या और बढ़ेगी।

गौरीशंकर को अर्पित की गयी चांदी के 21 बेलपत्रों की माला

सीतापुर। श्रावण मास के पावन अवसर पर हरगांव स्थित ऐतिहासिक सूर्यकुंड तीर्थ स्थल के गौरीशंकर मंदिर में रविवार देर शाम भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। शिव भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गौरीशंकर का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर चांदी के 21 बेलपत्रों से निर्मित विशेष माला अर्पित की। पूरे मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना के साथ विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई। सामूहिक रूप से ह्यॐ नमः शिवायह्य के जाप और ह्यहर-हर महादेवह्य के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालु देर रात तक भजन-कीर्तन और दर्शन-पूजन में जुटे रहे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान गौरीशंकर का पूजन किया और प्रदेश व जनपद की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सौरभ मिश्र, मूलेंद्र शुक्ला, राजेंद्र मिश्र ह्यसिम्मूह्य, उदित बाजपेई, कैलाश अवस्थी, अनिल त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। धार्मिक आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। श्रावण माह में आयोजित इस विशेष अनुष्ठान ने सूर्यकुंड धाम की धार्मिक गरिमा को और अधिक बढ़ाया तथा श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का

51वीं अंतर्जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता का समापन

सीतापुर। लखनऊ जोन की 51वीं अंतर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स, रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता-2026 का तीन दिवसीय आयोजन सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, सीतापुर में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी लाइन्स ने विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 जुलाई को 11वीं वाहिनी पीएसी स्थित फायरिंग रेंज पर अलार्म एफिशिएंसी रेस से हुआ था। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के 10 जनपदों एवं इकाइयों के कुल 57 उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने छह विभिन्न स्पधाओं में भाग लेते हुए निशानेबाजी, फिटनेस और अनुशासन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मेजबान सीतापुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां अपने नाम कीं। अलार्म एफिशिएंसी रेस में सीतापुर टीम ने सर्वश्रेष्ठ समय और प्रदर्शन के आधार पर चल वैजयंती हासिल की। वहीं पुरानी राइफल शूटिंग स्पर्धा में 384 अंक अर्जित कर भी सीतापुर ने पहला स्थान प्राप्त किया। स्टेन और कार्बाइन शूटिंग स्पर्धा में अमेठी ने 295 अंकों के साथ चल वैजयंती जीती, जबकि रिवाल्वर एवं पिस्टल शूटिंग में सुरक्षा शाखा की टीम ने 321 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वेटरन वर्ग में उपनिरीक्षक (सशस्त्र पुलिस) अवधेश कुमार शर्मा 21 अंकों के साथ प्रथम और उपनिरीक्षक (सशस्त्र पुलिस) ओम प्रकाश 14 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। समापन अवसर पर अधिकारियों ने प्रतियोगिता को निष्पक्ष, सुरक्षित और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोजन समिति, विभिन्न जनपदों से आए टीम प्रबंधकों तथा खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं पुलिस बल की कार्यकुशलता, निशानेबाजी क्षमता और टीम भावना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सभी विजे

संक्षेप

महिला आयोग सदस्य ऋतु शाही ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

अयोध्या। राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने सोमवार को जनपद का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने महिला जनसुनवाई, जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक,एवं जागरूकता चैपाल का आयोजन तथा अन्य महिला कल्याण गतिविधियों का मूल्यांकन किया। सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्य ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं की समस्याएं, आर्थिक सहायता, सुरक्षा, शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जनपद का महिला कल्याण विभाग महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील तरीके से कार्य कर रहा हैं, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए।जनसुनवाई के दौरान लगभग 182 महिलाएं उपस्थित रही और कुल मिलाकर 22 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमे 19 की समस्याओ का निस्तारण तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कर दिया गया।

आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 31 को

अयोध्या। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में 31 जुलाई को प्रातः 10 से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सरकारी व गैर सरकारी विभाग त्रिभुवन इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, के.एम. शुगर मिल अयोध्या, यश पेपर मिल आदि कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। कम्पनियों को आईटीआई पास प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है उक्त कंपनी साक्षात्कार द्वारा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिये अभ्यर्थियों का चयन करेंगी ।इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई 2026 को समयनुसार अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित हो। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु जनपद की विभिन्न कम्पनियाँ विभिन्न व्यवसायों को शिशिक्षु प्रशिक्षण कराने हेतु प्रतिभाग कर रही है। उक्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या के प्रधानाचार्य ने दी है।

गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का होगा सम्मान

अयोध्या। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई की एक बैठक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल ने की और संचालन महामंत्री रत्नेश सिंह ने किया। जिला सहकारी बैंक में 29 जुलाई दोपहर 3 बजे गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा ,बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, राजीव शुक्ला, अनीता पाठक, कर्मवीर सिंह, दीप्ति पांडे, आदित्य पांडे, आशुतोष पांडे, सुरेश सिंह मुरलीधर शुक्ला,, संजय रस्तोगी, सारंगधर मिश्रा ,कर्मवीर सिंह ,रामजी गुप्ता सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

एसपी ने सुनी पेंशनरों की समस्या

- सेवानिवृत्ति के बाद भी पुलिस कर्मियों का अनुभव समाज और पुलिस विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : रवि कुमार

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने रविवार को पुलिस कार्यालय स्थित किरण हॉल में जनपद के समस्त पुलिस पेंशनरों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी का उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनना, उनके सुझाव प्राप्त करना तथा उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाना रहा।

गोष्ठी के दौरान पुलिस पेंशनरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। एसपी रवि कुमार ने सभी की बातें गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस पेंशनरों का सम्मान और उनकी समस्याओं का समाधान विभाग की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी पुलिस कर्मियों का अनुभव समाज और पुलिस विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पेंशनरों से अपने लंबे सेवाकाल के अनुभवों का उपयोग समाजहित एवं पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहयोग के रूप में देने का आह्वान किया। गोष्ठी में बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य शाखा प्रबंधक रितेश सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने पुलिस पेंशनरों को बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं, पेंशन संबंधी सेवाओं, डिजिटल बैंकिंग तथा अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बैंकिंग से जुड़ी समस्याओं के समाधान और आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस पेंशनरों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गोष्ठियां उनके लिए लाभदायक साबित होती हैं, क्योंकि इससे उनकी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने और उनके समाधान का अवसर मिलता है। गोष्ठी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

रहस्यमयी सुरंग में मिली प्राचीन मिट्टी की सुराही, हैंडलयुक्त धूपदानी

महराजगंज रायबरेली। विकास खंड क्षेत्र के ओई गांव में टीले पर स्थित खेत की जमीन धंसने से दिख रही रहस्यमयी सुरंग एवं प्राचीन ईंटों की दीवाल के चार दिन बीतने के बाद भी प्रशासनिक अमला निष्क्रिय नजर आ रहा। मौके पर किसी प्रकार की बैरिकेडिंग या सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम न होने से जमा हो रही भीड़ में से युवक अंदर कूद जान जोखिम में डाल रहे। जिस पर सोमवार को सुरंग में कूदे युवकों के हाथ प्राचीन मिट्टी की सुराही, हैंडलयुक्त धूपदानी (हंडी) हाथ लगी जो की किसी मानव सभ्यता का राज दफन होने की निशानी को दर्शा रही। जिस पर खेत धसने की जगह पर कौतुहलता वश सैकड़ो लोगो का जमावड़ा बिना पुख्ता सुरक्षा एवं तारबंदी के खतरा बढ़ा रहा।

मालूम हो की शुक्रवार को हुई बारिश के दौरान ओई गांव स्थित खेत की जमीन धसने से सुरंगनुमा रास्ता दिखने लगा जिस पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचें एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम द्वारा स्थल का निरीक्षण कर डीएम को अवगत कराया गया जिस पर डीएम सरनीत कौर ब्रोका द्वारा पुरातत्व विभाग को पत्र लिखा गया। किन्तु चार दिन बाद भी स्थिति जस की तस नजर आ रही। जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही। ग्रामीणों का कहना है की अधिक भीड़ लगातार सुरंग के पास आ रही जिस पर सुरक्षा घेरा लगा पुरातत्व विभाग से जल्द से जल्द खुदाई शुरू कराई जाए।

एनएसबीवीएम में मनायी गयी डॉ.एपीजे कलाम की पुण्यतिथि

रायबरेली। न्यू स्टैंण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि के अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह एवं एकेडमी इंचार्ज नितिन सिंह, टीचर्स तथा बच्चों ने मिसाइल मैन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर स्कूल की स्टूडेंट प्रेरणा पाण्डेय ने कलाम के जीवन से संबंधित अनेक जानकारियों से अपने सहपाठियों को अवगत कराते हुए उनकी प्रसिद्ध पंक्ति पढ़ी- यदि आप असफल हो जाते हैं तो कभी हार ना माने इसी क्रम में स्कूल के शिक्षक शैलेन्द्र सिंह ने डॉ. अब्दुल कलाम के जीवन की आद्योपान्त जानकारी देते हुए उनके एक कीमती विचार से बच्चों को अवगत कराया- यदि आप सूरज की तरह चमकना चाहते हैं, तो पहले सूरज की तरह जलना सीखें।

अंत में प्रधानाचार्य ने देश के महान वैज्ञानिक भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम के संबंध में बच्चों को अनेक जानकारियां देते हुए उनके प्रेरक विचारों से अवगत कराते हुए कहा - सपने वह नहीं होते जो हम नींद में देखते हैं, सपने वह हैं जो हमको नींद नहीं आने देते। वास्तव में कलाम का संपूर्ण जीवन सदैव हम सबको प्रेरित करता रहेगा।

कंप्यूटर लैब का भव्य उद्घाटन संपन्न

लालगंज रायबरेली। विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, रामलीला मैदान, लालगंज में नवस्थापित कंप्यूटर लैब का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत आगंतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ट्रेलेबोर्ग कंपनी प्रा. लि., कानपुर के निदेशक रामेंद्र कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र पूर्वी उ.प्र.तथा प्रदेश निरीक्षक, भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र. राम जी सिंह बतौर कार्यक्रम के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता सिंह ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए कहा कि यह कंप्यूटर लैब छात्राओं के डिजिटल कौशल, नवाचार एवं तकनीकी ज्ञान को नई दिशा प्रदान करेगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि रामेन्द्र कुमार शर्मा जी ने माँ सरस्वती के समक्ष नारियल फोड़कर

कंप्यूटर लैब का भव्य उद्घाटन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक शिक्षा में कंप्यूटर एवं डिजिटल तकनीक का विशेष महत्व है। अध्यक्षीय उद्बोधन में रामजी सिंह ने विद्यालय परिवार को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह कंप्यूटर लैब छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्षा इन्दु बाजपेयी , विद्यालय के प्रबंधक हरिद्वार सिंह , कोषाध्यक्ष शिवकुमार त्रिवेदी , बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे , प्रबंधक सचिन रस्तोगी , विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडे , शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक , प्रबंधक कैलाश बाजपेयी , कोषाध्यक्ष कौशलेन्द,नगर प्रचारक अभिषेक , विद्यालय परिवार, अभिभावकगण एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

मरीजों को नहीं मिल रही जांच रिपोर्ट की प्रिंट कॉपी

- कुमारगंज सौ शैय्या चिकित्सालय की पैथोलॉजी का प्रिंटर महीनों से खराब

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज स्थित सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में पैथोलॉजी विभाग का प्रिंटर पिछले एक माह से खराब पड़ा है। इसके चलते अस्पताल में प्रतिदिन होने वाली विभिन्न जांचों की रिपोर्ट मरीजों को प्रिंट के रूप में उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अस्पताल प्रशासन फिलहाल मरीजों को व्हाट्सएप के माध्यम से जांच रिपोर्ट भेजकर काम चला रहा है, लेकिन इससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों के ब्लड टेस्ट सहित अन्य पैथोलॉजी जांचें की जाती हैं। रिपोर्ट तैयार होने के बाद उसका प्रिंट न मिलने से मरीजों को मोबाइल पर भेजी गई रिपोर्ट ही डॉक्टर को दिखानी पड़ रही है।गांवो के जिन मरीजों के पास एंड्रॉयड मोबाइल या व्हाट्सएप की सुविधा नहीं है, उन्हें सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। कई मरीजों को बिना प्रिंट रिपोर्ट के मायूस होकर लौटना पड़ता है या फिर किसी अन्य के मोबाइल की सहायता लेनी पड़ती है। कुमारगंज सौ शैय्या चिकित्सालय में अयोध्या जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर और अमेठी से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। अधिकांश मरीज ग्रामीण परिवेश से होने के कारण उनके पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं होता, जिससे डिजिटल माध्यम से रिपोर्ट प्राप्त करना उनके लिए आसान नहीं है। इस संबंध में जब अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. रवि पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पैथोलॉजी का प्रिंटर ठीक कराने के लिए पीओसीटी कंपनी अपने साथ ले गई है। यही कंपनी अस्पताल की लैब का संचालन करती है। उन्होंने बताया कि प्रिंटर को शीघ्र वापस उपलब्ध कराने के लिए कंपनी से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक प्रिंटर नहीं भेजा गया है। अब कंपनी को दोबारा रिमाइंडर भेजा जा रहा है ताकि जल्द से जल्द प्रिंटर उपलब्ध हो सके और मरीजों को जांच रिपोर्ट की प्रिंट कॉपी मिलना शुरू हो जाए।

प्राचीन कोटहिन भवानी मंदिर परिसर का 79.77 लाख की लागत से होगा विकास

अमानीगंज-अयोध्या। क्षेत्र के घटौली गांव स्थित प्राचीन कोटहिन भवानी मंदिर परिसर का विकास 79.77 लाख की लागत से होगा। सोमवार को विधि विधान से पूजन के पश्चात निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। कामाख्या धाम के चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ला, प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, पूर्व प्रमुख कमलेश यादव ने भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के प्रयास से पर्यटन विभाग ने मंदिर परिसर में यात्री सुविधाओं के विकास के लिए धन अवमुक्त किया है।

मंदिर परिसर में यात्री निवास, रसोईघर, शौचालय, परिसर की इंटरलॉकिंग एवं प्रवेशद्वार का निर्माण होना है।सीएनडीएस ने निर्माण कार्य के लिए एएलटी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से अनुबंध किया है। प्राचीन मंदिर में स्थानीय लोगों की गहरी आस्था है, पूजन के लिए श्रद्धालु आते रहते हैं। मंदिर में नवरात्र में दुर्गा पूजा एवं श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर श्रीराम कथा का आयोजन और भण्डारा होता है। इस मौके पर पूर्व प्रधान जगदंबा प्रसाद वर्मा, बरसाती राही, संतोष मौर्य, शैलेन्द्र तिवारी, अनूप दुबे, परमानंद यादव, विनोद दुबे, चंद्र प्रकाश तिवारी, गौतम सिंह, जगतराम यादव, अवधेश यादव, आशीष यादव, राकेश यादव, प्रेमचंद कौशल आदि मौजूद रहे।

एम्स के डॉक्टरों ने महिला के शरीर से निकाला 7.5 किलोग्राम का गर्भाशय ट्यूमर

रायबरेली। सर्जरी के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए, रायबरेली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टरों ने एक जटिल बहु-विभागीय सर्जिकल प्रक्रिया के जरिए 46 साल की महिला के शरीर से 7.5 किलोग्राम वजन का एक बहुत बड़ा गर्भाशय ट्यूमर सफलतापूर्वक बाहर निकाला। मरीज के पेट में लगातार सूजन बढ़ रही थी और जांच में पता चला कि उनके गर्भाशय में एक बहुत बड़ा ट्यूमर है, जिसका आकार लगभग 30 .30 .20 सेमी था और जिसने पेट के लगभग पूरे हिस्से को घेर रखा था। विस्तृत जांच में गर्भाशय में फाइब्रॉएड और अम्बिलिकल हर्निया (नाभि के पास हर्निया) होने का भी पता चला। मरीज को पहले से ही डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या थी, जिससे सर्जरी तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण हो गई थी।

यह जटिल सर्जरी प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्षा, डॉ. पारुल सिन्हा और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अपाला प्रियदर्शिनी की देख-रेख में सफलतापूर्वक की गई। अम्बिलिकल हर्निया के इलाज के लिए जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. शिरीष ने टीम की मदद की, जबकि एनेस्थिसिया विभाग के डॉ. कालीचरण दास ने एनेस्थीसिया का काम बखूबी संभाला।

ऑपरेशन तीन घंटे से ज्यादा समय तक चला, जिसके दौरान पूरे ट्यूमर और उससे जुड़ी अन्य विकृतियों को सफलतापूर्वक हटा दिया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी बिना किसी परेशानी के हुई और अब उन्हें स्वस्थ और स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

सावन मेले में श्रद्धालुओं को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

श्रावण मेला, कांवड़ यात्रा और झूला मेले को लेकर अयोध्या नगर निगम अलर्ट

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रावण मेला, कांवड़ यात्रा और सावन झूला मेले को लेकर अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या नगर निगम ने व्यापक और बहुस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वच्छता, पेयजल, आश्रय, स्नान, प्रसाधन, यातायात प्रबंधन और जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाया गया है। पूरे मेला क्षेत्र में 24 घंटे सफाई व्यवस्था संचालित की जा रही है, जिसकी नियमित निगरानी अयोध्या नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं कर रहे हैं। अयोध्या नगर निगम के नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार ने बताया कि नगर निगम के नागेश्वर नाथ मंदिर और मणिपर्वत मंदिर के आसपास

विशेष सफाई अभियान चलाया है। नागेश्वर नाथ मंदिर की सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मैट बिछाए गए हैं। वहीं तुलसी उद्यान, राम की पैड़ी, साकेत अंडरपास, भजन संध्या स्थल और बूथ-4 के समीप अस्थायी आश्रय स्थल विकसित किए गए हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को विश्राम की सुविधा मिल सके। मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रमुख स्थलों, शौचालयों और चेंजिंग रूम के आसपास दिशा सूचक साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं। अयोध्या धाम के सभी मेला क्षेत्रों में चैबीसों घंटे सफाई अभियान चल रहा है, जबकि सरयू तट के सभी घाटों की नियमित धुलाई जेटिंग मशीनों से कराई जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने 471 बायो शौचालय स्थापित किए हैं, जिनका उपयोग पूरी तरह निशुल्क किया जा रहा है। सरयू स्नान के बाद महिलाओं के लिए नौ स्थायी और 100 अस्थायी चेंजिंग रूम भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे महिला श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधा मिल रही है। पेयजल व्यवस्था को भी विशेष रूप से मजबूत किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 85 वाटर कूलर स्थापित हैं, जिनमें अयोध्या धाम क्षेत्र में 48 और अयोध्या कैंट क्षेत्र में 37 वाटर कूलर संचालित हैं। इसके अलावा 25 वाटर कियोस्क भी लगाए गए हैं, जिनमें 18 अयोध्या धाम और सात अयोध्या कैंट क्षेत्र में हैं। इन सभी केंद्रों से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को निशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से यूजर एंड प्वाइंट से जल के नमूने लेकर परीक्षण भी कराया जा रहा है।

बच्चों के बेहतर भविष्य की कुंजी है अर्ली इंटरवेंशन, महिलाओं को किया जागरूक

सुलतानपुर (वीओएल)। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के लिए कार्यरत अद्वैत फाउंडेशन ने दुबेपुर ब्लॉक के पकड़ी गांव में सोमवार महिलाओं एवं माताओं के लिए अर्ली इंटरवेंशन (प्रारंभिक हस्तक्षेप) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं विकासात्मक समस्याओं की समय रहते पहचान और उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था की प्रतिनिधि डॉ. अर्चना शुक्ला ने कहा कि यदि बच्चों में विकास संबंधी किसी भी प्रकार की देरी या दिव्यांगता के शुरूआती लक्षणों की समय पर पहचान कर उचित चिकित्सकीय परामर्श और थेरेपी शुरू कर दी जाए, तो उनमें काफी हद तक सुधार संभव है। उन्होंने महिलाओं को बच्चों के सामान्य विकास के संकेतों तथा संभावित समस्याओं की पहचान के सरल तरीके भी बताए। डॉ. शुक्ला ने कहा कि जागरूकता के अभाव में कई अभिभावक शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे आगे चलकर समस्या गंभीर हो सकती है। समय पर सही परामर्श और उपचार मिलने से बच्चों को सामान्य जीवन की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। अद्वैत फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद सावरण के निर्देशन में संस्था दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया और संस्था की इस पहल की सराहना की।

गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग तेज

सुलतानपुर (वीओएल)। गौ रक्षा वाहिनी उत्तर प्रदेश के गौ रक्षा सेवा सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को प्रदेश प्रभारी एवं सनातन विचारक सर्वेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित 30 सूत्रीय महाज्ञापन सदर उप जिलाधिकारी गरिमा सौनकिया को सौंपा गया। ज्ञापन में गौ माता को ह्यराष्ट्र माताह्ल घोषित करने की संस्तुति के साथ गौशालाओं की बदहाल व्यवस्था में सुधार, गौ तस्करी पर कठोर कार्रवाई और बेसहारा पशुओं के संरक्षण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, पर्यावरण और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा दायित्व है। उन्होंने गौशालाओं का विशेष निरीक्षण कर लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महामंत्री जयशंकर दूबे ने प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर पशु एम्बुलेंस, 24 घंटे हेल्पलाइन, रेस्क्यू टीम, ट्रॉमा सेंटर और रिकवरी सेंटर स्थापित करने की मांग रखी। मुख्य संरक्षक राकेश सिंह दद्दू ने गौशालाओं में पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल, दवाइयों, सीसीटीवी निगरानी और नियमित सामाजिक ऑडिट की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। महाज्ञापन में आवारा पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम समेत 30 मांगें शामिल थीं। एसडीएम गरिमा सौनकिया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत 6.80 लाख हस्ताक्षरों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा

सुलतानपुर (वीओएल)। गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत जिलेभर से एकत्रित 6 लाख 80 हजार 626 हस्ताक्षरों का ज्ञापन बुधवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए सदर उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया को सौंपा गया। अभियान से जुड़े हस्ताक्षरों का डिजिटल रिकॉर्ड पेन ड्राइव के माध्यम से भी प्रशासन को उपलब्ध कराया गया। अभियान के जिला प्रभारी आशुतोष जायसवाल ने बताया कि गौ सम्मान को लेकर जिलेभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य गौ संरक्षण से जुड़ी जनभावनाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर विनय त्रिपाठी ने कहा कि गौ आधारित ग्राम व्यवस्था ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वहीं कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने लोगों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील करते हुए इसे जनहित से जुड़ा प्रयास बताया। कार्यक्रम में शिवकुमार तिवारी, धर्मेंद्र द्विवेदी, बृजेंद्र मिश्रा, दुर्गेश सिंह, मोहित तिवारी, सिंटू यादव, अरुण द्विवेदी, संदीप पांडेय सहित बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

सुलतानपुर (वीओएल)। भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी सहित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने साधारण परिवार से निकलकर अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और वैज्ञानिक सोच के बल पर विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया। एक महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति के रूप में उनकी सादगी, ईमानदारी तथा राष्ट्रसेवा की भावना सदैव प्रेरित करती रहेगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि डॉ. कलाम के विचारों को अपनाकर ही देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कांग्रेस नेता सुब्रत सिंह सनी ने उनके अनुशासन, सकारात्मक सोच और समर्पण को युवाओं के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. कलाम के आदर्शों पर चलने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी गयीं दवाएं

सुलतानपुर (वीओएल)। स्वर्गीय आद्याशंकर तिवारी की पुण्यतिथि पर डॉ. डी.के. तिवारी होम्योक्लीनिक एवं रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. डी.के. तिवारी की माता विमला देवी ने फीता काटकर किया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डी.के. तिवारी और डॉ. शेषमणि वर्मा ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की।

संक्षेप

पांच दिवसीय संस्कृत नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ

कसया, कुशीनगर। लोक प्रयास सोसायटी, गोरखपुर के तत्वावधान में नृत्य संगम एकेडमी, कुशीनगर में आयोजित पांच दिवसीय संस्कृत नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रचारक डॉ. मनीष गुप्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय शास्त्रीय नृत्य भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसी कार्यशालाएं युवाओं को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं इस अवसर पर नृत्य संगम एकेडमी, कुशीनगर के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं लोक प्रयास सोसायटी के अध्यक्ष प्रद्युम्न मिश्र ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यशाला की निर्देशक पीहू गुप्ता ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को संस्कृत नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नामवर सिंह की जन्मशताब्दी पर भव्य समारोह आयोजित

जिला संवाददाता

देवरिया ।नारायणी साहित्य अकादमी, भारत द्वारा रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में हिंदी के मूर्धन्य आलोचक एवं चिंतक प्रो. नामवर सिंह की जन्मशती के उपलक्ष्य में ₹नामवर शताब्दी समारोह₹ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए

● नागरी प्रचारणी सभा के मंत्री डॉ अनिल त्रिपाठी का हुआ सम्मान

साहित्यकारों, शिक्षाविदों, शोधकताओं, पत्रकारों तथा साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रथम सत्र का संचालन ललित मोहन जोशी ने किया।इसके पश्चात ₹आलोचना के क्षेत्र में नामवर₹ विषय पर आयोजित परिचर्चा में प्रो. ओम प्रकाश सिंह (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय), प्रो. विजय सागर सिंह (मोतीलाल नेहरू कॉलेज), प्रो. सुधीर प्रताप सिंह (जेएनयू), प्रो. राम जन्म शर्मा (एनसीईआरटी), डा. अनिल कुमार त्रिपाठी (मंत्री नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया) ने अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने नामवर सिंह के आलोचना-कर्म, हिंदी साहित्य में उनके अविस्मरणीय योगदान तथा नई पीढ़ी के लिए उनकी वैचारिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा अनिल कुमार त्रिपाठी (मंत्री नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया) ने अपने अनिल कुमार त्रिपाठी (मंत्री नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया) तथा डॉ. रमा शर्मा (प्राचार्य, हंसराज कॉलेज) ने अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने नामवर सिंह के आलोचना-कर्म, हिंदी साहित्य में उनके अविस्मरणीय योगदान तथा नई पीढ़ी के लिए उनकी वैचारिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा अनिल कुमार त्रिपाठी (मंत्री नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया) ने अपने संबोधन में दिल्ली के साहित्यकारों को देवरिया आने का निमंत्रण दिया और नागरी प्रचारिणी सभा में नामवर जन्म शताब्दी समारोह मनाने की घोषणा की.विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा वरिष्ठ साहित्यकारों और शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया के मंत्री डा. अनिल कुमार त्रिपाठी का सम्मान आयोजकों की ओर से हुआ. इसके बाद पुस्तक विमोचन का आयोजन हुआ तथा साहित्य, शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। समारोह के समापन अवसर पर डॉ. पुष्पा सिंह विसेन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नामवर सिंह का चिंतन हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर है ।

उनकी वैचारिक विरासत नई पीढ़ी को निरंतर प्रेरित करती रहेगी।इस अवसर पर नारायणी साहित्य अकादमी, भारत के महासचिव प्रदीप समनाक्षर, अध्यक्ष माही मुंतज़िर सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार, शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी आलोचना की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाना तथा साहित्यिक संवाद को और अधिक सशक्त बनाना रहे।

जिला पंचायत सदस्यों का कार्यकाल बढाने लिए डी एम को ज्ञापन सौंपा

देवरिया ।जिला पंचायत सदस्य एसोसिएशन द्वारा जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी को पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय के नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्य गण संदेश यादव विश्वजीत सिंह सैथवार सुजीत प्रताप सिंह विनय जायसवाल कलेक्टर शर्मा अखंड प्रताप सिंह विश्वजीत सिंह किरण देवी सुनील निषाद रविंद्र पासवान पुष्पा मद्धेशिया अर्चना निषाद अमित कुमार रजक सुभाष यादव ऋषि कपूर रानू सुदामा पासवान रोली देवी बलराम यादव बबीता चौहान शहाबुद्दीन प्रभा भारती विमला देवी शिव कुमारी देवी कमला देवी गीता पासवान सुमन भारती अंकिता यादव कुंदन जायसवाल रेनू यादव रामनिवास पासवान सुदामा प्रसाद आदि के द्वारा दिया गया 'ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्यों को भी जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ ही सदस्य सहयोगी के रूप में कार्यकाल विस्तार दिए जाने एवं जनपद में पारदर्शी ढंग से विकास कार्य जिला पंचायत सदस्यों के प्रस्ताव पर कराए जाने पर पूर्व की तरह जोर दिया ।जिला पंचायत सदस्यों ने प्रदेश सरकार को आगाह किया कि अगर जिला पंचायत सदस्यों का कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन प्रदेश भर के जिला पंचायत सदस्यों द्वारा खड़ा किया जाएगा'

शिक्षक नेता के निधन से शिक्षकों में शोक की लहर

भटनी (देवरिया)।स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम जिगिना दीक्षित के दादर टोला निवासी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष 81 वर्षीय श्यामनारायण मिश्र के निधन से शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षक समुदाय में शोक छा गया। शिक्षक नेताओं एवं उनके शुभचिंतकों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।विदित हो कि स्वर्गीय श्यामनारायण मिश्र सरल ,विनम्र और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। शिक्षक हितों के लिए सदैव समर्पित रहने वाले श्री मिश्र ने अपने कार्यकाल में शिक्षकों के हितों की आवाज को मजबूती से उठाया। सेवानिवृत्ति के बाद वे लगातार अस्वस्थ चल रहे थे ।उनके निधन की सूचना मिलते ही प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार दीक्षित, नागेशमणि त्रिपाठी, श्रीनिवास यादव, ओमप्रकाश शुक्ल, शिवाकांत मिश्र, सुरेश यादव कुँवय अंकित यादव रामनिवास यादव आनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उनके आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं ग्रापए के पूर्व जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय एवं भाजपा के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने भी पहुंचकर स्वर्गीय मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की ।स्वर्गीय श्यामनारायण मिश्र अपने पीछे पुत्र दीपक मिश्र सहित भरा-पूरा एवं हरा-भरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ शिक्षक समाज ने भी अपना एक आत्मीय, मिलनसार

सपा अल्पसंख्यक सेल ने जौहर विवि के ध्वस्तीकरण के विरोध में ज्ञापन सौंपा

जिला संवाददाता

देवरिया । समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष जैनुल अख्तर के नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अगुवाई में आज मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर के ध्वस्तीकरण संबंधी आदेश के विरोध में देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में महामहिम राज्यपाल महोदया के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय के संबंध में जारी ध्वस्तीकरण के आदेश पर पुनर्विचार करने तथा शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता, संवैधानिक मूल्यों एवं विधि के शासन की भावना के अनुरूप न्यायोचित निर्णय सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। समाजवादी पार्टी संविधान, लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर अपना संघर्ष निरंतर जारी रखेगी ।ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक खोखा सिंह, स्वामीनाथ यादव, मनबोध प्रसाद, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हाफिज शहादत हुसैन अंसारी, रामबहादुर यादव, रामबली यादव, परमहंस यादव, अमरेंद्र यादव, राकेश राय, भरत यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीस पार्टी की लड़ाई किसी दल से नहीं, अत्याचार और भ्रष्टाचार से है: डॉ. अय्यूब

शहजाद अंसारी (vol)

नगीना, बिजनौर। पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 मोहम्मद अय्यूब सर्जन ने कहा कि पार्टी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी जिलों में अपने प्रत्याशी उतारेगी।

उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में जी जान से जुट जाएं

पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 मोहम्मद अय्यूब सर्जन ने कहा कि यदि राजनीतिक परिस्थितियों में आवश्यकता पडी और पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप हुआ तो किसी भी दल के साथ गठबंधन पर विचार किया जा सकता है।

उन्होंने कहा हमारी लडाई किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि अत्याचार, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से है। हम पहले भी मजलूमों और गरीबों के साथ खडे थे आज भी उनके साथ हैं और आगे भी रहेंगे। डॉ0 अय्यूब सर्जन ने कहा कि पीस पार्टी की नीति अमन, शांति, भाईचारा, एकता और अखंडता पर आधारित है तथा पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में जिलाध्यक्ष इफ्तिखार हुसैन ने कहा कि पीस पार्टी बिजनौर जिले की सभी आठ विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लडेगी। उन्होंने बताया कि संगठन विस्तार, बूथ स्तर की तैयारी और जनसंपर्क अभियान तेज कर दिए गए हैं तथा कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं।

बैठक में युवा नेता/समाजसेवी गुड्डू उर्फ मोबीन (जिला मीडिया प्रभारी, बिजनौर), इफ्तिखार हुसैन (जिलाध्यक्ष, बिजनौर), रईस कुरैशी (राष्ट्रीय महासचिव), नूरपुर विधानसभा अध्यक्ष, नगीना विधानसभा अध्यक्ष, अफरोज बादल सहित विभिन्न जिलों के भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिले में 3 पराविधिक स्वयंसेवकों का होगा चयन

देवरिया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस.डी.) अर्चना-क्क्रने बताया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, देवरिया के आदेश के अनुपालन में जिला स्तर पर 03 पराविधिक स्वयंसेवकों (अधिकार मित्र) का चयन किया जाना है, जिनकी शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में नियुक्ति हेतु अध्यापक, सेवानिवृत्त राजकीय कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, डॉक्टर, लॉ स्टूडेंट, गैर-राजनीतिक व्यक्ति, एनजीओ, क्लब/सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, महिला मैत्री संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों आदि से जुड़े व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं। नियुक्त पराविधिक स्वयंसेवकों को कोई वेतन देय नहीं होगा।

यातायात अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग 73 का ई चालान 2 वाहन सीज

देवरिया ।पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आज दिनांक 27.07.2026 को यातायात प्रभारी देवरिया श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बस स्टैंड, हनुमान मंदिर एवं मालवीय रोड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, आटो एवं ई रिक्शा वाहनों तथा बस स्टैंड पर अभियान चलाकर बिना हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालो तथा बिना ड्राईविंग लाइसेंस एवं बिना फिटनेस के चलने वाले आटो एवं ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध एमवी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी ।इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, सायरन एवं हूटर लगाकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी विशेष कार्रवाई की गई। ऐसे वाहनों का चालान एवं आवश्यकतानुसार सीज करने के साथ ही मौके पर ही वाहनों से 30 मॉडिफाइड साइलेंसर तथा 12 हूटर/प्रेशर हॉर्न हटवाए गए, जिससे ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके ।इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा कुल 73 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनको सीज किया गया ।

डीएसआर तकनीक से धान की खेती में अभिनव पहल

बहराइच 27 जुलाई। उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण सहायता परियोजना (यूपी डॉस) द्वारा संचालित यूपी ऐग्रीज परियोजना के अंतर्गत जलवायु-सहिष्णु (क्लाइमेट रेजिलिएंट) कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद बहराइच के तेजवापुर एवं फखरपुर विकास खंडों में डायरेक्ट सीडेड राइस (डी.एस.आर.) तकनीक के माध्यम से धान की खेती

बहराइच में जलवायु-स्मार्ट कृषि को मिलेगा बढ़ावा

को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस तकनीक के प्रचार-प्रसार एवं किसानों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु विभिन्न गांवों में फील्ड लेवल डेमोंस्ट्रेशन (एफ.एल.डी.) स्थापित किए गए हैं ।इसी क्रम में खमेरिया शुक्ल, गजपतिपुर, रामगांव तथा टेड़वा बसंतपुर गांवों में स्थापित प्रदर्शनों का निरीक्षण एवं किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आई.आर.आर.आई.) के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. आर. के. मलिक, एसोसिएट साइंटिस्ट डॉ. धीरज तिवारी, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. विपिन कुमार, परियोजना वैज्ञानिक डॉ. विपिन कुमार शर्मा तथा जूनियर रिसर्च टेक्नीशियन राघवेंद्र ने किसानों के खेतों का भ्रमण किया और खेती से संबंधित तकनीकी सुझाव प्रदान किए।

किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. आर. के. मलिक ने बताया कि डीएसआर तकनीक की सफलता में खरपतवार प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सलाह दी कि समय पर एवं अनुशंसित मात्रा में खरपतवारनाशी (हबीसाईड) का प्रयोग किया जाए। इसके साथ ही संतुलित उर्वरक प्रबंधन, उचित बीज दर, समय पर सिंचाई तथा फसल की नियमित निगरानी अपनाने से बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर तकनीक पारंपरिक रोपाई विधि की तुलना में कम पानी, कम श्रम तथा कम लागत में धान उत्पादन का प्रभावी विकल्प है। यह तकनीक जल संरक्षण के साथ-साथ खेती की लाभप्रदता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रही है ।इसके अतिरिक्त, डीएसआर तकनीक पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

कारगिल विजय दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन, शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जिल ।संवाददाता (vol)

बिजनौर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन, बिजनौर द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर के सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं सैन्य परिवारों को सम्मानित करते हुए कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बीते दिन जेवीएस रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मेजर दानिश के पिता डॉ0 रफत ने नजीबाबाद में फौजी चैरिटेबल डिस्पेंसरी की स्थापना की घोषणा की, जहाँ सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को निःशुल्क चिकित्सीय सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत ने नजीबाबाद निवासी मेजर दानिश को भारतीय सेना में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं राष्ट्र सेवा के लिए स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम (वित्त) बिजनौर, बिजनौर विधायक, मेजर सुशील, मेजर अभिनव, बिजनौर चेयरमैन, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने कारगिल के वीर शहीदों के अदम्य साहस, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा युवाओं से देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, जवानों एवं सभी अतिथियों ने कारगिल के अमर वीर सपूतों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

देश दीपक मिश्रा कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी

कुशीनगर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार विश्वकर्मा उर्फ राधे ने देश दीपक मिश्रा को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है ।सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष कुशीनगर श्री विश्वकर्मा ने नगरपालिका परिषद पडरौना के सहस्त्र अर्जुन वाहु नगर, बेलवा चुंगी निवासी श्री मिश्रा को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत करते हुए आशा व्यक्त किया है कि ईमानदारी और मेहनत कर जनपद में पार्टी को मजबूत बनाएंगे। श्री मिश्रा के मनोनयन पर जिला उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, स्वामीनाथ यादव, जिला महासचिव एडवोकेट जितेंद्र पटेल, अंशु मणि त्रिपाठी, अमित मिश्रा, अरशद खान, जय गोविंद राव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वृंदा प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष वारिस अली, ओमप्रकाश मद्धेशिया रामवृक्ष सिंह, गौरीशंकर पांडेय, तेज प्रताप सिंह, अमित कश्यप, परवेज आलम, सलीम अंसारी, मनोज कुमार शर्मा, डॉ डीएम सिंह, दरोगा प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

भारत के महान सपूत थे डॉ. कलाम : चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया । अवुल पाकिर जैनुल आब्दीन अब्दुल कलाम 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम मे पैदा हो परमाणु वैज्ञानिक से लेकर भारत के राष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण ओहदे को हासिल किए जिन्हें स्मृति दिवस पर नमन है, ।उक्त बातें रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि कलाम साहब भारत के महान सपूत थे।

विज्ञान मानवता के लिए एक सुंदर उपहार है, हमें इसे विकृत या नष्ट नहीं करना चाहिए कलाम साहब के स्मृति दिवस पर उपस्थित मुरलीधर, व्यास यादव, गोविंद यादव, दयानंद यादव, रामप्यारे यादव, झुल्लर अंसारी, अभिषेक गुड्डू गोंड, संतोष मद्धेशिया, अयोध्या वर्मा, नगीना यादव, राम हर्ष यादव आदि ने उनके चित्र के समक्ष श्रद्धावानत हो नमन किया।

सीडीओ ने की सैनिक बंधु की बैठक

जिला संवाददाता

कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी बन्दिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी सहित जनपद के पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे ।बैठक के प्रारम्भ में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा पूर्व बैठकों में उठाए गए बिंदुओं की समीक्षा की। इसके उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई, जिसमें कुल 41 पूर्व सैनिक एवं वीर नारियों (विधवाओं) ने सहभागिता की। बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों की ओर से 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें न्यायालय में लंबित विवाद, भूमि पैमाइश तथा चकरोड निर्माण से संबंधित समस्याएं प्रमुख थीं। उन्होंने सभी प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सीओ सदर उमेश चन्द्र भट्ट, एनसीसी बटालियन पडरौना से सूबेदार हरपिन्द्र सिंह सहित कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय, हवलदार शारदा प्रसाद तथा अन्य पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहीं। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कार्यालय सहायक प्रभाकर नाथ तिवारी ने किया। कार्यक्रम के राजेश कुमार गुप्त,एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

भाकियू ने ज्ञापन सौंपकर उठायी मंडलीय समस्याएं

बांदा। मंडल की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक हुई। मांग पत्र आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। संघ ने कहा कि नरैनी में सीसी रोड व नाला निर्माण कार्यों में अधिशासी अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत से मानक विहीन घटिया सामग्री लगाकर निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोका जाए। निर्माण कार्यों की जांच कराई जाए। मंडल के सभी जनपदों में सहकारी समितियां में पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी उपलब्ध कराई जाए।

हमीरपुर के तहसील मौदहा के ग्राम कुनेहटा न्यूरिया के जंगल में फरवरी मार्च 2026 में गौशाला का निर्माण दो हेक्टेयर जमीन पर प्रारंभ किया गया था। इसे अधूरा छोड़ दिया गया है। निर्माण पूर्ण कराया जाए। मौदहा बांध से मुख्य नहर का उच्चीकरण कराते हुए गेट लगवाते हुए उसका पक्कीकरण कराया जाए। ब्लाक तिंदवारी के अंतर्गत ग्राम सहूंरपुर से डिंघवट मार्ग का पक्कीकरण करवाया जाए। इसके बीच में पांच डेरा पड़ते हैं जिनके बच्चे विद्यालय जाने से वंचित रह जाते हैं। पशुचिकित्सालय पलरा, जौरही, पैलानी, भभुआ सहित समस्त चिकित्सालयो में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराते हुए पशुओं का इलाज उपलब्ध कराया जाए। जनपद महोबा में विकासखंड कबरई अंतर्गत बिला दक्षिण व मकरबई में रेलवे लाइन में बने अंडर ब्रिज में जलभराव होने से आवागमन बाधित है। अंडरब्रिज में भरे पानी की निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

जनपद में कालिंजर तरहटी में मंदिर के सामने खुली शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित कराया जाए। रबी 2025 में मिनी किट बीज वितरण में भारी भ्रष्टाचार किया गया था जिसकी जांच के संबंध में जिला अधिकारी, उपनिदेशक कृषि संयुक्त कृषि निदेशक चित्रकूटधाम मंडल आयुक्त से बार-बार मांग करने के बाद भी आज तक जांच नहीं कराई गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नवल द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष सदर रोहित द्विवेदी, भारतीय किसान यूनियन में सम्मिलित होकर संगठन में आस्था व्यक्त की। बैठक में बुंदेलखंड कानपुर जोन अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमलनयन सिंह पटेल, महिला मंडल अध्यक्ष राजाबाई, महिला जोनल महासचिव सरोज कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष महोबा माधुरी दीक्षित, जिला अध्यक्ष महोबा रामखेलावन शुक्ला, जिलाध्यक्ष चित्रकूट राम सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बांदा अवधेश सिंह पटेल, संदीप सिंह, महेश तिवारी, विष्णु द्विवेदी, अरुण कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे।

मौसम संबंधी चेतावनियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

कुशीनगर। जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सचिव, राजस्व एवं राहत आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन में मौसम संबंधी पूवार्नुमान एवं तात्कालिक पूवार्नुमान से जुड़ी रेड, ऑरेंज एवं यलो अलर्ट चेतावनियों का आमजन तक प्रभावी एवं त्वरित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) वैभव मिश्रा ने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा, भारी वर्षा, मेघगर्जन एवं वज्रपात जैसी संभावित आपदाओं से संबंधित महत्वपूर्ण चेतावनियाँ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे- एक्स, फेसबुक, यूटुब एवं इंस्टग्राम पर वीडियो, मोशन ग्राफिक्स टेम्पलेट एवं इन्फोग्राफिक के माध्यम से तत्काल प्रसारित की जाती हैं। ये सूचनाएँ जनसुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उपयोगी हैं ।उन्होंने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ कार्यालयों द्वारा इन चेतावनियों का अपेक्षित प्रचार-प्रसार नहीं किया जा रहा है तथा न ही सोशल मीडिया पर आवश्यक प्रतिक्रिया दी जा रही है। ऐसी स्थिति जनहित के दृष्टिगत उचित नहीं है। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे व्यक्तिगत रुचि लेते हुए राहत मौसम संबंधी अन्य उपलब्ध संचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

दिव्यांगों का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मथुरा। सोमवार दोपहर दिव्यांग विकास सोसायटी के बैनर तले बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने कलक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के नाम एसडीएम कंचन गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर दवाइयों की उपलब्धता, आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय राशन कार्ड और बिजली कनेक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। दिव्यांगों का आरोप है कि कई बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। वहीं, प्रशासन ने मांगों पर संबंधित विभागों से रिपोर्ट लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

संसद में हो सार्थक संवाद

संसद के मानसून सत्र के छह दिन बीत चुके हैं। कोई काम नहीं, कोई चर्चा नहीं, सिर्फ हंगामा और नारेबाजी। संसदीय व्यवस्था के अनुसार, साठ करोड़ रुपये से अधिक फुंक चुके हैं। यह किसी सरकार, विपक्ष या आंदोलनकारी की राशि नहीं थी। करदाता ने दी थी, ताकि संसद चल सके। संसद के पटल पर सिर्फ वे कागजात या रिपोर्ट रखी जा सकी हैं, जिनकी औपचारिकता विधायी तौर पर अनिवार्य होती है। स्पीकर, सभापति और पीठासीन अधिकारी आसन पर आकर बैठते हैं, विपक्ष के हंगामा करते सांसदों को उपदेश देते हैं, अंततः सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ती है। विपक्ष और प्रदर्शनकारी बखूबी जानते हैं कि यदि बर्फ पिघलेगी और कोई समाधान निकलेगा, तो वह सिर्फ और सिर्फ संसद में चर्चा के बाद ही निकलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार, 23 जुलाई, देर रात फास्ट ट्रैक कोर्ट बिल के प्रारूप की घोषणा की और शिक्षा मंत्रालय के दो शीर्ष, सचिव स्तर के अधिकारियों के तबादले किए हैं। एनटीए के 47 अधिकारी बर्खास्त किये गये, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा भी हो गया है और परीक्षाओं में सुधार के लिए विशेष टॉस्कफोर्स बनाया गया है जिसके सदस्यों एवं अध्यक्ष का नाम देखकर ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वास्तव में सरकार ने गंभीर पहल की है। अब पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कठोर सजा देने संबंधी कानून भी कैबिनेट की स्वीकृति के बाद विधेयक के रूप में संसद में आना है। संसद में ही उसे पारित किया जा सकता है और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद वह कानून बन सकता है। यदि संसद की कार्यवाही नहीं चल पाई, तो फास्ट ट्रैक कोर्ट का बिल और माफिया को जल्द व कठिन दंड देना संभव नहीं होगा। सड़कों पर नारेबाजी और हुड़दंग मचाने से कोई भी विधायी व्यवस्था नहीं बन सकती। नेता



प्रतिपक्ष राहुल गांधी और लगभग समूचे विपक्ष की यह शर्त थी कि पहले शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा लिया जाए अथवा प्रधानमंत्री उन्हें बर्खास्त करें। उसके बाद ही संसद में चर्चा संभव है। जंतर-मंतर पर एक माह से अधिक समय तक प्रदर्शन करने वाले युवाओं की भी यही शर्त थी। सरकार ने इसे मान लिया है। सीजेपी की सभी मांगे भी मान ली गयी हैं। ऐसे में अब संसद में हंगामा करने का कोई औचित्य नहीं है। विपक्ष को अपनी जिम्मेदारी और विधायी भूमिका को समझते हुए अब सरकार के साथ सहयोग कर शिक्षा एवं परीक्षा में सुधारों को आगे बढ़ाना चाहिए। बहरहाल हर प्रदर्शन की शर्तों के मुताबिक, न तो संसद चलती है और न ही बहस की दिशा और आधार तय होते हैं। इस देश में संसद और आंदोलनकारी दोनों ही स्वतंत्र हैं। बीते शुक्रवार, 24 जुलाई, की सुबह एक सुखद खबर मिली कि देर रात करीब 12.40 बजे सोनम वांगचुक ने 26 दिन से जारी अपना अनशन तोड़ दिया। केंद्रीय मंत्रियों-जेपी नड्डा और डॉ. जितेन्द्र सिंह-ने मेदांता अस्पताल जाकर उन्हें जूस पिलाया और वांगचुक का अनशन खत्म कराया। यह उचित हुआ क्योंकि उनका स्वास्थ्य लगातार गिर रहा था। उसके दो दिन शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दे दिया और सीजेपी का जंतर-मंतर पर आंदोलन खत्म हो गया। अब आंदोलन खत्म हो गया है। इसलिए अब बेहतर शिक्षा-व्यवस्था और पेपरलीक सरीखे राष्ट्रीय मुद्दे पर संसद के भीतर सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए। संसद में कई-कई दिन लबें हंगामे और गतिरोध तब भी होते थे, जब भाजपा विपक्ष में थी, लेकिन महिला आरक्षण सरीखे बेहद संवेदनशील और राष्ट्रीय महत्व के बिलों, मुद्दों पर भाजपा ने कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार को समर्थन भी दिया था। इसलिए कांग्रेस और सभी पार्टियों को मिलकर देश में शिक्षा और परीक्षा में सुधार के लिए बेहतर विधायी उपाय का प्रयास करना चाहिए और यह सब चर्चा से संभव है हंगामे से नहीं।

सरकारी एवं निजी सहयोग का सफल फार्मूला

संजय श्रीवास्तव

कभी भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य-एल1 जैसी उपलब्धियां हासिल करने वाले इसरो के कंधों पर टिका था। पर आज भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जहां निजी कंपनियां केवल उपग्रह निर्माण तक सीमित नहीं हैं बल्कि स्वयं प्रक्षेपण यान विकसित कर अंतरिक्ष तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। यह किसी भी परिपक्व स्पेस इकोसिस्टम का सबसे बड़ा संकेतक है। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र अब निजी और सार्वजनिक का मिश्रित इकोसिस्टम बनता दीख रहा है। दुनियाभर की मीडिया में भारत की निजी अंतरिक्ष कंपनियों की कम लागत के साथ तकनीकी दक्षता तथा इस आधार पर वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में उनकी तीव्र बढ़त की चर्चा आम है। यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं बल्कि संस्थागत, आर्थिक और रणनीतिक भी है। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र आज उस मुकाम तक आ चुका है, जिसके आगे की राह असीम संभावनाओं से भरी है। सरकारी एकाधिकार के टूटने से जो ऊर्जा मुक्त हुई है, उसने देश के युवा उद्यमियों को पंख दे दिए हैं। इसरो का अर्जित अनुभव और निजी क्षेत्र की गतिशीलता व नवाचार का यह संगम 'न्यू इंडिया' की नई पहचान बना रहा है। यह केवल उपग्रह छोड़ने या रॉकेट बनाने तक सीमित नहीं है, भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता, आर्थिक समृद्धि और वैश्विक मंच पर एक 'अग्रणी महाशक्ति' के रूप में उभरने का सबूत है।

> भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र अब निजी और सार्वजनिक का मिश्रित इकोसिस्टम बनता जा रहा है। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र आज उस मुकाम तक आ चुका है, जिसके आगे की राह असीम संभावनाओं से भरी है। सरकारी एकाधिकार के टूटने से जो ऊर्जा मुक्त हुई है, उसने देश के युवा उद्यमियों को पंख दे दिए हैं।

साल 2020 में सरकार ने स्पष्ट किया था कि इसरो का कार्य केवल खुद के मिशन संचालित करना नहीं होगा, बल्कि निजी उद्योग के लिए तकनीक, परीक्षण सुविधाएं और विशेषज्ञता उपलब्ध कराना भी होगा। इसी उद्देश्य से 'इन स्पेस' को एक स्वतंत्र नियामक एवं प्रोत्साहन संस्था बनाया गया, जबकि न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड को इसरो की विकसित तकनीकों के व्यावसायीकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। परिणामस्वरूप निजी कंपनियों को श्रीहरिकोटा जैसे प्रक्षेपण केंद्रों, परीक्षण सुविधाओं और इसरो के दशकों के अनुभव तक संस्थागत पहुंच मिली। नतीजा यह हुआ कि आज इसरो और निजी उद्योग प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि पूरक साझेदार के रूप में काम कर रहे हैं। इस साझेदारी के चलते नवाचार की गति तेज हो गई है। जहां इसरो गहरे अंतरिक्ष अभियानों, मानव अंतरिक्ष उड़ान और राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, वहीं निजी कंपनियां छोटे प्रक्षेपण यान, पृथ्वी अवलोकन उपग्रह, पुनः प्रयोज्य रॉकेट, प्रणोदन प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डेटा विश्लेषण तथा रक्षा उपयोगों के लिए अंतरिक्ष समाधान विकसित कर रही हैं।

अंतरिक्ष कार्यक्रम

सरकार इस संभावित विस्तार को ध्यान में रखते हुए आधारभूत ढांचे का भी तेजी से विकास कर रही है। श्रीहरिकोटा के प्रक्षेपण केंद्र का विस्तार किया जा रहा है, जबकि तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट विकसित हो रहा है। दूसरा प्रक्षेपण केंद्र विशेष रूप से छोटे उपग्रह प्रक्षेपणों के लिए समय और लागत दोनों कम करेगा। इससे निजी कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को अधिक प्रतिस्पर्धी सेवाएं देने में मदद मिलेगी। इसरो और निजी स्पेस कंपनियां मिलकर भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को अधिक दक्ष, लचीला और बाजारोन्मुख बना रही हैं। आज भारत में 400 से अधिक स्पेस स्टार्टअप सक्रिय हैं। स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस, पिक्सेल, दिगंतर, बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस, गैलेक्सआई, सैटक्योर, ध्रुव स्पेस और इंस्पेसिटी जैसी कंपनियां उपग्रह, प्रक्षेपण यान, अंतरिक्ष प्रणोदन, अंतरिक्ष-आधारित इंटरनेट, स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस तथा भू-स्थानिक डेटा सेवाओं जैसे क्षेत्रों में शानदार काम कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान इन स्टार्टअप्स में निजी निवेश लगभग चार गुना बढ़ा है। यह निवेशकों के बढ़ते विश्वास का संकेत है कि भारत का स्पेस सेक्टर भविष्य की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है। वर्ष 2021 में भारत की वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी लगभग 2 प्रतिशत थी, जिसका मूल्य लगभग 8.4 अरब डॉलर आंका गया। सरकार का लक्ष्य 2033 तक इसे 44 अरब डॉलर तक पहुंचाने तथा अंतरिक्ष निर्यात को 11 अरब डॉलर तक ले जाने का है। सरकार के अनुसार यह क्षेत्र अगले 8-10 वर्षों में 40-45 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है यानी लगभग चार से पांच गुना विस्तार. पहली नजर में यह लक्ष्य महत्वाकांक्षी लगता है, किंतु इसके पीछे मजबूत आधार मौजूद हैं।

वैश्विक स्तर पर छोटे उपग्रहों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही, भारत ने विदेशी उपग्रह प्रक्षेपणों से भी पर्याप्त राजस्व अर्जित किया है; सरकार के अनुसार 2014 के बाद 399 विदेशी उपग्रहों को प्रक्षेपित कर भारत ने लगभग 323 मिलियन यूरो और 233 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए. यह केवल 'सेवा-निर्यात' नहीं बल्कि वैश्विक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का भी प्रमाण है। संचार, इंटरनेट, कृषि, मौसम, रक्षा, आपदा प्रबंधन और स्वायत्त परिवहन जैसी सेवाएं अब अंतरिक्ष आधारित डेटा पर निर्भर होती जा रही हैं। भारत कम लागत, उच्च विश्वसनीयता और कुशल इंजीनियरिंग के कारण इस बढ़ते बाजार में स्वाभाविक बढ़त हासिल कर सकता है। पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों से प्राप्त दृश्य आंकड़ों का बाजार अत्यंत तेजी से विस्तार कर रहा है। उच्च-रिजॉल्यूशन उपग्रह चित्र आज कृषि उत्पादकता, बीमा दावों के सत्यापन, खनन, शहरी नियोजन, जल संसाधन प्रबंधन, समुद्री निगरानी, सीमा सुरक्षा और रक्षा के लिए अनिवार्य हो चुके हैं। यदि इन आंकड़ों का विश्लेषण कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ किया जाए, तो उनका आर्थिक मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। भारत की निजी कंपनियां इसी क्षेत्र में तेजी से निवेश कर रही हैं। भविष्य में डेटा सेवाएं स्वयं प्रक्षेपण उद्योग से कहीं बड़ा व्यवसाय बन सकती हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि उसने सरकारी वैज्ञानिक क्षमता और निजी उद्यमशीलता के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है। इसरो का अनुभव, सरकार की नीतिगत पहल, स्टार्टअप्स की नवाचार क्षमता और उद्योग जगत का निवेश- ये चारों मिलकर ऐसा स्पेस इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं, जो केवल आत्मनिर्भर भारत का नहीं बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत के नेतृत्व का भी आधार बनेगा। यदि यही गति बनी रही, तो आने वाले दशक में भारत अंतरिक्ष से संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

अगले कुछ वर्षों में गगनयान मिशन, अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4, शुक्र मिशन तथा 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं इस पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को और गति देंगी। इन अभियानों में हजारों निजी उद्योगों की भागीदारी होगी अर्थात भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि विनिर्माण, रोजगार, उच्च प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा और डिजिटल अर्थव्यवस्था का भी प्रमुख आधार बनेगा। हालांकि रास्ते में कुछ अवरोध भी हैं। डीप-टेक स्पेस कंपनियों को लंबे शोध और विकास, परीक्षण, विफलता और पुनरावृत्ति के लिए दीर्घकालिक पूंजी की कमी आज भी है। रॉकेट, उपग्रह, प्रणोदन और स्पेस-ग्रेड इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए विश्वसनीय घरेलू आपूर्ति-श्रृंखला अभी सीमित है। अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए प्रतिस्पर्धा करने हेतु भारत को सस्ते लॉन्च से आगे बढ़कर उच्च-आवृत्ति सेवा, डेटा उत्पाद और एंड-टू-एंड समाधान देना साथ ही लगातार, सस्ते, भरोसेमंद और निर्यात-योग्य स्पेस उत्पाद बनाकर अमेरिका, यूरोप, चीन के साथ कीमत, समय, गुणवत्ता और भरोसे का मुकाबला करना भी कम कठिन लक्ष्य नहीं है।

सोशल मीडिया

बिहार के सिवान में निहत्थे आंदोलनकारियों पर एके 47 जैसे घातक हथियार का प्रयोग किस के कहने पर किया गया, जो छात्र इसमें घायल हुए, पूरा देश उनके लिए चिंतित हैं। अखिलेश यादव.

जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है, देश के करोड़ों युवाओं ने अपने आंदोलन के दम पर कुंभकरण की नींद सो रही मोदी सरकार को जगाया। संजय सिंह.

इंडी गठबंधन का व्यवहार बहुत ही गैर जिम्मेदाराना है, उनकी प्रजातांत्रिक विरोधी गति विधि साफ-साफ संसद में दिख रही है। वे संसद की मर्यादा तार-तार कर रहे हैं। जेपी नड्डा.

आर्थिक सुधारों से देश की तकदीर व तस्वीर बदली

चिंतन

ज्ञान प्रकाश

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 990 के दशक में कोई कहता कि भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ सकती है, तो कोई भी उद्योगपति या अर्थशास्त्री इसे स्वीकार नहीं करता। तब जापान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और भारत बहुत पीछे था। भारत ने अर्थव्यवस्था को खोलने और आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत ही की थी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। आज भारत 4.187 ट्रिलियन डॉलर के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसने जापान को पीछे कर दिया है। भारत सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं है, जब भारत में कामगार आबादी 1 अरब होगी। फिलहाल भारत की कुल आबादी 1.47 अरब को पार कर चुकी है। राजनेता अपने आंकड़े सुधार लें। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और कई विख्यात रेटिंग एजेंसियां 2025-26 (31 मार्च, 2026 तक) वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर औसतन 7 फीसदी आंक रही हैं।

देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन इससे भी अधिक विकास दर को लेकर आशान्वित हैं। सही मायने में अब भारत बदल रहा है और आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ बढ़ रहा है। जर्मनी 4.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ तीसरे स्थान पर है। यकीनन भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है। ऐसी अनुकूल स्थिति के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष नौकरशाहों को यह सलाह क्यों दी है कि 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित किए जाएं। प्रधानमंत्री देश की बढ़ती आर्थिक ताकत के रास्ते में किसी भी नियम, कानून और प्रक्रिया को रोड़ा बनने के पक्षधर नहीं हैं। साफ है कि प्रधानमंत्री सुधारों को गति देना चाहते हैं। फालतू के नियम, कानून, प्रतिबंध और प्रक्रियाओं को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि जिंदगी और व्यापार करना आसान हो सके। इसी बिंदु पर भारत जापान से बहुत अलग है। 2004 को याद करें, जब एक अनुबंध या ठेका प्राप्त करने में औसतन 425 दिन लगते थे। करीब 40 प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। दिवालियापन के समाधान की प्रक्रिया आराम से 10 साल तक चलती थी। नीति आयोग ने 2017 की अपनी रपट में स्वीकार किया था कि भारत में एक दुकान स्थापित करने में औसतन 118 दिन लगते थे। असम में यह अवधि 248 दिन तक फैल जाती थी। बेशक आज स्थितियां तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने फालतू के सैकड़ों कानूनों को खत्म किया है, लेकिन प्रक्रियाएं आज भी व्यापार, उद्योग के पहिये को अवरुद्ध कर रही हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित करने की बात कहनी पड़ी है। यदि भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनना चाहता है, तो ऐसी स्थितियां बनानी पड़ेंगी, जिनमें कायदे-कानून और फालतू की प्रक्रियाएं 'शासन' न करती हों, बल्कि नियमन को सहज-सुगम बनाती हों। बेशक उससे भारत की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। अब भारत ऐसा देश है, जिसमें 2025 में 1.95 लाख करोड़ रुपये के आईपीओ आए और डीमैट खातों की संख्या 21 करोड़ के पार चली गई। अभी तक 1350 स्टार्टअप में 25,320 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। आज भारत 159 प्रकार के गोला-बारूद, गोलियां, रॉकेट आदि का उत्पादन देश में ही कर रहा है। रक्षा-क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। अब भारत सिर्फ रक्षा आयातक ही नहीं बल्कि निर्यातक भी है। सरकार का लक्ष्य 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा-निर्यात का लक्ष्य है।

कुल मिलाकर देश आर्थिक, सामरिक, तकनीकी के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य हर दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इस बढ़त को बनाये रखने और अधिक गति देने के लिए जरूरी है कि प्रगति के मार्ग में जो भी बाधाएं सामने आयें उनको दूर किया जाये। दरअसल आर्थिक प्रगति के इस मूवमेंट को बनाये रखने के लिए यह जरूरी है कि समय-समय पर ऐसे सुधार और प्रगति के उपायों को लगातार आगे बढ़ाया जिनसे विकास के मार्ग की बाधाएं दूर होती हों, तभी प्रगति निर्बाध होगी।

विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
– गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
– महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
– महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
– गौतम बुद्ध.

हमारा कर्तव्य

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

अंतर्दृष्टि

होनी को कौन टाल सकता

व्यंग्यलोक

लालचंद मेरा दोस्त है, साथ ही वह एक छोटे से टेक्निकल कर्मचारी संघ का अध्यक्ष भी है। पूरे राज्य में उसके कर्मचारियों की संख्या कुल पच्चीस है, परन्तु बिना यूनियनबाजी के कुछ होता नहीं सो उसने भी बना लिया संघ। आजादी के ठीक इकतालिस साल बाद बना था उनके कर्मचारियों का संघ। जिस कर्मचारी संघ का लाल चंद अध्यक्ष हो, राम ही मालिक है कि वह कुछ कर भी पायेगा। बड़े ही विनम्र, सेवाभावी तथा निष्ठावान कार्यकर्ता हैं लालचंद। सर्वगुण सम्पन्न नेता जब तक यूनियन को नहीं मिले तब तक कर्मचारी कल्याण संदिग्ध ही रहता है। परन्तु होनी को कौन टाले, लालचंद की भाग्य रेखायें अध्यक्षता बता रही थीं सो बन गया लालचंद कर्मचारी संघ का अध्यक्ष। जिन दिनों संघ का गठन हुआ, उन दिनों राज्य में तमाम राज्य कर्मचारी आंदोलन पर थे। अनिश्चित कालीन हड़ताल चल रही थी। इस बीच एक दिन लालचंद अनमना उदास सा मेरे पास आया और बोला-शर्मा, दुनिया के इतने काम करवाते हो, मेरा भी तो एक काम करा दो यार। मैंने पूछा- बोलो, क्या काम है? यार, मुझे अरेस्ट करवाओ, हर ऐरा-गेरा नत्थू खैरा इस हड़ताल में अरेस्ट हो रहा है, परन्तु पुलिस मेरे को अरेस्ट नहीं कर रही है? मैंने कहा-चलो चार अच्छा है तुम्हें अरेस्ट नहीं कर रही वर्ना सर्दी में जेल में तकलीफ पाते और पीछे से बच्चे वगैरह परेशान होते। समझते नहीं शर्मा तुम। रोज सुबह घर से निकलता हूँ तो बीबी और बच्चों को कहकर जाता हूँ कि मेरा इंतजार मत करना, आज मैं अरेस्ट हो जाऊँगा। रोज शाम को मुझे लौटता देख वे हँसते हैं। अमाँ यार, क्या बताऊँ एक दिन तो पत्नी ने मेरा खाना ही नहीं बनाया। जब बच्चे व पत्नी मेरी लीडरी को मानने को तैयार नहीं हैं तो कर्मचारी क्या मानेंगे? इसलिए लीडर के रूप में रिकागनीशन के लिए इस समय मेरा अरेस्ट होना नितांत आवश्यक है। लालचंद ने दर्द उगला। ओह आई सी अरेस्ट होने में तुम्हें राजनीतिक लाभ मिलेंगे। मसलन अखबार में फोटो और समाचार छपेंगे। लोग विदा के समय तुम्हें माला पहनायेंगे। जेल में तुमसे लोग मिलने जायेंगे। यह सब बातें तुम्हें लोकप्रिय बनायेंगी। इस दृष्टि से अब तुम्हारा बाहर रहना ठीक नहीं है। मैंने कहा। लालचंद बोला- यही तो चक्कर है शर्मा। संघ के पच्चीसों के पच्चीसों सदस्य कहते हैं कि कुछ करके दिखाओ और कुछ नहीं तो अरेस्ट होकर तो बता दूँ। लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा कि तुम्हारे अरेस्ट होने में परेशानी क्या है? दरअसल बात यह है कि सरकार को हमारे जैसे छोटे संगठन की कतई चिंता नहीं है।

पूरन सरमा

आपकी बात

पाकिस्तान की बदहाली

कर्ज लेकर युद्ध करने के लिए हथियार खरीदने वाला पाकिस्तान अपनी बदहाली के लिए खुद ही जिम्मेदार है। उसने विकास के बजाय भारत से दुश्मनी पाली और अब इसकी कीमत चुका रहा है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्ताान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है।

आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है। पाकिस्तान जहां आतंकवादियों का अड्डा बन गया है वहीं भारत कुशल मैन पावर का हब बन रहा है। यह दुर्भाग्य के इतनी बदहाली और नुकसान उठाने, बार-बार भारत की पिटाई के बाद बेशर्म पाकिस्तान आतंकवाद खत्म करने के बजाय युद्ध में फर्जी विजय का जश्न बना रहा है।

अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.

स्टार्टअप इकोसिस्टम

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टॉटअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है।

वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

तीन दिन की दुल्हन, जेवर-नकदी लेकर फरार

बहराइच। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में शादी के महज तीन दिन बाद दुल्हन के जेवरात और नकदी लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बिचौलिये पर भी धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।पयागपुर क्षेत्र निवासी जीवन लाल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जून को एक बिचौलिये के माध्यम से समय माता मंदिर में उसकी शादी कराई गई थी। इसके एवज में बिचौलिये ने उससे ?1 लाख लिए थे। आरोप है कि शादी के तीसरे दिन रात में पत्नी ने उसे कथित रूप से नींद की गोली खिलाई और घर में रखे जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला।पीड़ित का कहना है कि जब उसने बिचौलिये से संपर्क किया तो उसने किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी और थाना प्रभारी दीपक सिंह ने पीड़ित की बात सुनी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

डीआईओएस कार्यालय में शिक्षक संघ का धरना आज

बांदा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट का प्रांतीय नेतृत्व के आहवाहन पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना मंगलवार को दिया जाएगा। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष केदार वर्मा एवं संरक्षक जानकीशरण शुक्ल ने बताया कि गोरखपुर के रेलवे आडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय महाधिवेशन में हजारों शिक्षक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 21 सूत्रीय मांग का प्रस्ताव पारित किया गया था। निर्णय के क्रम में 28 जुलाई को यह धरना प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होगा। संगठन के जिलाध्यक्ष बालाराम, जिलामंत्री मोहम्मद बाकर ने बताया कि जनपद में यह शांतिपूर्ण धरना दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगा। मुख्यमंत्री को संबोधित 21 सूत्रीय मांगपत्र एवं जनपदीय समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया जाएगा।

कूलर के करंट से महिला की मौत

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव में सोमवार सुबह कूलर का स्विच ऑन करते समय करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बड़ा गांव निवासी दीपक पटेल की 26 वर्षीय पत्नी अनुपमा पटेल अपने घर में कूलर का स्विच चालू कर रही थीं। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गईं। अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ीं। कुछ देर बाद उनके भतीजे दिव्यांश ने अनुपमा को अचेत अवस्था में देखा और इसकी सूचना अपने पिता सुरेश को दी। परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अनुपमा की मौत हो चुकी थी। मृतका अनुपमा के पति दीपक पटेल चंडीगढ़ में एक किराना दुकान पर काम करते हैं। उनके परिवार में तीन वर्षीय पुत्र श्रेयांश है। बिसंडा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

करंट से किशोर की मौत

बहराइच। देहात कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मवेशी चराने गया किशोर पेड़ पर चढ़ा ही था कि ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट से वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।कीर्तनपुर गांव निवासी आतिफ रविवार शाम करीब सात बजे अटल उपवन के पास मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान वह बाग में लगे एक पेड़ पर चढ़ गया। पेड़ के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आते ही वह बुरी तरह झुलस गया। हादसा इतना भीषण था कि उसका एक पैर कटकर पेड़ पर ही लटक गया।घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तथा आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन देर रात करीब 12 बजे रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर है।

सीबीएसई परीक्षा में नकल बर्दाश्त नहीं: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता (vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा-12 पूरक परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि दिनांक 28 जुलाई, 2026 को आयोजित होने वाली सीबीएसई कक्षा-12 की पूरक परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केन्द्रों का पूर्व निरीक्षण कर वहां पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित भंडारण, समयबद्ध वितरण एवं सुरक्षित संकलन की व्यवस्था पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की नकल, अवैध गतिविधि अथवा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के प्रयास पर तत्काल प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सीबीएसई एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं, जबकि पर्याप्त पुलिस व्यवस्था पुलिस अधीक्षक, बिजनौर द्वारा सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र पाल सिंह, न्यायिक शरदपाल पाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर स्मृति मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं परीक्षा व्यवस्था से जुडे अधिकारी उपस्थित रहे।

संत रविदास की 650 वीं जयंती भव्यता से मनायेगी पार्टी

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी बहराइच जिला कार्यालय पर आज संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में संत रविदास महाराज के जीवन उनके सामाजिक समस्या के संदेश और आगामी अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई कार्यकताओं से उनके विचारों को जनता तक पहुंचने का आहान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा संत रविदास महाराज ने जाति-पंथ और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि संत रविदास का जीवन सामाजिक एकता और समरसता की प्रेरणा देता है। उनका प्रसिद्ध संदेश ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹ आज भी आंतरिक शुद्धता, सद्भाव और सकारात्मक सोच का मार्ग दिखाता है।जिलाध्यक्ष जी ने आगे कहा कि भारत संतों और ज्ञान परंपरा की भूमि है, जिसने विश्व को नई दिशा दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का उल्लेख किया और कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संतों के आदर्शों और सामाजिक समरसता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव वर्मा, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, सुनील श्रीवास्तव, सुबेध वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कन्हैया सोनी, राघवेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र गुप्ता, रामनिवास जायसवाल, डिंपल जैन, हेमा निगम, के के कुमार, जिला मंत्री अजय सिंह, प्रियंका सिंह, अमित वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला, सह मीडिया प्रभारी रामकृपाल मिश्रा, अजीत सिंह व जिलापदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

पत्नी का हत्यारीपी गिरफ्तार, हसिया बरामद

महोबा। जनपद महोबा के थाना पनवाड़ी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजरारी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी थी। प्राप्त सूचना पर जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। प्राथमिक जांच में मृतका के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। प्रकरण में मृतका के भाई रवि उर्फ रफीक मंसूरी पुत्र निवासी ग्राम चिकासी जनपद हमीरपुर की तहरीर के आधार पर थाना पनवाड़ी पर धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हनीफ मुहम्मद उर्फ हनीफ मंसूरी पुत्र सुलेमान खां निवासी ग्राम बिजरारी थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने घरेलू विवाद के दौरान गुस्से में आकर हंसिया से अपनी पत्नी पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल हंसिया तथा घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़े बरामद किए गए। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी उपरांत जेल भेज दिया

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने की ग्रामवासियों से सुझावों और आपत्तियों पर चर्चा

जिला संवाददाता (vol)

नजीबाबाद, बिजनौर। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस विकास खंड सभागार नजीबाबाद में जनसुनवाई आयोजित की गई एवं जन सुनवाई के उपरांत विकास खंड की ग्राम पंचायत जालबपुर गुदड में पंचायत घर पर ग्रामवासियों की उपस्तिथि में जनसुनवाई की गयी। न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत सदस्यों एवं अधिकारियों को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछडा वर्ग आयोग के गठन, उसके उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछडा वर्ग के आरक्षण से संबंधित तथ्यों का अध्ययन, जनसुझावों एवं आपत्तियों का परीक्षण तथा न्यायसंगत एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार को अपनी संस्तुतियाँ उपलब्ध कराना है। प्रशासक ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने न्यायमूर्ति को अवगत कराया कि विकास खंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायतों में वर्ष 2026 के उपलब्ध सांख्यिकीय आंकडों के अनुसार विकास खंड की कुल जनसंख्या 352985 है, विकास खंड में 131 ग्राम पंचायतें है। 131 ग्राम पंचायतो में कुल 131 निर्वाचित ग्राम प्रधान ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। इसके अतिरिक्त 176 क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत सदस्य स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आयोग के सदस्यों द्वारा बताया गया कि नगरीय निकाय एवं स्थानीय ग्रामीण निकायों के चुनाव से पूर्व राजनीतिक आरक्षण की वर्तमान स्थिति तथा पिछडेपन के वास्तविक स्वरूप का आकलन किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आयोग द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने जानकारी प्राप्त की कि स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछडा वर्ग के लिए राजनीतिक पदों पर आरक्षण का प्रतिशत कितना होना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति ने उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित सामाजिक एवं जनसमस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्राप्त सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उन्हें आवश्यक कार्यवाही के लिए संज्ञान में लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य अन्य पिछडा वर्ग के हितों का संरक्षण करते हुए स्थानीय ग्रामीण निकायों में आरक्षण व्यवस्था को तथ्यपरक एवं न्यायसंगत बनाना है। उन्होंने सभी से निष्पक्ष एवं प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर अपने सुझाव प्रस्तुत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सदस्य बृजेश कुमार (से0नि0 डी0जे0), सन्तोष कुमार विश्वकर्मा (से0नि0 ए0डी0जे0), डॉ० अरविन्द कुमार चैरसिया (से0नि0 आई0ए0एस0), एसपी सिंह (से0नि0 आई0ए0एस0), डीपीआरओ, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, समस्त सचिव, ग्राम प्रधान बी डी सी मेंबर्स सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मानदेय बढ़ाने को गरजे रोजगार सेवक

बहराइच। ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को जिले के ग्राम रोजगार सेवक अपनी लंबित मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए। विकास भवन से अस्पताल चौराहे तक नारेबाजी करते हुए उन्होंने प्रदर्शन किया और सदर विधायक अनुपमा जायसवाल तथा विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी को पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की।जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में रोजगार सेवकों ने ग्राम रोजगार सेवकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करने, समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने समेत अन्य लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक ग्रामीण विकास और मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन वर्षों से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है।जिला मीडिया प्रभारी दिनेश बोट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवकों को वर्तमान में मात्र ?7,788 प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है, जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम है। महंगाई के इस दौर में इतनी राशि से परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। उन्होंने सरकार से मानदेय बढ़ाकर कम से कम ?24,000 प्रतिमाह किए जाने और सेवा संबंधी अन्य मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।मांगपत्र प्राप्त करने के बाद विधायक अनुपमा जायसवाल और एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी ने रोजगार सेवकों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाकर सकारात्मक पहल की जाएगी।प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शुक्ला, राम सिंह चौहान, प्रमुख कुमार, पंकज मौर्य, अनिल कुमार, सुरेश यादव, राजकुमार वर्मा, साबित अली, भगवान प्रसाद तिवारी, अरविंद यादव, मनोज मिश्रा, संजीव चौहान आदि उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में कन्या जन्म उत्सव मनाया गया

फतेहपुर । जिला अस्पताल में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नवजात कन्याओं का केक काटकर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने नवजात शिशुओं की माताओं को स्वागत किट व एक-एक पौधा भेंट स्वरूप देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों, सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों तथा नवजातों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।जिलाधिकारी का संदेशः बेटी है सम्मान और शक्ति अपने संबोधन में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं बल्कि समाज में बेटी के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश है। उन्होंने कहा कि बेटियाँ परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और आज की लड़कियाँ शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन, सेना व चिकित्सा सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम दिखा रही हैं। इसलिए कन्या के जन्म को गर्व, सम्मान और खुशी के साथ स्वीकार करना समाज की जिम्मेदारी है।जिलाधिकारी ने नवजात कन्याओं के माता-पिता को हार्दिक बधाई दी और उनसे आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य और समान अवसर प्रदान करें।सरकारी योजनाओं वजनभागीदारी पर जोरनिधि गुप्ता वत्स ने सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' सहित महिला एवं बाल कल्याण की अन्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों का उद्देश्य प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का दायित्व है कि ये योजनाएँ जमीन तक पहुँचें और प्रत्येक पात्र परिवार तक लाभ सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं का विरोध करें और किसी भी स्तर पर बेटी के साथ भेदभाव न करने का संकल्प लें।स्वास्थ्य सुविधाओं और टीकाकरण का निर्देश जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी आवश्यक टीके और अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही

पुलिया का पानी बना काल, दो मासूमों की डूब कर मौत

बहराइच। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के लौदा महौली गांव में बारिश के मौसम में पुलिया के पास जमा पानी दो मासूम बच्चों के लिए काल बन गया। कल शाम खेलते-खेलते घर से निकले दो बच्चों के शव सोमवार सुबह पुलिया के पास करीब तीन फीट गहरे जलभराव में उतराते मिले। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया और दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव निवासी गुरुदयाल का आठ वर्षीय पुत्र सचिन गोस्वामी और पड़ोसी प्रभुदयाल का दस वर्षीय पुत्र विनीत गोस्वामी रविवार शाम खेलते हुए गांव के बाहर स्थित पुलिया की ओर चले गए थे। दोनों प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन के छात्र थे और एक साथ खेलते थे। पुलिया के आसपास बारिश का पानी काफी मात्रा में भरा हुआ था। आशंका है कि खेलते समय दोनों बच्चे गहरे पानी में उतर गए और संतुलन बिगड़ने से डूब गए।

आसपास कोई मौजूद न होने के कारण समय रहते उन्हें बचाया नहीं जा सका।रात तक दोनों बच्चों के घर न लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में देर रात तक तलाश की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने हुजूरपुर थाने में दोनों बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कराई।सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने पुलिया के पास भरे पानी में दोनों बच्चों के शव उतराते देखे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक विपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों बच्चों की मौत पानी में डूबने से हुई प्रतीत होती है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।एक ही गांव के दो मासूमों की एक साथ मौत से लौदा महौली गांव में शोक की लहर दौड़ गई। विनीत अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जबकि सचिन भी परिवार का दुलारा था। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। हर आंख नम थी और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा रहा।हादसे के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पुलिया और जलभराव वाले खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने, बैरिकेडिंग कराने तथा सुरक्षा के स्थायी इंतजाम करने की मांग की है। उनका कहना है कि बारिश के दौरान ऐसे स्थान बच्चों और राहगीरों के लिए जानलेवा बन जाते हैं।

बिजली कटौती से त्रस्त ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे किया जाम

बांदा। बांदा-अतर्रा मार्ग में स्थित शहर कोतवाली के डिंगवाही गांव के लोगों ने लगातार बिजली कटौती से परेशान होकर हाइवे जाम कर दिया। गांव के लोगों का कहना है कि बीते तीन दिनों से बिजली की लगातार कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से गांव के किसान उपभोक्ता आजिज आ चुके हैं। लोगों के जाम लगाने से बांदा-इलाहाबाद हाइवे में वाहनों की दोनों तरफ लंबी कतारें लग गई। ग्रामीण जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जाम लगने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन और मौके पर उपजिलाधिकारी अतर्रा ने पहुंचकर लोगों को समझाया। तब जाकर बमुश्किल ग्रामीण जाम खोलने पर राजी हुए। बताते चलें कि भीषण गर्मी और कम बारिश होने की वजह से बीते कई दिनों से बिजली कटौती से जिलेभर के लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं।

बड्स एक्ट कानून के तहत भुगतान कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

बांदा। जिलाधिकारी को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार तप-जप संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार ने सदस्यों के साथ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बड्स एक्ट कानून 2019 लागू कर टोगो रिटेल मार्केटिंग कंपनी लि., वी आल म्युचुअल बेनिफिट निधि लि., पेट्रोन मिनिरल एंड मेटल्स लि., साईं प्रसाद, कामधेनु, जीजीआई, पीएसीएल आदि कंपनियों में जमा निवेशकों के पैसे को वापस कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पूर्व की भांति कलेक्ट्रेट कम्पाउंड बांदा में जो भुगतान पटल खुला था वह अब बंद है। उसे दोबारा खोलकर ठगी पीड़ितों के भुगतान को आवेदन पत्र जमा करके भुगतान बड्स एक्ट कानून 2019 से करवाया जाय। इस मौके पर जिला प्रभारी शिवनारायण साहू, जिला महामंत्री श्रीराम, जिला संगठन मंत्री सभाजीत, राजेश कुमार, कुमार कार्तिकेय, केशव प्रसाद, सोहन लाल, अजय पाल, अचलेश, दादूलाल, मेजर दुर्गाचरण श्रीवास्तव आदि ठगी पीड़ित मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने कलाम को अर्पित किए श्रद्धासुमन

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में मिसाइलमैन पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि में उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलाम जी चार दशक तक वैज्ञानिक और विज्ञान प्रशासक के रूप में बिताए। उन्हें 2002 में 11वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया। 27 जुलाई 2015 को शिलांग में भारतीय प्रबंधन संस्थान में व्याख्यान देते समय हृदयघात से निधन हो गया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में उनके निवास पर उनकी स्मृतियां रखी गई है जिन्हें पर्यटक देखकर गर्व महसूस करते है। पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने वालों में शिवबली सिंह, सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, हेमंत कुमार वर्मा, बीलाल भाई, राजेश कुमार गुप्ता, अशोकवर्धन कर्ण, केपी सेन, राजबहादुर गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, दिलीप कुमार वर्मा, भोला विश्वकर्मा, सियाराम विश्वकर्मा, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी, सैय्यद वारिस अली, इस्लाम भाई, लालबाबू राजपूत, सरदार खान, अलीबख्श आदि उपस्थित रहे।

गजलकार नीरज कुमार मिश्र सम्मानित

बांदा। युवा आलोचक नीरज कुमार मिश्र को उनके हिंदी गजल साहित्य के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए लिखावट फाउंडेशन ने दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में लिखावट साहित्य-सम्मान से सम्मानित किया है। नीरज कुमार मिश्र का जन्म जनपद के के अछरौड़ गांव के किसान परिवार में हुआ। पिता राजेंद्रदेव मिश्र बेटे के इस सम्मान से बेहद खुश हैं। बाबा विष्णुदेव मिश्र जनपद के प्रसिद्ध कवि थे। नीरज दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। इन युवा आलोचक के देश की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं और प्रमुख संकलनों में कई लेख, कविताएं और समीक्षाएं प्रकाशित हो चुकी है। कविता संकलन कविता में किसान प्रमुख है। लिखावट फाउंडेशन के संयोजक वरिष्ठ कवि मिथिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि गजलकार हरेराम समीप, अमर पंकज, विनोद सिन्हा, जगमोहन राय, सजल और दिव्या जैन ने अपनी गजलों को सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया।

गौ माता सम्मान को सौंपा ज्ञापन

बांदा। गौ माता सम्मान आह्वान अभियान में हस्ताक्षरित ज्ञापन राज्यपाल व राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला को दिया गया। पदाधिकारियों ने गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित कर गोकशी पर प्रतिबंध लगाने, गोशालाओं की सतत निगरानी आदि प्रमुख मांगे उठायी। गौ माता अभियान प्रभारी नीरज निगम, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रकाशचंद्र त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया। इस दौरान डा. राजकुमार गुप्ता, चंद्रप्रकाश, आचार्य महेश शास्त्री, हर्ष दासवानी, विजय बहादुर गुप्ता, लोकेश शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता, खेमराज उर्फ बलराम, शिवम धुरिया आदि मौजूद रहे।

आईटीआई देवरिया में रोजगार और अप्रेंटिसशिप कैंप 30 को

देवरिया। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, के.के. राम ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 30 जुलाईको प्रातः 10:30 बजे रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप चयन कैंप का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रोजगार हेतु त्रिवेणी आलमीरा प्रा. लि., ग्रेटर नोएडा द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। साथ ही जनपद के पंजीकृत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अप्रेंटिसशिप के लिए भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

कैंप में फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टर्नर, मशीनिस्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक ट्रेड के आईटीआई उत्तीर्ण तथा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

संक्षेप

जावा येज्दी और भारतीय सेना शौर्य विजय यात्रा के लिए एक साथ आये

नई दिल्ली। भारतीय सेना के साथ साझेदारी में आयोजित जावा येज्दी मोटरसाइकल्स की शौर्य विजय यात्रा का समापन कारगिल विजय दिवस के अवसर पर द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर हुआ। नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से शुरू हुई इस 1,900 किमी की यात्रा में सेवारत व सेवानिवृत्त रक्षा कर्मी, वीर नारियां, शहीदों के परिवार और सिविलियन राइडर्स एक साथ आए। इस अभियान ने 1999 के कारगिल युद्ध के नायकों की वीरता, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। शौर्य विजय यात्रा यह सुनिश्चित करने का हमारा तरीका है कि भारत के वीर सपूतों की कहानियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहें। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लेकर द्रास तक, इस यात्रा का हर एक किलोमीटर उन लोगों को समर्पित था जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। हमें भारतीय सेना और व्यापक राइडिंग कम्युनिटी के साथ मिलकर यह श्रद्धांजलि अर्पित करने पर गर्व है। सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों, वीर नारियों और सिविलियन राइडर्स को एक साथ लाकर, हम यह उम्मीद करते हैं कि साहस, सेवा और राष्ट्रीय गर्व के मूल्य पीढ़ियों तक गूंजते रहेंगे।

डब्लूयूडी के पांचवे दीक्षांत समारोह में दी गयी सात डॉक्टरेट डिग्रियां

नई दिल्ली। रचनात्मक विषयों में शिक्षा के लिए विशेष रूप से समर्पित डब्लूयूडी ने सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में अपने कैंपस में आज हुए पांचवे दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की डिग्रियां प्रदान की। इस दीक्षांत समारोह में युनिवर्सिटी के प्रबंधन बोर्ड, अकादमिक परिषद, परामर्श बोर्ड के सदस्यों, शिक्षकों, छात्रों-छात्राओं के माता पिता और गणमान्य अतिथियों के बीच मुख्य अतिथि के तौर पर प्रख्यात डिजाइनर, उद्यमी और रचनात्मक क्षेत्र की अग्रणी मौजूद रहीं। इस दीक्षांत समारोह ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की जिसमें सात डॉक्टोरल डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें वे तीन छात्र भी शामिल रहे जिन्होंने डब्लूयूडी के डॉक्टोरल प्रोग्राम के तहत अपना डॉक्टोरल अनुसंधान पूरा किया।

तीन हफ्तों में 50 मिलियन घंटे देखा गया नेटफ्लिक्स का लॉक अप: सच या सजा

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स का हाई-स्टेक्स अनस्क्रिप्टेड फॉर्मेट ह्यलॉक अपः सच या सजा शो इन दिनों भारत के सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले कैप्टिव रियलिटी शोज में से एक बन गया है। सिर्फ तीन हफ्तों में इसे 50 मिलियन घंटे से ज्यादा देखा जा चुका है। शो शुरू होने के बाद से दर्शकों का रिस्पॉन्स जबरदस्त रहा है। शुरूआत में यह शो हफ्ते में पांच दिन आता था, लेकिन पहले ही हफ्ते दर्शकों से मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद नेटफ्लिक्स ने इसे हफ्ते में छह दिन दिखाना शुरू कर दिया। अब ग्रैंड फिनाले तक यह शो हफ्ते के सातों दिन प्रसारित किया जा रहा है। ऐसे में शो के आखिरी दौर में दर्शकों को लगातार ड्रामा, नए ट्विस्ट और चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिल रहे हैं। नेटफ्लिक्स और बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का कैप्टिव शो लॉक अपः सच या सजा रियलिटी शो की दुनिया में एक अलग पहचान बना चुका है।

हिमालया बेबीकेयर का नया कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू के लिए अपना नया कैंपेन लॉन्च किया है। एक भावनात्मक और सहज इनसाइट पर आधारित यह कैम्पेन एक माँ के उस वादे को खूबसूरती से दिखाती है जिसमें वह अपने शिशु के नहाने के समय को खुशनुमा और आंसू रहित बनाने का भरोसा देती है। इसकी शुरूआत एक पुरानी याद के साथ होती है, जिसमें एक मां अपने बचपन के नहाने के अनुभवों को याद करती है। वह बताती है कि उस समय कठोर फॉमूर्लेशन वाले उत्पादों के कारण अक्सर आंखों में जलन और आंसू आ जाते थे। उस अनुभव से अलग, वह अपने शिशु को भरोसा दिलाती है कि उसके लिए नहाने का समय हमेशा सुखद और आरामदायक रहेगा। इस कैंपेन के केंद्र में हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू का नो टीयर्स फॉमूर्ला है, जिसे इस तरह तैयार किया गया है कि शिशु का नहाने का अनुभव आंखों में जलन के बिना, आरामदायक और सुकूनभरा बने।

सेंसेक्स में 776 अंकों की उछाल

मुंबई। शेयर बाजार में पिछले पांच दिन से जारी गिरावट सोमवार को थम गयी। पश्चिम एशिया संकट कम होने के साथ कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से बीएसई सेंसेक्स में 776 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 228 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 776.01 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,835.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 841.74 अंक चढ़कर 76,901.51 अंक तक चला गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 228.50 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,995.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इंटरग्लेब एविएशन, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 9.40 प्रतिशत टूटकर 87.64 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। पश्चिम एशिया में हमलों पर विराम लगने से आयात लागत और महंगाई बढ़ने की आशंकाएं कम हुई हैं। इससे बाजार में तेजी देखने को मिली। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के साथ दीर्घकालीन बॉन्ड प्रतिफल में कमी से भी टिकाऊ समाधान को लेकर निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,892.77 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।लगातार पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को मजबूती के साथ वापसी की। बाजार में चौतरफा लिवाली और वैश्विक स्तर पर बेहतर होते माहौल से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। ईरान-अमेरिका के बीच तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे भारत में महंगाई को लेकर चिंताएं भी कम हुई हैं। छोटी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट इंडेक्स 1.71 प्रतिशत और मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स 1.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,091.68 अंक यानी 2.67 प्रतिशत नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 566.85 अंक यानी 2.32 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे पहले, शुक्रवार को सेंसेक्स 331.62 अंक टूटकर 76,059.77 अंक और निफ्टी 102.15 अंक फिसलकर 23,767.45 अंक पर बंद हुआ था।

कच्चे तेल में गिरावट से रुपया 61 पैसे मजबूत, 95.92 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान के बीच तनाव घटने से सोमवार को रुपया 61 पैसे की मजबूत बढ़त के साथ 95.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने भी रुपये को सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.18 पर खुला और सत्र में 96.27 के निचले एवं 95.78 के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 95.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। इस तरह पिछले बंद भाव के मुकाबले रुपये में 61 पैसे की मजबूती रही। शुक्रवार को रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 96.53 पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा 20 मई को 96.86 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले बंद स्तर पर रही थी। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह तक चले तनाव के बाद हमले रुकने से रुपया तीन सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप की खबरों ने भी बाजार को बल दिया। डॉलर-रुपये की हाजिर विनिमय दर निकट अवधि में 95.50 से 96.20 के दायरे में रह सकती है। इस बीच, दुनिया छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत गिरकर 101.09 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 8.95 प्रतिशत गिरकर 88.12 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में भी मजबूती का रुख रहा।

बैंक ऑफ बड़ौदा में कर्मचारी के ई-मेल से डेटा तक अनधिकृत पहुंच का मामला आया सामने

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने सोमवार को कहा कि उसके एक कर्मचारी का ई-मेल अकाउंट से छेड़छाड़ होने के कारण कुछ डेटा तक अनधिकृत पहुंच का मामला सामने आया है।

हालांकि, बैंक ने स्पष्ट किया कि उसकी मुख्य बैंकिंग प्रणाली (सीबीएस) पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनमें कोई सेंध नहीं लगी है। बैंक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, "यह घटना एक कर्मचारी के ई-मेल अकाउंट के साथ छेड़छाड़ से जुड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप कुछ डेटा तक अनधिकृत पहुंच हुई। बीओबी ने कहा कि इस घटना की पहचान समय पर कर ली गई और हालात को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल कदम उठाए गए। हालांकि, बैंक ने यह नहीं बताया कि ई-मेल अकाउंट से छेड़छाड़ की यह घटना कब हुई या संबंधित कर्मचारी किस पद पर तैनात था। बैंक का यह बयान मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही उन चर्चाओं के बीच आया है, जिनमें दावा किया गया था कि एक टीबी से अधिक डेटा, जिसमें ग्राहकों के आधार से जुड़े विवरण भी शामिल हैं, को अनधिकृत रूप से पहुंच बनाकर डार्क वेब पर साझा किया गया है। बीओबी ने कहा कि उसके पास मजबूत सूचना सुरक्षा व्यवस्था मौजूद हैं।

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 5.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। पांच सत्र की गिरावट के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी रहने से निवेशकों की संपत्ति में करीब 5.10 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 776.01 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 76,835.78 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 228.50 अंक बढ़कर 23,995.95 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 5,10,561.8 करोड़ रुपये बढ़कर 4,80,80,037.04 करोड़ रुपये (करीब पांच लाख करोड़ डॉलर) हो गया। बीएसई का स्मॉलकैप सूचकांक 1.71 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 1.65 प्रतिशत चढ़ा। कुल 2,776 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,580 शेयरों में गिरावट रही और 202 अन्य अपरिवर्तित रहे।

भारत की डेटा सेंटर क्षमता 2030 तक 12 गीगावाट होने का अनुमान

नयी दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते उपयोग, बड़े पैमाने पर क्लाउड अवसंरचना में निवेश और डिजिटल अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की डेटा सेंटर क्षमता वर्ष 2025 के 2.2 गीगावाट से बढ़कर 2030 तक 12 गीगावाट से अधिक होने का अनुमान है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एआई के लिए समर्पित डेटा सेंटर क्षमता वर्ष 2025 के 275 मेगावाट से बढ़कर 2030 तक 6,546 मेगावाट होने का अनुमान है। वहीं, डेटा सेंटर की बिजली मांग 2025 के 10 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) से बढ़कर 2040 तक 191 टेरावाट-घंटे होने का अनुमान है। भारत का डेटा सेंटर बाजार दीर्घकालिक निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में उभर रहा है। बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश, एआई आधारित कार्यभार में वृद्धि और पिछले एक दशक के नीतिगत समर्थन ने भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख बाजारों की बराबरी करने की स्थिति में ला खड़ा किया है। अब डेवलपर्स और निवेशकों के लिए सवाल यह नहीं रह गया है कि भारत में निवेश किया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि निवेश कहां और किस प्रकार किया जाए। वर्ष 2025 में 32 लाख करोड़ रुपये मूल्य वाली और सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था डेटा सेंटर अवसंरचना की मांग को बढ़ा रही है।

गुजरात ने पोत निर्माण नीति जारी की

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने सोमवार को अपनी पोत निर्माण नीति जारी की। इस नीति का उद्देश्य वित्तीय प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचे के विकास और कौशल विकास के जरिये राज्य को भारत का प्रमुख समुद्री विनिर्माण केंद्र बनाना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सरकार की जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात पोत निर्माण एवं मरम्मत नीति-2026 जारी की। इस नीति का उद्देश्य दो एकीकृत विशाल जहाज निर्माण पार्क बनाना, राज्य की जहाज निर्माण क्षमता को 50 लाख डेडवेट टनेज (डीडब्ल्यूटी) से ज़्यादा करना और 27,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करना है।डीडब्ल्यूटी वह अधिकतम वजन है जिसे कोई जहाज सुरक्षित रूप से ले जा सकता है। इस नीति का उद्देश्य पांच लाख से अधिक लोगों का कौशल विकास करना और क्षमता-निर्माण की प्रशिक्षण देना भी है। नीति जारी करने के अवसर पटेल ने कहा कि यह नीति गुजरात में दुनिया भर में मुकाबला करने लायक पोत निर्माण की पारिस्थितिकी तैयार करेगी और विकसित गुजरात 2047 और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने में राज्य की भूमिका को मजबूत करेगी। राज्य सरकार के मुताबिक, यह नीति केंद्र की पोत निर्माण वित्तीय सहायता योजना 2025 और समुद्री दृष्टिकोण-2047 के अनुरूप है।बयान के मुताबिक, इस नीति का उद्देश्य समुद्री उपकरणों के निर्माण, अनुसंधान एवं विकास, स्टार्टअप, सहायक उद्योगों और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देकर भविष्य के लिए तैयार पोत निर्माण पारिस्थितिकी विकसित करना है। इस नीति के तहत, आधुनिक जहाज गोदी अवसंरचना वाले दो एकीकृत विशाल पोत निर्माण पार्क विकसित किए जाएंगे। इनके साथ ही समुद्री उपकरण विनिर्माण संकुल, परीक्षण सुविधाएं, लॉजिस्टिक समर्थन, अनुसंधान एवं विकास केंद्र और कौशल विकास संस्थान भी बनाए जाएंगे। बयान के मुताबिक, केंद्र सरकार ने पोरबंदर जिले के कुछाडी में एक विशाल पूर्ण रूप से नये सिरे से पोत निर्माण संकुल की मंजूरी दी है। गुजरात समुद्री बोर्ड इस परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रहा है।

बर्जर पेंट्स ने किया नया कैंपेन शुरू

नई दिल्ली। देश की दूसरी सबसे बड़ी पेंट कंपनी, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने एक बेहद खास सोच पर आधारित अपनी नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया है: ज़िंदगी चाहे हमारी कितनी भी परीक्षा क्यों न ले ले, वह हमारे रंगों को कभी छीन नहीं सकती। रंग बना रहे विचार के जरिए सामने लाया गया यह नया कैंपेन बर्जर पेंट्स के रंगों को सुरक्षित रखने के पुराने वादे को मानवीय दृष्टिकोण से फिर से पेश करता है। पेंट उद्योग में, जहाँ अक्सर सभी ब्रांड एक जैसे दिखते रहे हैं और रंगों को केवल बाहरी अभिव्यक्ति के रूप में देखा गया है, वहीं बर्जर अपनी विशिष्ट पहचान और बिल्कुल अलग विजुअल ट्रीटमेंट के साथ एक नया नजरिया पेश करता है। दशकों से बर्जर ने अपने बेहतरीन उत्पादों के जरिए रंगों की सुरक्षा की है।

अबतक चार करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल हुआ



नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अबतक चार करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये हैं।

विभाग ने करदाताओं से 31 जुलाई की अंतिम तिथि से पहले अपना रिटर्न दाखिल करने की अपील की है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर करदाताओं से 31 जुलाई से पहले आयकर रिटर्न एक (सहज) और दो भरने को कहा है। आईटीआर-1 (सहज) एक सरल फॉर्म है, जिसे छोटे और मध्यम आय वर्ग के बड़ी संख्या में करदाताओं के लिए तैयार किया गया है। यह फॉर्म उन निवासी व्यक्तिगत करदाताओं के लिए है, जिनकी वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक आवासीय संपत्ति तथा कृषि से सालाना 5,000 रुपये तक होती है। वहीं, आईटीआर-2 उन व्यक्तिगत करदाताओं और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) के लिए है, जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन उन्हें पूंजीगत लाभ से आय प्राप्त होती है।

पेज एक का शेष

गुरु रविदास की

पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई से 10 सितंबर के बीच गुरु रविदास जी की जन्मस्थली की मिट्टी से भरे 131 कलश देशभर के 21,000 स्थानों तक पहुंचेंगे। वहीं, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 51,000 मंदिरों में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वाराणसी के गंगा घाटों पर योगी आदित्यनाथ और नितिन नवीन की उपस्थिति में ऐतिहासिक दीपमाला का आयोजन भी किया जाएगा। चुघ ने कहा, "बेगमपुरा यानी दुख और चिंता से मुक्त समाज की उनकी परिकल्पना तथा आदर्श समाज का उनका दर्शन हर गांव और हर घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए देशभर के धार्मिक प्रवचनकर्ताओं, कथावाचकों, कीर्तन मंडलियों और भजन गायकों से भी व्यापक संपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई से 15 जनवरी तक भाजपा के कार्यकर्ता और नेता देशभर में संतों एवं धार्मिक नेताओं से मिलकर गुरु रविदास के विचारों का प्रचार-प्रसार करेंगे। भाजपा पांच अक्टूबर से पांच नवंबर तक जालंधर से वाराणसी तक एक माह की यात्रा भी निकालेगी। चुघ ने कहा, इसके बाद जालंधर से शुरू होने वाली राष्ट्रव्यापी यात्रा पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान से होते हुए वाराणसी स्थित गुरु रविदास जी जन्मस्थली पर संपन्न होगी।

लोस में

हैं और सदस्यों की इच्छा होने पर समय और बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, सदन में सोमवार को विधेयक पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी और तीन बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सूत्रों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं से बातचीत की। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मंगलवार को विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए सहमति बनी। सरकार राज्यसभा में मंगलवार को, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के अपमान को दंडनीय बनाने के प्रावधान वाले विधेयक पर चर्चा और पारित कराने की तैयारी में है। विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह विधेयक महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन आज सबसे महत्वपूर्ण विषय छात्रों से बर्बरता और प्रश्नपत्र लीक से जुड़ी जवाबदेही का है। राष्ट्र गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक 2026 उच्च सदन में पिछले सप्ताह शुक्रवार को पेश किया गया था, जिसके प्रावधानों के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान या उसका अपमान आपराधिक कृत्य माना जायेगा और इसके लिए तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है। इस विधेयक के तहत 1971 के मूल अधिनियम में संशोधन का प्रावधान किया गया है। आज इस विधेयक पर सदन में चर्चा होनी थी।

छात्रों पर

के लिए तैयार हैं लेकिन हम चाहते हैं कि गृह मंत्री सदन में आएं और प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्वाई के मुद्दे पर बयान दें। हंगामे की वजह से उपसभापति हरिवंश ने बैठक को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले उच्च सदन की बैठक इसी मुद्दे पर सुबह 11 बजे, दोपहर बारह बजे, फिर तीन बजे और फिर शाम सवा पांच बजे तक के लिए स्थगित की गई थी।

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई को शुरू हुआ और नीट प्रश्नपत्र लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पिछले सप्ताह एक भी दिन सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाए। राष्ट्र गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक 2026 उच्च सदन में पिछले सप्ताह शुक्रवार को पेश किया गया था, जिसके प्रावधानों के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान या उसका अपमान आपराधिक कृत्य माना जायेगा और इसके लिए तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है। इस विधेयक के तहत 1971 के मूल अधिनियम में संशोधन का प्रावधान किया गया है। आज इस विधेयक पर सदन में चर्चा होनी थी।

वाराणसी : शिक्षिका

शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल पक्ष ने कार्वाई करने के बजाय कहा कि जो करना है कर लीजिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। लालपुर-पांडेयपुर थाने ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिक्षिका प्रीति कुशवाहा, स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 118(1) (चाकू, आग अन्य खतरनाक हथियार से चोट पहुंचाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस की ज्यादती

लाठीचार्ज किया गया था और आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना संविधान प्रदत्त अधिकार है और इससे इनकार नहीं किया जा सकता। केवल यह कहकर कि आंदोलन चल रहा है, पुलिस की ज्यादतियों को उचित नहीं ठहराया जा सकता। पीठ ने कहा, अगर कोई ज्यादती हुई है, तो उसकी स्वतंत्र रूप से जांच होनी चाहिए। यह केवल दिल्ली का मामला नहीं है। प्रोटोकॉल में एकरूपता जरूरी है... लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अनुशासन अहम है। जब एक वकील ने कहा कि पुलिसकर्मियों की भी पिटाई की गई थी, तो पीठ ने रेखांकित किया कि हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है, चाहे वह कोई भी हो। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, चाहे पुलिसकर्मी हों या छात्र, किसी को भी चोट पहुंचना समान रूप से चिंता का विषय है। हम राज्य (सरकार) से यह सवाल कर सकते हैं कि ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस को पर्याप्त उपकरण क्यों नहीं दिए जाते... उनके पास हेलमेट होने चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, सिर्फ इसलिए कि कोई आंदोलन हो रहा है, इसका मतलब यह नहीं कि लाठीचार्ज किया जाए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए आवश्यक है कि लोग स्वयं अनुशासन का पालन करें। उन्होंने पक्षकारों से पीठ की सहायता करने का भी आग्रह किया। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुये सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह इस मामले में निष्पक्ष रूप से अदालत की सहायता करेंगे। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान अधिवक्ता फौजिया शकील ने आरोप लगाया कि बिहार में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस ने एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया।

वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि बिहार में छात्रों पर हमले की कई घटनाएं भी हुई हैं।

इससे पहले, शीर्ष अदालत ने विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस की ज्यादतियों का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। एक याचिका में सार्वजनिक विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कार्वाई को नियंत्रित करने के लिए देशव्यापी दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। इसमें भीड़ को नियंत्रित करने के काम में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर रोक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के संबंध में एहतियाती उपाय, और दिल्ली में 20 जुलाई के विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्वाई की स्वतंत्र जांच का अनुरोध शामिल है। एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड चांद कुरैशी के जरिए शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की ओर से दाखिल याचिका में केंद्र, दिल्ली सरकार, पुलिस आयुक्त और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को प्रतिवादी बनाया गया है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 20 जुलाई को दिल्ली में हुए प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती की गई, अवरोधक लगाए गए, आंसू गैस छोड़ी गयी, लाठीचार्ज और बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लेने जैसी कार्वाई की गई, जिससे कम से कम 60 प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

चढ़ावा चोरी

सुनिश्चित करने के लिए सभी ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे। हम इस घटना की गहन पड़ताल कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम निष्पक्ष, त्वरित और तटस्थ जांच सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पीठ ने 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश सरकार से कहा था कि वह चढ़ावे के कथित गबन की जांच के लिए एसआईटी बनाने की संभावना के बारे में जानकारी दे।

राष्ट्र की प्रगति

व्यक्तिगत उपलब्धि का अभिनंदन नहीं, बल्कि पूरी युवा पीढ़ी को मेहनत और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करने का माध्यम भी है।

सीएम धामी ने कहा कि शिक्षा को केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित करने से उसका उद्देश्य पूरा नहीं होता। वास्तविक शिक्षा वह है, जो विद्यार्थी के ज्ञान को व्यापक बनाने के साथ उसके व्यक्तित्व को भी मजबूत करे। उन्होंने कहा कि संस्कार और नैतिक मूल्य बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर समझने, कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों को पहचानने की शक्ति देते हैं। अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा हुआ विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ बदलती दुनिया का सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा परंपरा में ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण को सदैव सर्वोच्च महत्व दिया गया है। विद्या भारती इसी विचार को आधुनिक संदर्भों में आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर कार्य कर रही है। संस्था द्वारा शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभावना और सामाजिक मूल्यों को विद्यार्थियों के जीवन से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि देशभर में विद्या भारती से संबद्ध विद्यालयों में लगभग 45 लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उत्तराखंड में भी संस्था के 562 विद्यालयों के माध्यम से करीब सवा लाख विद्यार्थी शिक्षा और संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर नई पीढ़ी को ज्ञान, संस्कार और सामाजिक चेतना से जोड़ना राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है और तकनीक हर क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा कर रही है। ऐसे समय में युवाओं को केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। उन्हें भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक तकनीक, व्यावसायिक कौशल, नवाचार और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

जल प्रबंधन में

विकसित की गईं। इन प्रयासों ने वर्षा जल संचयन व भूजल रिचार्ज को नई गति दी। डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अटल भूजल योजना ने भी सकारात्मक बदलाव में अहम भूमिका निभाई। 26 विकासखंडों में ग्राम पंचायत आधारित वाटर सिक्योरिटी प्लान लागू किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्र अतिदोहित या सेमी-क्रिटिकल श्रेणी से सुरक्षित श्रेणी की ओर बढ़े। एक स्वतंत्र अध्ययन में 550 ग्राम पंचायतों में से 303 पंचायतों में भूजल स्तर में 0.5 से 2 मीटर तक सुधार दर्ज किया गया। योगी सरकार ने रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को सरकारी एवं अर्धसरकारी भवनों पर भी व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया।

जौहर यूनिवर्सिटी

इस प्रकरण की अंतिम सुनवाई तक प्रभाव में रहेगा। सभी पक्षों को सुनने और रिकॉर्ड की जांच के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर में बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश नगर नियोज

वैभव की परिपक्वता व खेल की समझ बढ़ी

पिछले छह महीनों में जबरदस्त सुधार: लक्ष्मण

हरारे। वैभव सूर्यवंशी के जज्बे से बेहद प्रभावित भारत के अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि इस किशोर खिलाड़ी की खेल की समझ पिछले छह महीनों में ज़बरदस्त बढ़ी है और वह दबाव वाली परिस्थितियों में खेलने के लिए निपुण होते जा रहे हैं।

सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे दौरे पर अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस 15 वर्षीय बल्लेबाज ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 35 रन की जीत के साथ भारत को 3-0 से श्रृंखला जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज दोनों पुरस्कार मिले। लक्ष्मण ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सबसे प्रभावित करने वाली बात एक व्यक्ति के तौर पर उसका विकास है। पिछले छह महीनों में उसकी परिपक्वता, खेल की समझ और जागरूकता जबरदस्त बढ़ी है। यही वजह है कि वह कठिन परिस्थितियों को अच्छी तरह संभाल पा रहा है। सूर्यवंशी ने तीन पारियों में 50.33 की औसत से 151 रन बनाए। श्रृंखला के अंतिम मैच में उनकी 81 रन की शानदार पारी भारत की जीत की नींव बनी। यह प्रदर्शन इंग्लैंड के खिलाफ उनके निराशाजनक पदार्पण दौरे के बाद आया, जहां उन्होंने 13, 14 और 15 रन की पारियां खेलीं और पांचवें व अंतिम टी20 से बाहर कर दिए गए थे। उस श्रृंखला में भारत को 0-4 से हार का सामना करना पड़ा था। मुख्य कोच गौतम गंभीर को व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बीच विश्राम दिए जाने के कारण इस दौरे पर भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभाल रहे लक्ष्मण ने कहा, उसने (सूर्यवंशी) अंडर-19 विश्व कप खेला और चार-पांच महीने के भीतर आईपीएल में अपना दबदबा कायम कर लिया। हम जानते हैं कि आईपीएल का स्तर कितना ऊंचा होता है। भारत ही नहीं, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के खिलाफ जिस तरह उसने खुद को निखारा और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ा, उससे उसकी प्रतिभा और क्षमता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी में खुद को लगातार बेहतर बनाने की ललक साफ दिखाई देती है। लक्ष्मण ने कहा कि वह चोटिल होने के बावजूद मैदान पर बने रहकर टीम के लिए योगदान देना चाहता था। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि वह अभी सिर्फ 15 साल का है और खेल के हर पहलू में खुद को बेहतर बनाना चाहता है। आज के मैच में भी वह क्षेत्ररक्षण के दौरान पूरी तरह सक्रिय था। चोट लगने के बाद भी वह मैदान पर रहना चाहता था, लेकिन हमारे फिजियो ने उसे बाहर आने के लिए कहा। इससे पता चलता है कि टीम के लिए हर संभव योगदान देने की उसमें कितनी इच्छा है। लक्ष्मण ने खुलासा किया कि अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक से चूकने के बाद सूर्यवंशी निराश थे, लेकिन उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी को तुरंत याद दिलाया गया कि उनके सामने एक लंबा करियर है और उन्हें बहुत सारे अवसर मिलेंगे। हमने उससे कहा कि उसे आगे भी शतक बनाने की कई मौके मिलेंगे। उसका करियर लंबा है और उसमें हर दिन बेहतर प्रदर्शन करने की ललक है। मुझे पूरा यकीन है कि वह प्रगति करेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई रिकॉर्ड तोड़ेगा। उसके पास ऐसा करने की पूरी क्षमता और योग्यता है। लक्ष्मण ने कहा कि भारत का मजबूत क्रिकेट तंत्र और प्रतिभाओं की उपलब्धता टीम को अगले दशक में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मुझे लगता है कि हमारे पास कहीं प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो अगले पांच से दस वर्षों में भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाएंगे।

वनडे में रोहित के साथ पारी का आगाज करें सूर्यवंशी : इंजीनियर

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर फारूख इंजीनियर का मानना है कि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। बीते जमाने के विकेटकीपर बल्लेबाज का मानना है कि रोहित के साथ पारी का आगाज करने वाले शुभमन गिल चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, जिससे मध्य क्रम को और मजबूती मिलेगी। आदर्श स्थिति शुभमन गिल और वैभव सूर्यवंशी की है। गिल एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मेरे विचार से गिल इस समय टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। इसलिए गिल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आना चाहिए। गिल गेंद को हवा में उठाकर नहीं मारते हैं। इसके अलावा वनडे में बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन आदर्श रहेगा। मेरा मानना है कि रोहित को टीम में रहना चाहिए।

ईशा ने विश्व कप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण और मनु ने कांस्य पदक जीता

हांगझोउ। भारत की उदीयमान निशानेबाज ईशा सिंह ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप (राइफलापिस्तौलाशॉटगन) में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता हमवतन खिलाड़ी मनु भाकर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता।

भाकर ने कांस्य पदक जीता और भारत ने इस तरह से इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए। 21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि पेरिस 2024 ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने शूट-ऑफ जीतकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 28 अंक बनाए। भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग दौर से ही अच्छी शुरुआत की। मनु ने 586 अंक बनाकर क्वालीफाइंग में पहला स्थान हासिल किया जबकि ईशा 585 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। इस तरह से इन दोनों ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में आसानी से जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582 का स्कोर बनाया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573) ने केवल रैंकिंग अंकों के लिए (आरपीओ) खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा ने कहा, पिछली जीत के कारण मुझ पर काफी दबाव था। जब आप अपनी स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपसे काफी उम्मीद की जाती है। मुझे खुशी है कि आज मैं इस दबाव को झेलने में सफल रही। दूसरी तरफ मनु ने कहा कि इस पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। मेरे लिए यह पदक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तरह की सफलता सीढ़ी का काम करती है। इससे मुझे यह पता चलता है कि मैं किस दिशा में आगे बढ़ रही हूं। इस पदक से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और इसका मुझे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में फायदा मिलेगा।

संक्षेप

तेजस शिर्से ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

ग्लास्गो। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिर्से सोमवार को यहां हीट (शुरुआती दौर) में 13.76 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने हीट एक में तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें इंग्लैंड के सैमुअल बेनेट ने 13.20 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रत्येक हीट में पहले तीन और अगले दो सबसे तेज धावक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचेंगे। फाइनल सोमवार को ही होगा। शिर्से ने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने लुधियाना में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज़ नौ में किया था जहां उन्होंने 13.27 सेकंड का समय निकाला, जो वर्तमान में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

खेल मंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले झंडू कुमार को सम्मानित किया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने ग्लास्गो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले पैरा-पावरलिफ्टर झंडू कुमार को सोमवार को यहां 10 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह मंत्री के आवास पर आयोजित किया गया। झंडू ने पुरुषों के हेवीवेट वर्ग में 190 किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ भार के साथ कांस्य पदक जीता था। झंडू बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले हैं और हरनौत कस्बे में अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए सब्जियां बेचते थे और यहां तक कि ई-रिक्शा भी चलाते थे। खेल मंत्रालय के एक बयान में झंडू ने कहा कि खेल मंत्री ने मुझसे स्कॉटलैंड में मेरे अनुभव के बारे में पूछा। उनसे बात करके बहुत अच्छा लगा। पदक जीतने के बाद से ही मुझे लगातार बधाई संदेश मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई पैरा खेलों की तैयारी के लिए गांधीनगर जाने से पहले मैं अपने परिवार से मिलने जाऊंगा।

पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं टोकस

नयी दिल्ली। बचपन से ही लड़ाकू खेलों के प्रति आकर्षित और जॉर्जिया के दो बार के ओलंपिक चैंपियन लाशा बेकौरी से प्रेरित भारतीय जूडो खिलाड़ी हर्ष टोकस ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में इस खेल में देश का पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पुरुषों के 81 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेगा। वह 10 वर्ष की उम्र में ही जूडो से जुड़ गए थे और उन्होंने अपना शुरुआती प्रशिक्षण दिल्ली के मुनीरका गांव में एक अकादमी में लिया था।

भारत पुरुष चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले तैराकी में छठे स्थान पर

ग्लास्गो। भारतीय तैराकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले स्पर्धा के फाइनल में रविवार को यहां छठे स्थान पर रही। धक्षण शशिकुमार, अनीश सुनील कुमार गौड़ा, आर्यन नेहरा और श्रीहरि नटराज की भारतीय चौकड़ी ने सात मिनट 29.84 सेकंड का समय निकाला, जो क्वालीफिकेशन राउंड के प्रदर्शन से बेहतर था, लेकिन पदक जीतने के लिए पर्याप्त नहीं रहा।

ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया और 7:01.54 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि इंग्लैंड ने रजत पदक जीता।

ऑस्ट्रेलिया के काई टेलर ने अंतिम चरण में जबरदस्त रफ्तार दिखाते हुए इंग्लैंड के डंकन स्कॉट को पीछे छोड़ा और अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। वेल्स ने स्कॉटलैंड को पछाड़कर कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने इससे पहले अपनी हीट में तीसरा स्थान (7:39:48) हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। भारत अपनी हीट में तैराकी की दिग्गज टीमों ऑस्ट्रेलिया (7:08.66) और इंग्लैंड (7:18.13) के बाद तीसरे स्थान पर रहा था। दोनों हीट के संयुक्त परिणामों में भारत ने पांचवें सबसे तेज समय के साथ फाइनल में जगह बनाई थी। ऑस्ट्रेलिया, स्कॉटलैंड, इंग्लैंड और वेल्स ने भारत से बेहतर समय दर्ज किया था। फाइनल में भारतीय चौकड़ी पदक की दौड़ में जगह नहीं बना सकी।

रेखा गुप्ता ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप उद्घाटन किया

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 का सोमवार को यहां त्यागराज स्टेडियम में उद्घाटन करते हुए इसे विभिन्न देशों और संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए यह गौरव की बात है कि उसे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है।

गुप्ता ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समाजों को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को उत्कृष्टता, अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही, वैश्विक मित्रता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी सशक्त बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता की आधिकारिक ट्रॉफी का भी अनावरण किया औ टेबल टेनिस रैकेट से प्रतीकात्मक सेरेमोनियल फर्स्ट स्ट्रोक खेलकर प्रतियोगिता का औपचारिक आगाज किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इसके बाद खिलाड़ियों द्वारा खेल भावना, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और अनुशासन की शपथ ली गई। बयान के मुताबिक, उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशों के खिलाड़ियों की परेड ऑफ नेशंस आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागी देशों ने अपने राष्ट्रीय ध्वज के साथ मार्च किया। समारोह में विद्यार्थियों एवं कलाकारों द्वारा भारतीय संस्कृति, एकता और विविधता पर आधारित भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्यमंत्री गुप्ता ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए खेल भावना, उत्कृष्ट प्रदर्शन और आपसी सम्मान की भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के बीच खेल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं है, बल्कि विभिन्न देशों के बीच मित्रता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और खेल भावना को सशक्त बनाने का अहम अवसर भी है। यह चैंपियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक त्यागराज स्टेडियम में चलेगी।

साजन ने पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

ग्लास्गो। दो बार के ओलंपियन भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने सोमवार को यहां सभी हीट (शुरुआती दौर) में कुल छठे स्थान पर रहते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। साजन हीट नंबर दो में एक मिनट 58.59 सेकेंड के समय के साथ स्कॉटलैंड के डंकन स्कॉट से पीछे रहे जिन्होंने एक मिनट 58.29 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। आठ तैराकों का फाइनल आज रात ही होगा। ऑस्ट्रेलिया के हैरिसन टर्नर क्वालीफिकेशन में एक मिनट 56.47 सेकेंड के साथ शीर्ष पर रहे। उनके बाद न्यूजीलैंड के लुईस क्लेयरबर्ट (एक मिनट 57.35 सेकेंड) और इंग्लैंड के एडवर्ड मिल्ड्रेड (एक मिनट 57.99 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। साजन कनाडा के बेंजामिन लोवेन (एक मिनट 58.87 सेकेंड) और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू टेम्पल (एक मिनट 59.06 सेकेंड) से आगे रहे। इस 32 वर्षीय भारतीय तैराक ने इसी साल सिंगापुर राष्ट्रीय आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में एक मिनट 57.09 सेकेंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

मुक्केबाज सचिन सिवाच और अंकुश क्वार्टर फाइनल में

ग्लास्गो। पूर्व विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच और उभरते हुए युवा मुक्केबाज अंकुश ने सोमवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की क्रमशः 60 किग्रा और 80 किग्रा मुक्केबाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

छब्बीस साल के सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के विलियम हेविट को 4-1 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने इंग्लैंड के मुक्केबाज के खिलाफ धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। पांच जज में से चार ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला दिया। जज एक, दो, तीन और पांच ने सचिन को 29-27 से विजेता घोषित किया जबकि जज चार ने हेविट को 29-27 का स्कोर दिया। सचिन ने तीनों राउंड में लगातार स्कोरिंग करते हुए मुकाबले में दबदबा बनाया। उन्होंने चार जज के स्कोर पर शुरुआती दो राउंड जीते और फिर एक जज के हेविट के पक्ष में स्कोर करने के बावजूद जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी राउंड में एक अंक कटने के बावजूद जीत पक्की कर ली। इस जीत से सचिन राष्ट्रमंडल खेलों में पदक से सिर्फ एक जीत दूर हैं। अब उनका अगला मुकाबला क्वार्टर फाइनल में बोत्सवाना के ट्रेजर मोरेमी से होगा। मोरेमी ने अंतिम 16 के मुकाबले में लेसोथो के टोका लिटाबे को खंडित फैसले में 3-2 से हराया। अंकुश ने प्री क्वार्टर फाइनल में एकतरफा मुकाबले में एंटीगा एवं बारबुडा के यान जेलान को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। हरियाणा के इस 20 वर्षीय मुक्केबाज को भी पदक पक्का करने के लिए सिर्फ एक और जीत की दरकार है।

ऋषिकांत और मुथुपांडी ने हासिल किये रजत पदक

ग्लास्गो। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय भारोत्तोलन में अपनी बादशाहत एक बार फिर साबित कर दी तो वहीं, ऋषिकांत सिंह और राजा मुथुपांडी अपने अपने भार वर्गों ने ऐतिहासिक रजत पदक जीतकर भारत के लिए दिन को यादगार बनाया। पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में +षिकांत सिंह चोट के बावजूद रजत पदक जीतने में सफल रहे। घुटने की चोट के कारण वह स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सके। मणिपुर के 28 वर्षीय भारोत्तोलक ने स्नैच में 121 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड की बराबरी की और क्लीन एवं जर्क से पहले शीर्ष स्थान पर थे। वह हालांकि क्लीन एंड जर्क में 143 किलोग्राम ही उठा सके। अंतिम दो प्रयास असफल रहने से उनका कुल वजन 264 किलोग्राम रहा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मलेशिया के मोहम्मद अनीक कसदान ने क्लीन एवं जर्क में 152 किलोग्राम का इन खेलों का नया रिकॉर्ड बनाते हुए कुल 273 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि केन्या के जोशुआ अमुंगा म्बोया 260 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक विजेता रहे। ऋषिकांत ने बताया कि प्रतियोगिता से एक सप्ताह पहले लगी घुटने की चोट क्लीन एवं जर्क के दौरान फिर उभर आई, जिससे भारी वजन उठाने की उनकी क्षमता प्रभावित हुई। मैं यहां स्वर्ण पदक जीतने आया था। स्नैच के बाद मैं पहले स्थान पर था, लेकिन घुटने में परेशानी हो गई। मैं वजन को क्लीन तो कर पाया, लेकिन उसे ऊपर नहीं धकेल सका क्योंकि एक जांघ ठीक से काम नहीं कर रही थी। मैंने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। ऋषिकांत ने इसके बावजूद इतिहास रचते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले मणिपुर के पहले पुरुष भारोत्तोलक बनने का गौरव हासिल किया। वह खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले राज्य के पहले पुरुष खिलाड़ी भी हैं। राजा मुथुपांडी ने अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए रात के सत्र में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। मुथुपांडी ने स्नैच में 126 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 160 किग्रा वजन उठाया, जिससे उनका कुल भार 286 किग्रा रहा। मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन ने राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड के साथ कुल 299 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 282 किग्रा के कुल भार के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारोत्तोलकों के दबदबे से भारत की पदक संख्या बढ़कर चार (एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) हो गई। पदक तालिका में भारत आठवें स्थान पर है, जबकि 14 स्वर्ण, आठ रजत और 11 कांस्य सहित कुल 33 पदकों के साथ ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में मीराबाई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 190 किलोग्राम (स्नैच में 85 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 105 किग्रा) वजन उठाया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों के कई रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। यह मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला स्वर्ण पदक और कुल तीसरा पदक है। इससे पहले शुक्रवार को पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने पुरुषों के हेवीवेट वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। मणिपुर की 31 वर्षीय दिग्गज भारोत्तोलक ने स्नैच और क्लीन एवं जर्क, दोनों में पहला प्रयास असफल रहने के बावजूद शानदार वापसी की और 22 किलोग्राम के बड़े अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नाइजीरिया की रूथ असुक्वो न्योंग 168 किलोग्राम के साथ रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक सुनिश्चित करने और एशियाई खेलों में दो महीने से भी कम समय शेष होने के कारण मीराबाई ने क्लीन एवं जर्क का अपना अंतिम प्रयास नहीं किया। इससे पहले जदुमणि सिंह ने पाकिस्तान के सुमामा रहमान को एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी जबकि एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार ने भी आसानी से जीत दर्ज कर राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में रविवार को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

श्रीशंकर, सत्यनाथन ने राष्ट्रमंडल खेलों की लंबी कूद स्पर्धा के फाइनल में जगह बनायी

ग्लास्गो। भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने सोमवार को यहां क्वालीफाइंग स्तर पार करके राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बनाई जबकि लोकेश सत्यनाथन भी शीर्ष 12 में जगह बनाकर आगे बढ़ने में सफल रहे।

श्रीशंकर ने ग्रुप ए में अपने पहले ही प्रयास में 8.01 मीटर की दूरी तय करके सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.38 मीटर है। फाइनल के लिए क्वालीफाइंग स्तर आठ मीटर या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कम से कम 12 खिलाड़ी थे। सत्ताइस साल के श्रीशंकर ग्रुप ए से सीधे क्वालीफाई करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे। इस ग्रुप से पांच अन्य खिलाड़ियों ने शीर्ष 12 में जगह बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। वर्ष 2022 में खेलों के पिछले सत्र में जीते रजत पदक को बेहतर करने की उम्मीद के साथ उतरे श्रीशंकर ने कहा कि हालात मुश्किल थे। श्रीशंकर ने पीटीआई से कहा, क्वालीफिकेशन काफी अच्छा रहा, सभी के लिए हालात मुश्किल थे।

ठंड थी और हवा चल रही थी और बीच-बीच में बारिश भी हो रही थी लेकिन मैंने पहले ही प्रयास में क्वालीफिकेशन स्तर हासिल कर लिया इसलिए फाइनल के लिए बहुत उत्साहित हूं। अप्रैल 2024 में घुटने की चोट से उबरने के बाद वह वापसी की राह पर हैं। उनका पटेला टेंडन फट गया था और यह चोट उनके करियर के लिए खतरा बन गई थी। उनकी सर्जरी भी हुई थी। इस चोट की वजह से वह पेरिस ओलंपिक से चूक गए थे। उन्होंने पिछले महीने ही भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। ग्रुप बी में चुनौती पेश कर रहे सत्यनाथन ने अपने पहले ही प्रयास में 7.77 मीटर की दूरी तय की। वह ग्रुप बी में रेगन कोरिन (7.84 मीटर) के बाद चौथे स्थान पर रहे। जमैका के तेजाय गेल (8.10 मीटर) और उरोय रेयान (8.04 मीटर) ने ग्रुप बी से सीधे फाइनल में जगह बनाई। फाइनल 29 जुलाई को होगा।

सीआरपीएफ ने देश को हमेशा ऊपर रखा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस पर बल के जवानों को बधाई दी और कहा कि आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने से लेकर मुश्किल हालात में नागरिकों की सेवा करने तक, इस बल के जवानों ने हमेशा देश को सबसे ऊपर रखा है।

मोदी ने कहा कि माओवाद के खतरे को खत्म करने में सीआरपीएफ के जवानों की कोशिशें विशेष तौर पर काबिले-तारीफ हैं और इनसे कई लोगों की जिंदगी में शांति और तरक्की आई है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सीआरपीएफ के सभी जवानों को उनके स्थापना दिवस पर बधाई। सीआरपीएफ ने अपनी अटूट हिम्मत और कर्तव्य के प्रति समर्पण से अपनी अलग पहचान बनाई है। आंतरिक सुरक्षा की रक्षा करने से लेकर मुश्किल हालात में नागरिकों की सेवा करने तक, सीआरपीएफ के जवानों ने हमेशा देश को सबसे ऊपर रखा है। सीआरपीएफ

देश का प्रमुख केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल है, जिसकी जिम्मेदारी आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की है। इसे मूल रूप से 27 जुलाई, 1939 को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्स पुलिस के तौर पर स्थापित किया गया था। सीआरपीएफ अधिनियम लागू होने के बाद, 28 दिसंबर, 1949 को इस बल को इसका मौजूदा नाम मिला। यह दुनिया का सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक बल है, जो भारत में कानून प्रवर्तन से जुड़े कई तरह के कर्तव्यों का निर्वहन करता है।

देश की अपेक्षा पर खरा उतरे सीआरपीएफ के जवान

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि देश के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने स्थापना के बाद से भारत की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर चुनौती का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए गौरव के अनगिनत कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सीआरपीएफ के 3.25 लाख कर्मियों को बल के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए शाह ने एक्स पर कहा, चाहे नक्सलवाद का सफाया करना हो या

अटूट शौर्य के साथ भारत की शांति और प्रगति की रक्षा करनी हो, बल ने हमेशा देश की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम किया है। उन्होंने कहा, सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर बल के सभी कर्मियों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं... कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को मेरा सादर नमन। सीआरपीएफ की पहली बटालियन का गठन वर्ष 1939 में किया गया था।

नेशनल हेराल्ड मामला: सोनिया और राहुल को ईडी की याचिका पर जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का समय

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य लोगों के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सोमवार को संबंधित पक्षों को जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया।

न्यायमूर्ति मनोज जैन ने कहा कि अदालत इस मामले की सुनवाई 10 सितंबर को करेगी। न्यायमूर्ति जैन ने कहा कि हम आज (सोमवार को) इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकते। पहले से निर्धारित दो अन्य मामलों पर भी आज सुनवाई होनी है। अदालत की वाद सूची में मामलों की संख्या बहुत अधिक हैं। प्रतिवादी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने ईडी की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मामले में निचली अदालत का फैसला पूरी तरह गलत है और उच्च न्यायालय द्वारा दो महीने पहले समय दिए जाने के बावजूद प्रतिवादियों ने अब तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया है। सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी, यह केवल कानून से जुड़ा सवाल है। जवाब दाखिल करने के लिए दो महीने पहले समय दिया गया था। मैं जवाब दाखिल करने का विरोध नहीं कर सकता। यह पूरी तरह से कानून का सवाल है। अदालत ने आदेश दिया, दलीलों के लिए मामले को 10 सितंबर को सूचीबद्ध किया जाए। अगर जवाब दाखिल नहीं किया गया है, तो उसे तीन हफ्तों के भीतर दाखिल किया जाए। उच्च न्यायालय ने 22 दिसंबर 2025 को मुख्य याचिका के साथ-साथ निचली अदालत के 16 दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली ईडी की अर्जी पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य लोगों को नोटिस जारी किये थे। निचली अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि इस मामले में एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह किसी प्राथमिकी पर आधारित नहीं है।

संक्षेप

300 से अधिक भूमि आवंटन रद्द करने का आरोप

जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने सोमवार को आरोप लगाया कि राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार के समय आवंटित 300 से जूयादा भूखंडों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बदले की भावना में यह कार्वाई की है। गहलोत ने एक बयान में कहा, हमारी कांग्रेस सरकार के समय विभिन्न विभागों में समाजों, संस्थाओं एवं जनकल्याणकारी प्रयोजनों हेतु किए गए 300 से अधिक भूमि आवंटन भाजपा सरकार ने रद्द कर दिए हैं। इनमें से अधिकांश संस्थाओं द्वारा अमानत राशि जमा कराने के बावजूद आवंटन निरस्त कर दिए गए। उन्होंने कहा कि ये आवंटन किसी पार्टी के नहीं बल्कि गांव-ढाणी से पढ़ने आने वाले बच्चों के छात्रावास, सामाजिक संस्थाओं एवं जनसुविधाओं के लिए थे। गहलोत ने कहा कि इन्हें रद्द करना समाजों का अपमान एवं युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात है। इससे समाजों में भयंकर आक्रोश है। परन्तु विडंबना देखिए, इसी सरकार के पास भाजपा के नए प्रदेश मुख्यालय एवं जिला कार्यालयों के लिए जमीनों की कोई कमी नहीं है। वहां आवंटन की फाइलें दिन-रात दौड़ रही हैं।

सेना ने दिखायी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में युद्धक क्षमता

द्रास। कारगिल विजय दिवस समारोह के तहत भारतीय सेना ने लद्दाख के द्रास सेक्टर में एक प्रत्यक्ष परिचालन प्रदर्शन और प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी परिचालन तैयारियों, तकनीकी नवाचार और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में युद्धक क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

इसके तहत सेना की छोटी टीम अवधारणा और ड्रोन एवं रिमोटली पायलेटिड एरियल सिस्टम (आरपीएएस) के इस्तेमाल को प्रदर्शित किया गया। इसमें चुनौतीपूर्ण पर्वतीय इलाकों में युद्ध अभियानों के दौरान उन्नत तकनीकों के एकीकरण को रेखांकित किया गया। फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने एक्स पर कहा, सत्ताईसवें कारगिल विजय दिवस समारोह के तहत भारतीय सेना ने मतायेन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए परिचालन क्षमता प्रदर्शन और स्थिर प्रदर्शनी आयोजित की जिसमें उसकी युद्धक तैयारी, तकनीकी नवाचार और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में परिचालन

क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया। मतायेन में आयोजित परिचालन क्षमता प्रदर्शन और प्रदर्शनी में भारतीय सेना के अत्याधुनिक गतिशीलता और निगरानी उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। इनमें विशेष आवाजाही वाहन, दुर्गम इलाकों में चलने वाले वाहन, हर तरह के भू-भाग पर चलने वाला वाहन (चेतक), टोही वाहन, त्वरित प्रतिक्रिया लड़ाकू वाहन तथा कई उन्नत ड्रोन और रिमोटली पायलेटिड एरियल सिस्टम शामिल थे। सेना के जवानों ने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को जानकारी दी और उन्हें आधुनिक हथियार प्रणालियों, निगरानी उपकरणों तथा स्वदेशी सैन्य तकनीकों से अवगत कराया। जिन्हें ऊंचाई वाले क्षेत्रों में परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए विकसित किया गया है।

दिल्ली पुलिस ने आपत्तिजनक भाषा वाले पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया अकाउंट को नोटिस भेजे

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के जंतर मंतर पर हुए हालिया प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अपमानजनक भाषा वाले या अवैध पोस्ट डिलीट करने के लिए सोशल मीडिया अकाउंट को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह कार्रवाई विरोध प्रदर्शन के दौरान और उसके बाद अपलोड की गई सामग्री की समीक्षा के बाद की गई है। पुलिस कानून के संभावित उल्लंघन और लोक व्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर सोशल मीडिया मंचों पर डाले गए पोस्ट, वीडियो और टिप्पणियों की जांच कर रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को हटाना एक सतत प्रक्रिया है। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विरोध प्रदर्शन की निगरानी के दौरान, दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर पाकिस्तान से जुड़े 480 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट की पहचान की, जो सक्रिय रूप से प्रदर्शनों से संबंधित फर्जी विमर्श, अफवाहें और डीपफेक वीडियो प्रसारित कर रहे थे। पाकिस्तान से संबंधित यही अकाउंट ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भी सक्रिय थे। टीमें पाकिस्तान से संबंधित अकाउंट के आईपी एड्रेस की भी जांच कर रही हैं। पुलिस के अनुसार, समर्पित टीमें उन अकाउंट की पहचान कर रही हैं, जिन्होंने अपमानजनक भाषा, गलत सूचना या ऐसी सामग्री अपलोड की है जो प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत उल्लंघन की श्रेणी में आ सकती है। हमारी टीमें हर एक वीडियो की ठीक से निगरानी कर रही हैं।

आरबीआई की रियायती अदला-बदली सुविधा से मिल सकता है 85 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह

नयी दिल्ली। विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रियायती अदला-बदली सुविधा योजना के तहत भारत में 80 से 85 अरब डॉलर तक का निवेश आ सकता है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट इकोरैप के मुताबिक, 17 जुलाई तक इस योजना के तहत आए कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा का योगदान 17.40 अरब डॉलर रहा। वहीं, विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) से 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) से 1.34 अरब डॉलर आए। रिपोर्ट के अनुसार, 17 जुलाई तक करीब 20 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह आरबीआई के आंकड़ों में दर्ज हुआ है। यह मुख्य रूप से 17.4 अरब डॉलर के मजबूत एफसीएनआर (बी) जमा के कारण सकारात्मक राहत है। हमारा अनुमान है कि इस योजना के तहत कुल 65-70 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा प्राप्त होंगे। इसके अलावा ओएफसीबी और ईसीबी को शामिल करने पर यह राशि 80-85 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि 17 जुलाई तक 17.4 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा जुटाया जा चुका है। इस प्रवाह को बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और विदेशी पूंजी के प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को अदला-बदली यानी स्वैप सुविधा शुरू की थी।

एलिमेंट ताइक्वांडो अकादमी बनी ओवरऑल चैंपियन, 35 स्वर्ण सहित 93 पदकों पर कब्जा

लखनऊ। एलिमेंट ताइक्वांडो अकादमी ने प्रथम लखनऊ जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 35 स्वर्ण, 18 रजत व 40 कांस्य सहित कुल 93 पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो के तत्वावधान में लखनऊ ताइक्वांडो की देखरेख में एलीट ताइक्वांडो अकादमी द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में एलीट ताइक्वांडो अकादमी 33 स्वर्ण, 15 रजत व 38 कांस्य सहित कुल 86 पदक

के साथ उपविजेता रही। वहीं डैजलिंग फ्यूचर फाइटर्स को 15 स्वर्ण, 10 रजत व 22 कांस्य सहित कुल 47 पदक के साथ तीसरा स्थान मिला। चैंपियनशिप के समापन समारोह में स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करते हुए राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो खिलाड़ियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करता है। निरंतर अभ्यास और समर्पण से ही खिलाड़ी बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो के सचिव डॉ. रजत आदित्य दीक्षित ने पदक विजेताओं को हार्दिक बधाई दी।

इंटरटेनमेंट...

पंकज त्रिपाठी को आर्टिस्ट ऑफ डिस्टिंक्शन पुरस्कार

नयी दिल्ली। अभिनेता पंकज त्रिपाठी को भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएम), मेलबर्न में आर्टिस्ट ऑफ डिस्टिंक्शन (प्रतिष्ठित कलाकार) पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह सम्मान भारतीय सिनेमा में अभिनेता के असाधारण योगदान और देश के सबसे सम्मानित कलाकारों में से एक के रूप में उनकी उल्लेखनीय यात्रा को देखते हुए दिया जाएगा।

यह पहली बार होगा जब राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता इस फिल्म महोत्सव में शामिल होंगे और ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में यह सम्मान प्राप्त करेंगे। गैंग्स ऑफ वासेपुर, न्यूटन और स्त्री जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले पंकज त्रिपाठी ने कहा कि यह पुरस्कार मिलना उनके लिए वास्तव में खास और बेहद मायने रखने वाला है। उन्होंने एक बयान में कहा, भारतीय फिल्म महोत्सव, मेलबर्न में जल्द ही आर्टिस्ट ऑफ डिस्टिंक्शन सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण है। एक अभिनेता के तौर पर मेरा हमेशा यह विश्वास रहा है

कि कहानियों में सीमाओं को पार करने, दिलों को जोड़ने और भाषा या भौगोलिक दूरी की परवाह किए बिना लोगों को करीब लाने की असाधारण शक्ति होती है। उन्होंने कहा, आईएफएफएम जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर मेरी यात्रा को पहचान मिलना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मेरे करियर की हर उपलब्धि फिल्म निर्माताओं, लेखकों, निर्देशकों, सह-कलाकारों, तकनीशियनों और सबसे बढ़कर दर्शकों के विश्वास और सहयोग से संभव हो पाई है, जिन्होंने मेरे काम को इतना प्यार और अपनापन दिया। यह सम्मान जितना मेरा है, उतना ही उन सभी लोगों का भी है। उन्होंने कहा, बिहार के एक छोटे से गांव से आने वाले मेरे जैसे व्यक्ति ने कभी कल्पना नहीं की थी कि जिन कहानियों का मैं हिस्सा बनूंगा, वे एक दिन पूरी दुनिया तक पहुंचेंगी और इस तरह सराही जाएंगी। आईएफएफएम की निदेशक मितु बोमिक लांगे ने त्रिपाठी को इस पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, वह ऐसे कलाकार हैं, जिनका अभिनय भाषा, भूगोल और संस्कृति की सीमाओं से परे जाता है। हर किरदार में वास्तविकता, सहानुभूति और शांत प्रभावशाली शक्ति लाने की उनकी असाधारण क्षमता ने उन्हें आज भारतीय सिनेमा की सबसे सम्मानित आवाजों में से एक बना दिया है। भारतीय फिल्म महोत्सव, मेलबर्न में पंकज त्रिपाठी को आर्टिस्ट ऑफ डिस्टिंक्शन पुरस्कार से सम्मानित करना हमारे लिए बेहद गर्व और सौभाग्य की बात है।

मंदाकिनी ने साझा की 1988 के गाने जूली-जूली की क्लिप

नयी दिल्ली। अभिनेत्री मंदाकिनी ने फिल्म जीते हैं शान से के अपने गाने जूली जूली की एक क्लिप साझा कर पुरानी यादों को ताजा किया। इस फिल्म का निर्देशन कंवल शर्मा ने किया था और यह 1988 में रिलीज हुई थी। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, संजय

दत्त और गोविंदा समेत कई अन्य कलाकारों ने भी अभिनय किया था। फिल्म में जूली की भूमिका निभाने वाली मंदाकिनी ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस गाने की एक क्लिप साझा की, जिसमें वह चक्रवर्ती के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कुछ गाने कभी पुराने नहीं होते, जूली जूली एक बार फिर लोगों का दिल जीत रहा है। कौन-कौन इसे बार-बार सुन रहा है? इस गाने का संगीत अनु मलिक ने तैयार किया था।

क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' ऑनलाइन लीक



लास एंजिलिस। हॉलीवुड स्टूडियो यूनिवर्सल पिक्चर्स ने निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी के ऑनलाइन लीक होने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी सामग्री और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा के लिए सभी उचित कानूनी कार्वाई की जाएगी।

यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज हुई थी। मनोरंजन समाचार वेबसाइट हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म का लीक संस्करण शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया गया, जिसे 50,000 से अधिक बार देखा गया। बाद में इसे हटाया गया। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने एक बयान में कहा, फिल्म के अनधिकृत रूप से साझा किए जाने की जानकारी मिलते ही हमने उसे हटाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी।

रोमांचक मोड़ पर खत्म होगा रामायण का पहला भाग

नयी दिल्ली। फिल्मकार नितेश तिवारी ने कहा कि रामायण ऐसी कहानी है, जिसे दो भागों में बताया जाना चाहिए और इसका पहला भाग एक रोमांचक मोड़ पर खत्म होगा। तिवारी आगामी पौराणिक कथा पर आधारित फिल्म के प्रचार के लिए अभिनेता रणबीर कपूर और यश के साथ सैन डिएगो कॉमिक कॉन में शामिल हुए थे। फिल्मकार नितेश तिवारी ने 23 जुलाई को सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में आयोजित पैनल चर्चा में अभिनेता रणबीर कपूर, यश और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ हिस्सा लिया। तिवारी ने पैनल के बाद आईजीएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम फिल्म के पहले भाग को एक रोमांचक मोड़ पर खत्म करेंगे। ऐसा कुछ, जो दर्शकों को सिनेमाघर से

निकलने के बाद दूसरे भाग को देखने के लिए प्रेरित करेगा। फिल्म दंगल के निर्देशक तिवारी ने कहा, यह ऐसी कहानी है, जिसे दो भागों में बताया जाना चाहिए। इसे एक भाग में नहीं बताया जा सकता। हमने तय किया कि पहला भाग खत्म करने के लिए यह सबसे उपयुक्त स्थान होगा और यहीं से दूसरे भाग की कहानी को आगे बढ़ाया जा सकता है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। अभिनेत्री साई पल्लवी सीता की भूमिका निभा रही हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com